


दैनिक **अर्थ प्रकाश**
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 02 जुलाई, 2025 | अषाढ़ शुक्ल पक्ष: सप्तमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 181 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12




## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. राजीव बिंदल तीसरी बार हिमाचल बीजेपी के अध्यक्ष बने



**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल को मंगलवार को लगातार तीसरी बार इस पद के लिए निर्विरोध चुना गया। सोमवार को केवल उन्होंने ही इस पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को उनकी निर्विरोध जीत की घोषणा की। राजीव बिंदल 2002 से 2022 तक पांच बार विधायक रहे। उन्होंने सोलन से तीन बार और नहन से दो बार विधानसभा चुनाव जीते। वे 2007 से 2012 तक प्रेम कुमार धूमल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। 10 जनवरी 2018 को वे सर्वसम्मति से 13वीं विधानसभा के स्पीकर चुने गए और जनवरी 2020 तक इस पद पर रहे। इससे पहले भी वे कुछ समय के लिए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके थे और अप्रैल 2023 में उन्हें फिर से यह जिम्मेदारी दी गई। सोमवार को राष्ट्रीय परिषद के आठ सदस्यों के लिए भी नामांकन दाखिल किए गए। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर और पार्टी के महासचिव बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, पवन काजल, रश्मि धर सूद, पायल वैद्य, राजीव सैजल और संजीव कटवाल को राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चुना गया।

### बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड सीनियर आईपीएस बहाल

**बेंगलुरु (अप्रस)।** बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस विकास कुमार को मंगलवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) ने बहाल कर दिया। कैट ट्रिब्यूनल ने कहा कि हादसे के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जिम्मेदार है। कैट ने कहा कि पुलिस भगवान या कोई जादूगर नहीं है। पुलिस को व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता तो उससे भारी भीड़ को नियंत्रित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आरसीबी ने विक्ट्री परेड से पहले पुलिस से परमिशन नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी पोस्ट की, जिसके चलते भीड़ इकट्ठा हो गई। 5 लाख लोगों की भीड़ इकट्ठा करने के लिए फ्रेंचाइजी ही जिम्मेदार है। गौरतलब है कि आईपीएम ट्रॉफी जीतने के बाद आरसीबी ने 4 जून को विक्ट्री परेड निकाली थी। इस दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, इसमें 11 लोगों की जान गई थी और 75 लोग घायल हो गए थे। इस केस में आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को सस्पेंड किया गया था।

केंद्रीय कैबिनेट के अहम फैसले

# दो साल में 3.5 करोड़ नौकरियां, नई खेल नीति मंजूर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, खेल से जुड़ी खेलो भारत नीति, रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अलावा तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे को चार लेन का बनाने के लिए मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी। योजना का लक्ष्य 2 वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसका कुल बजट: 99,446 करोड़ रुपये है। वहीं केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी। यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना है। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 की जगह लेती है, साथ ही भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है।



### तमिनाडु में परमाकुडी-रामनाथपुरम खंड के 4-लेन निर्माण को मंजूरी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु में परमाकुडी-रामनाथपुरम खंड के 4-लेन निर्माण को मंजूरी दी है। खंड की कुल लंबाई 46.7 चरूहै और परियोजना लागत 1,853 करोड़ रु है। दक्षिणी तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स नोड्स को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। मौजूदा समय में, मदुरै, परमकुडी, रामनाथपुरम, मंडपम, रामेश्वरम और धनुषकोडी के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 87 (एनएच-87) और संबंधित राज्य राजमार्गों पर निर्भर है।



### एक लाख करोड़ रुपए कोष वाली आरडीआई योजना मंजूर

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये के कोष के साथ शोध विकास एवं नवाचार (आरडीआई) योजना को मंगलवार को मंजूरी दे दी । सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि देश के शोध एंव नवाचार तंत्र को मजबूत करने के लिए यह एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने बताया कि नवाचार को आगे बढ़ाने और शोध प्रकिया के व्यवसायीकरण में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए आरडीआई योजना काफी महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य शोध, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर दीर्घकालिक वित्तपोषण करना है। इस योजना को निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह नवाचार को सुविधाजनक बनाने, प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए है। उन्होंने कहा कि योजना में निजी क्षेत्र को उभरते क्षेत्रों और आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का शासी बोर्ड आरडीआई योजना को व्यापक रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। एएनआरएफ की कार्यकारी परिषद (ईसी) योजना के दिशा-निर्देशों को मंजूरी देगी और दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों तथा उभरते क्षेत्रों में परियोजनाओं के दायरे और प्रकार की सिफारिश करेगी। कैबिनेट सचिव के नेतृत्व में सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) योजना के कामकाज की समीक्षा करने के अलावा योजना में बदलाव, क्षेत्रों और परियोजनाओं के प्रकार के साथ-साथ दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों को मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) आरडीआई योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में काम करेगा। दीर्घकालिक, किफायती वित्तपोषण के लिए निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए, आरडीआई योजना आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है, जिससे देश के लिए एक अनुकूल नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की सुविधा मिलती है क्योंकि यह 2047 में विकसित भारत की ओर अग्रसर है।

पहाड़ों पर कहर बनकर बरस रही बारिश, कई घर तबाह

# हिमाचल में लैंडस्लाइड से 9 लोगों की मौत, उत्तराखंड के पौड़ी में पहाड़ टूटा

अर्थ प्रकाश/ सुभाग सचदेवा

**शिमला/गोहर/देहरादून 1 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3 दिन से तेज बारिश ने जमकर तबाही मचा रखी है। हिमाचल में गत रात्रि हुई भारी बरसात में 2022 के उन जख्मों को फिर से हरा कर दिया है जब एक ही परिवार के सात लोग भारी बरसात के कारण हुए भूस्खलन से मकान धंसने से सोए सोए ही अपना जीवन गवा बैठे थे। गत रात्रि हुई भयंकर बरसात में उन जख्मों को फिर से कुरेद दिया है। 30 जून की रात उससे भी बड़ी त्रासदी उपमंडल गोहर में देखने को मिली। जब उप मंडल गोहर की ग्राम पंचायत स्यांज के पंगल्यूर गांव में रात को बादल फटने से दो मकान बह गए जिसमें रह रहे 2 मासूमों सहित 9 लोग काल का ग्रास बन गए जिन्हें सुबह का सूरज देखना भी नसीब ना हुआ। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड के पौड़ी में लैंडस्लाइड हुआ, जिससे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर आ गया है। जिससे सड़कें जाम हो गई।



जहां कल तक घर थे आज वहां सिर्फ तबाही का है मंजर।



तेज बारिश के बाद आई बाढ़ में कई गाड़ियां मलबे में दब गईं।

### पर्यटक नदियों-पहाड़ों के पास ने जाएं: सीएम सुक्खू

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने कहा कि पर्यटकों से अनुरोध है कि नदियों, नालों या ऊंचे पहाड़ों के पास जाने से बचें। शहरी इलाकों में उन्हें कोई खतरा नहीं है। राज्य के भीतरी इलाकों में लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में उन इलाकों जाने से बचें।

### 6 से 7 दिनों तक भारी बारिश की संभावना: मौसम विभाग

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अगले छह से सात दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस अवधि में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा। आईएमडी ने मध्यप्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

### घटनास्थल पर हर तबाही का मंजर, घरों का कोई नामोनिशान नहीं बचा

जानकारी के अनुसार, झाबे राम और पदम सिंह के परिवारों के मकान भूस्खलन की चपेट में आ गए। झाबे राम के परिवार के सात सदस्य, है दो परिवारों के नौ सदस्य बह गए जिनकी पुष्टि ऑफिस कानून को कृष्ण कुमार ने की जिनकी पहचान पदम सिंह(75) पुत्र देवी सिंह गांव बागा देवकू देवी(70 )पत्नी पदम सिंह गांव बागा झाबे राम (50) पुत्र गोकुलचंद पंगल्यूर पार्वती देवी (47)पत्नी झाबे राम पंगल्यूर सुरमी देवी(70) पत्नी स्वर्गीय गोकुलचंद इंद्र देव (29) पुत्र झाबे राम उमा वती (27) पत्नी इंद्रदेव कनिका (9) पुत्री इंद्रदेव गौतम (7) पुत्र इंद्रदेव के रूप में हुई है। प्रशासन बचाव कार्य के लिए मौके पर रवाना हो चुके हैं मगर भारी बरसात की वजह से सड़के और रास्ते बहुत खस्ताहाल हो चुके है जिससे बचाव कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटनास्थल पर हर तबाही का मंजर बना हुआ है घरों का कोई नामोनिशान शेष नहीं बचा है। आफिस कानूनगो गोहर कृष्ण कुमार ने बताया प्रशासन की ओर से राहत व बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफ टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हालात और भी गंभीर बने हुए हैं, जिससे राहत कार्यों में बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां भू-संवेदनशीलता अधिक है।

अमेरिका में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लेने का भारत को पूरा हक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। भारत इस अधिकार का इस्तेमाल करता रहेगा। वे वॉशिंगटन डीसी में मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंक फैलाने वालों को कभी एक जैसा नहीं देखा जाना चाहिए। दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। इससे पहले जयशंकर ने मंगलवार को ही अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के सीईओ देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू में कहा था- भारत-पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिका के साथ व्यापार का कोई संबंध नहीं है।

इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था- हमले का जवाब दिया जाएगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि अगली सुबह (10 मई) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क किया और कहा- पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेट की थी।




# रेसलर विनेश फोगाट मां बनीं, बेटे को दिया जन्म

- साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी शादी
- मां और बच्चा दोनों स्वस्थ्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जींद। हरियाणा की रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश को सोमवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। फिलहाल, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश की शादी 7 साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी।

गौरतलब है कि विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए की थी। उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, 'ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)।' पोस्ट में उन्होंने बच्चे के पैरों के निशान और प्यार का प्रतीक भी शेयर किया था।

घोषणा | राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

# हरियाणा में 2029 तक एमबीबीएस की सीटें होंगी 3400: सीएम सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों को बेहतर संसाधन के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। वर्ष 2014 में जहां मेडिकल कॉलेजों की संख्या मात्र छह थी, वहीं आज यह बढ़कर 15 हो गई है और 9 नए कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके परिणामस्वरूप एमबीबीएस की सीटें 2014 में 700 से बढ?र अब 2,185 हो चुकी हैं। राज्य सरकार का वर्ष 2029 तक एमबीबीएस की सीटें 3400 से अधिक करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ में डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे सेवक हैं।



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समारोह में सीएम नायब सैनी को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर डॉक्टर को सही संसाधन मिले और हर नागरिक को बेहतर इलाज मिले। इसी दिशा में चिकित्सा प्रणाली को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश सरकार ने पीजी की सीटें 289 से बढ़ाकर 1043 की हैं। इनके अलावा पी.जी. डिप्लोमा की भी 155 सीटें हैं। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से अब तक 3,798 डॉक्टरों की भर्ती की गई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु भी 58 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार डॉक्टर्स-डे का थीम है, 'मास्क के पीछे देखभाल करने वालों की देखभाल'। यह थीम हमें प्रेरित करती है कि हम डॉक्टरों की केवल पेशेवर सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए भी सराहना करें। उनकी जरूरतों को समझें व उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में बंद था, उस समय डॉक्टरों ने पीपीई किट पहनकर, परिवार से रहते हुए मरीजों के साथ खड़े थे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बाबला, डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सचिव डॉ. आकाश गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में डॉक्टर और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पंजाब ने जून में 44.44 प्रतिशत व वित्तीय साल 2025-26 की पहली तिमाही में 27 प्रतिशत की रिकार्डतोड़ जीएसटी विकास दर हासिल: चीमा

**वित्त मंत्री ने शीर्ष करदाताओं को किया सम्मानित**

**पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों की बुरी कारगुज़ारी को किया उजागर**

**188 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा करने वाली इंनफोर्समैंट गतिविधियों का किया खुलासा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** पंजाब ने नये कीर्तिमान स्थापित करते हुये जून 2025 के लिए शुद्ध जीएसटी प्राप्ति में रिकार्ड तोड़ 44.44 प्रतिशत विस्तार और वित्तीय साल 2025-26 की पहली तिमाही के लिए 27.01 प्रतिशत का विस्तार दर्ज किया है, जो कि राज्य के इतिहास में किसी वित्तीय तिमाही के दौरान और जून महीने के लिए अब तक का दर्ज किया गया सबसे अधिक जी. एस. टी राजस्व विस्तार है। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने यह प्रगटावा राज्य के शीर्ष के पाँच टैक्सदाताओं को राज्य के आर्थिक विकास और राजस्व उत्पादन में उनके मिसाली योगदान के लिए सम्मानित करने के बाद एक प्रैस कान्फ्रेंस को संबोधन करते हुये किया। सम्मानित किये गए करदाताओं में अम्बूजा सीमेंट से आशु अग्निहोत्री, एच. पी. सी. एल- मित्तल एनर्जी लिमटिड ( एच. एम. ई. एल) से संजय मल्होत्रा, सैमसंग इंडिया प्राईवेट लिमटिड से चमन लाल शर्मा, टाटा स्टील से अंकुश शर्मा और दादा मोटरज़ से नितिन दादा शामिल हैं। वित्त मंत्री ने उनके योगदान की सराहना करते हुये समावेशी विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में ज़िम्मेदार टैक्सदाताओं की महत्ता पर ज़ोर दिया।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, जिनके साथ इस मौके पर सचिव टैक्सेशन अजीत बालाजी जोशी और आबकारी और कर कमिश्नर जतिन्दर जोरवाल भी हाजिर थे, ने बताया कि पंजाब ने जीएसटी विकास में राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ दिया है और सरहदी तनाव समेत राष्ट्रीय और भू-राजनैतिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद टैक्स जुटाने में अपने आप को सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों में मज़बूती से स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि जून 2025 के लिए शुद्ध जीएसटी प्राप्ति 2379.90 करोड़ रुपए रही, जो कि जून 2024 में प्राप्त हुए 1647. 69 करोड़ रुपए के मुकाबले 732. 21 करोड़ रुपए के शानदार राजस्व वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले अप्रैल में 15.35 प्रतिशत और मई में 24.59 प्रतिशत के प्रति महीना शुद्ध विकास रूझानों स्वरूप मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव के बावजूद वित्तीय साल 2025- 26 की पहली तिमाही के दौरान शुद्ध जीएसटी प्राप्तियाँ 6830.40 करोड़ रुपए तक पहुँच गई। उन्होंने कहा वित्तीय साल 2024- 25 की पहली तिमाही के दौरान प्राप्ति 5377.75 करोड़ रुपए के राजस्व स्वरूप दर्ज की गई 6.41 प्रतिशत विकास दर के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही के दौरान चार गुणा से अधिक विकास दर हासिल हुयी है।

वित्त मंत्री ने पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों पर भी तीखा हमला करते हुये टैक्स चोरी को रोकने और राज्य की वित्तीय सेहत को बेहतर बनाने में उनकी असफलता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने महीना- दर- महीना और साल- दर- साल निरंतर विकास को यकीनी बनाया है। उन्होंने वित्तीय साल 2022-23 में 16.25 प्रतिशत, वित्तीय साल 2023-24 में 15.51 प्रतिशत और वित्तीय साल 2024-25 में 12.84 प्रतिशत की जीएसटी संग्रह विकास दर का जिक्र किया, जिससे तीन सालों में कुल 62,733 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके उलट, वित्तीय साल 2018-19 से वित्तीय साल 2021-22 तक कांग्रेस के शासन के दौरान राज्य ने सिर्फ़ 55,146 करोड़ रुपए इकठ्ठा किये। इसी तरह, अकाली- भाजपा सरकार के दौरान राज्य में वित्तीय साल 2014-15 और वित्तीय साल 2015-16 के दौरान वेट और सी. एस. टी प्राप्ति में क्रमवार सिर्फ़ 4.57 प्रतिशत और 2.67 प्रतिशत विस्तार हुआ। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आप सरकार ने तीन सालों में ही कांग्रेस सरकार द्वारा अपने पूरे पाँच सालों में प्राप्त किये गए जी. एस. टी. राजस्व की अपेक्षा अधिक राजस्व प्राप्त कर लिया है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार राज्य के राजस्व के लिए भविष्य की कोई योजना बनाने की जगह 30,070 करोड़ रुपए के प्राप्त हुए जी. एस. टी मुआवज़े पर ही निर्भर रही। उन्होंने कहा कि इसके उलट आम आदमी पार्टी की सरकार ने टैक्स चोरी को घटाने और राज्य की वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए फील्ड इंफोर्समैंट, टारगेटड डाटा-आधारित निरीक्षण और कर पालना में सुधार लाने के लिए काम किया।

हालिया इंफोर्समैंट गतिविधियों के विवरणों का खुलासा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रीवेंटिव यूनिट (एस. आई. पी. यू) ने एक अकाउँटैंट द्वारा चलाए जा रहे जी. एस. टी धोखाधड़ी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है जिसकी तरफ से जाली बिलिंग और आई. टी. सी धोखाधड़ी के लिए 20 जाली फर्मे बनाई और चलाई जा रही थीं। प्राथमिक जांच में 866.67 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता चला है, जिससे 157.22 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी होने का अनुमान है। इसके इलावा, विभाग ने एक बड़े जीएसटी चोरी घोटाले का पर्दाफाश किया है जिसमें मैसर्ज माँ दुर्गा रोडलाईनज़, जोकि एक ट्रांसपोर्टर के तौर पर रजिस्टर्ड है, 168 करोड़ रुपए के जाली ई-वे बिल बनाने और असीमित सामान की ढुलाइ में शामिल पाया गया, जिसमें 30.66 करोड़ रुपए की कर देनदारी शामिल है।

### मजबूती से चल रहा पंजाब सरकार का वित्तीय प्रबंधन

मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राज्य को वित्तीय साल 2025- 26 में पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस का नेतृत्व वाली राज्य सरकारों द्वारा लिए गए और मौजूदा सरकार को विरासत में मिले कर्ज़े पर 25, 000 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान और 18, 200 करोड़ रुपए के मूल भुगतान करने हैं, जबकि भारत सरकार द्वारा 13,000 करोड़ रुपए की कटौती के बावजूद, 49,900 करोड़ रुपए उधार लेने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मौजूदा वित्तीय साल की दूसरी तिमाही में विरासत में मिले कर्ज़े के लिए 3500 करोड़ रुपए से अधिक के मुक्ति फर्जों को पूरा करने के लिए 8500 करोड़ रुपए उधार लेने की योजना बना रही है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यह कहते हुये समाप्ति की कि पंजाब का वित्तीय प्रबंधन मज़बूती से चल रहा है और राज्य सरकार अपनी कर्ज़ देनदारियों के प्रबंधन के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने हाल ही में गारंटी रीडैंपशन फंड ( जी. आर. एफ) और कंसोलीडेटिड सिंकिंग फंड (सी. एस. एफ) में 1000-1000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिससे कंसोलीडेटिड सिंकिंग फंड में अब 10,000 करोड़ रुपए से अधिक है, जोकि मौजूदा सरकार के सत्ता संभालने समय पर सिर्फ़ 3000 करोड़ रुपए था।

# शुरुआती चरण में 583 जानें बचाने वाले पंजाब के महत्वपूर्ण स्टैमी प्रोजैक्ट का हुआ राज्य स्तर तक विस्तार

**स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय डाक्टर दिवस के मौके पर इस अहम प्रोजेक्ट का किया राज्य स्तरीय विस्तार**

**डीएमसीएच लुधियाना के कार्डियालोजिस्ट डा. बिशव मोहन की टीम ने सरकारी अस्पतालों के 700 डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को दिया प्रशिक्षण**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** राष्ट्रीय डाक्टर दिवस के मौके पर पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा. बलबीर सिंह ने मंगलवार को पंजाब स्टैमी प्रोजैक्ट का प्रांतीय स्तर पर विस्तार करने के लिए उद्घाटन किया। इस प्रोजैक्ट के साथ 23 जिलों के सभी ज़िला और उप-मंडल अस्पतालों को दिल के दौरे की स्थिति के दौरान मरीज़ की जान बचाने के लिए तुरंत कलाट बस्टर ड्रग टैनैकटेपलेस देकर थरोमोलाईसिस इलाज देने के लिए समर्थ बनाया गया है। यह महत्वपूर्ण पहल, जिसको मिशन अमृत (एक्यूट मायओकारडियल रीपरफ्यूज़न इन टाईम) भी कहा जाता है, ऐस्टी - सैगमैंट ऐलीवेटिड मायओकारडियल इन्फार्कशन ( स्टैमी), जोकि दिल के दौरे की सबसे गंभीर किस्म है, का मकसद मरीजों को उसी समय तुरंत इलाज मुहैया करवाना है।

डा. बलबीर सिंह, जो स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव कुमार राहुल और दयानन्द मैडीकल कालेज और अस्पताल के कार्डियालोजी विभाग के प्रमुख डा. बिशव मोहन के साथ, यहाँ प्रोजैक्ट की शुरुआत करने पहुँचे थे, ने कहा कि टैनैकटेपलेस टीका, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रुपए है, इस प्रोजैक्ट के अंतर्गत मुफ्त उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह टीका दिल में खून के थक्कों को क्षय/क्षीण करने में मदद करता है।

पायलट प्रोजैक्ट के तौर पर सफल होने के बाद यह प्रोजैक्ट राज्य भर में शुरू किया जा रहा है, पहले यह सिर्फ़ दो जिलों लुधियाना और पटियाला में लागू किया गया था और बाद में नौ और जिलों में लागू कर दिया गया था। शुरुआती पड़ाव में लगभग 14,000 छाती में दर्द वाले मरीजों को दाख़िल किया गया और 1305 स्टैमी मरीजों की पहचान की गई, जिनमें से 583 मरीजों को ज़िला स्वास्थ्य सहूलतें और थरोमोबोलाईसिस का इलाज मुहैया करवा कर उनकी जान बचायी गई।

प्रोजैक्ट की अहमीयत और आवश्यक्ता पर बोलते हुए डा. बलबीर सिंह ने कहा कि आम तौर पर देखा गया है कि पंजाब में छाती के दर्द से पीड़ित मरीजों को काफ़ी देरी का सामना करना पड़ता है, अक्सर लक्षण शुरू होने से लगभग 2-3 घंटे बाद ही लोग मूलभूत डाक्टरी इलाज तक पहुँच करते हैं। बहुत से स्थानीय अस्पतालों और नर्सिंग होमों में स्टैमी के लिए तुरंत निदान और इलाज सामर्थ्य की कमी होती है, जिसके नतीजे के तौर पर मरीज़ को आगे ट्रांसफर करने में और देरी हो जाती है। जिस कारण अक्सर मरीज़ महत्वपूर्ण थैरप्यूटिक विंडो पीरियड या गोल्डन ऑवर के दौरान थरोमबोलाईसिस (खून प्रवाह को सुचारू करने वाली थैरेपी) से वंचित रह जाते हैं।

### स्टैमी क्या है?

एसटी-एलीवेशन मायोकार्डियल इन्फार्कशन (स्टैमी) एक किस्म का दिल का दौरा है जोकि बहुत ज्यादा गंभीर होता है और इसमें गंभीर पेचीदगियां और मौत का और ज्यादा जोखिम होता है। इन्फार्कशन मायोकार्डियम दिल की मांसपेशी में खून के प्रवाह में रुकावट डालता है। इस रुकावट के कारण दिल की मांसपेशी काम करना बंद कर देती है। इसलिए खून के प्रवाह को जल्द बहाल करने से स्थायी नुक्सान होने से बचाया जा सकता है या कम से कम नुक्सान की गंभीरता को कम किया जा सकता है। हब और सपोक माडल का प्रयोग करते हुये प्रोजैक्ट ज़िला स्वास्थ्य सहूलतों को समय पर निदान, टेली-ईसीजी आधारित कंसलटेशन और मुफ़्त थ्रोमबोलाईटिक थैरेपी के तुरंत प्रबंधन की सुविधा के लिए तीसरे दर्जे के देखभाल अस्पतालों के साथ जोड़ता है, जिसको बाद में उच्च-स्तरीय देखभाल के लिए ट्रांसफर किया जाता है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के चार महीनों में 19,880 नशा तस्कर गिरफ्तार

## 786 किलो हेरोइन व 11.5 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद

**पुलिस टीमों ने 301 किलो अफीम, 158 क्विंटल भुक्की, 28 लाख नशीली गोलियां भी जब्त कीं**

**122वें दिन 128 नशा तस्कर गिरफ्तार; 4.1 किलो हेरोइन और 1.25 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद**

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 76 व्यक्तियों को नशा छोडऩे के इलाज के लिए तैयार किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत नशों के खिलाफ चल रही निर्णायक मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को चार महीने पूरे हो गए हैं,पंजाब पुलिस ने 1 मार्च 2025 से अब तक 12,135 एफआईआर दर्ज की हैं और 19,880 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 786 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

यह ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा इस मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी बनाई गई है। विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला, जो इस कार्रवाई की निजी तौर पर निगरानी कर रहे हैं, ने बताया कि 786 किलो हेरोइन के अलावा पुलिस टीमों ने 301 किलो अफीम, 158 क्विंटल भुक्की, 11 किलो चरस, 300 किलो गांजा, 2.9 किलो आईसीई, 27.99 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल और 11.58 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी जब्त की है।

122वें दिन की कार्रवाई का ब्यौरा साझा करते हुए विशेष डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने 128 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 4.1 किलो हेरोइन, 3.5 किलो अफीम, 10 किलो भुक्की, 13,667 नशीली गोलियां और 1.25 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

ऑपरेशन का विवरण देते हुए विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 87 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 200 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में 418 स्थानों पर छापेमारी की। इसके दौरान राज्य में 92 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 428 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। विशेष डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और रोकथाम (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के तहत 76 व्यक्तियों को नशा छोडऩे और पुनर्वास के लिए इलाज करवाने के लिए तैयार किया है।

# जसवीर सिंह सेखों ने पंजाब राज्य खाद्य आयोग के मैंबर के तौर पर पद संभाला

**कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, अमन अरोड़ा, लाल चंद कटारूचक्क और बरिन्दर कुमार गोयल की हाजिरी में संभाला पद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (मैगसीपा) में स. जसवीर सिंह सेखों को औपचारिक तौर पर आज पंजाब राज्य खाद्य आयोग ( पीएसएफसी) का नया मैंबर लगाया गया। स. सेखों ने कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, अमन अरोड़ा, लाल चंद कटारूचक्क और बरिन्दर कुमार गोयल की मौजूदगी में यह पद संभाला। कैबिनेट मंत्रियों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल का स. जसवीर सिंह सेखों की योग्यताओं पर भरोसा करने के लिए उनका धन्यवाद किया और विश्वास प्रगटाया कि स. सेखों राज्य निवासियों के लिए पौष्टिक भोजन यकीनी बनाने, जैविक खेती को उत्साहित करने और साफ़ पीने वाला पानी मुहैया करवाने जैसी पहलकदमियों को और आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर स. सेखों ने कहा कि वह उनकी योग्यताओं में प्रगटाए गए विश्वास पर खरा उतरेंगे और यह यकीनी बनाएंगे कि ख़ाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के विभाग द्वारा शुरू की गई योजनाएँ समाज के सभी वर्गों, ख़ास कर कृषि क्षेत्र के साथ इससे सम्बन्धित निवासियों तक पहुंचाई जाएँ क्योंकि यह खरीद कार्यों का मुख्य हिस्सा हैं। इस मौके पर अन्यों के अलावा विधायक (अमरगढ़) जसवंत सिंह गज्जणमाजरा, पंजाब राज्य ख़ाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकन्द शर्मा और अतिरिक्त सचिव पनग्रेन कमल कुमार गर्ग भी मौजूद थे।

# एक लाख रुपए रिश्वत लेते डीएसपी का रीडर रंगेहाथों काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी चल रही मुहिम को जारी रखते हुए पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने सोमवार को बठिंडा जिले में डीएसपी भुच्चो के निजी सुरक्षा अधिकारी (पी.एस.ओ.) के तौर पर तैनात हवलदार राज कुमार को एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ़्तार किया। यहाँ यह जानकारी देते हुये राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि दोषी पुलिस अधिकारी को ज़िला बठिंडा की तहसील नथाना के गाँव कलयान सुक्खा के निवासी द्वारा दर्ज करवाई शिकायत के बाद गिरफ़्तार किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि कृषि वाली ज़मीन के विवाद के कारण विरोधी पक्ष ने उसके पति और उसके दोनों पुत्रों के विरुद्ध थाना नथाना में झूठा केस दर्ज करवाया था, जिसकी जांच डीएसपी भुच्चो की तरफ से जा रही है। इसके बाद राज कुमार, रीडर, ने उसके मोबाइल नंबर से दो फ़ोन किये और बताया कि उसने इस पुनः जांच करने के लिए डीएसपी के साथ बात की है और रिपोर्ट पर सिर्फ़ डीएसपी के हस्ताक्षर ही बाकी हैं। केस को रफा-दफ़ा करवाने के लिए, उसने 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। दोषी राज कुमार ने शिकायतकर्ता को कहा कि पहली किश्त के तौर पर तुरंत एक लाख रुपए दे जिससे वह अपना काम शुरू कर सके। शिकायतकर्ता ने यह बातचीत अपने मोबाइल फ़ोन पर रिकार्ड कर ली और इसको बतौर सबूत विजीलैंस ब्यूरो को सौंप दिया। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद बठिंडा रेंज की विजीलैंस ब्यूरो टीम ने हवलदार राज कुमार को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से रिश्वत के तौर पर एक लाख रुपए लेते समय काबू कर लिया।



### 13 हजार रुपए रिश्वत लेता ब्लॉक अधिकारी रंगे हाथों काबू



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनाई ज़ीरो सहनशीलता नीति के अंतर्गत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज ब्लॉक विकास और पंचायत दफ़्तर (बी. डी. पी. ओ.) अमृतसर में तैनात ब्लॉक अधिकारी जॉर्ज मसीह को 13000 रुपए रिश्वत लेते हुये गिरफ़्तार किया है। इस सम्बन्धी और जानकारी देते हुये राज्य विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम को गाँव बकरौर, ज़िला अमृतसर के एक निवासी की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया है कि वह साल 2024 में अपने गाँव से पंचायती चुनाव लडऩा चाहता था परन्तु ऐसा न कर सका, क्योंकि ब्लॉक अधिकारी अजनाला द्वारा उसको डिफालटर घोषित करने का नोटिस जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि उसने 4 कनाल की सरकारी ज़मीन के बकाए का भुगतान नहीं किया है और इस सम्बन्धी उसके ख़िलाफ़ एफ. आई. आर. दर्ज की जायेगी। शिकायत के अनुसार मुलजिम ने शिकायतकर्ता को कहा कि यदि वह अपना नाम डिफॉलटर सूची में से निकलवा कर राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाना चाहता है, तो उसको 13,000 रुपए रिश्वत देनी पड़ेगी।

# सरकार के वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति के लिए अभियान के तहत राज्य स्तरीय कैंप ज़िला फतेहगढ़ साहिब के गांव महादिया में आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 1 जुलाई।** भारत सरकार की 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति के लिए अभियान के तहत पंजाब का राज्य स्तरीय कैंप ज़िला फतेहगढ़ साहिब के गांव महादिया में लखबीर सिंह राय, विधायक - फतेहगढ़ साहिब की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। पंजाब नेशनल बैंक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति - पंजाब की और से उप महाप्रबंधक रामकिशोर मीना एवं नितिन सैनी द्वारा भाग लिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक 24 जून 2025 को आयोजित करके सभी बैंकों को आवश्यक जानकारी दी जा चुकी है। अग्रणी बैंक मैनेजर श्री मुकेश कुमार सैनी व श्रीमति सुमन सहोता-शाखा प्रबन्धक (DC Complex) ने कैंप का आयोजन किया। जिसमें महादिया ग्राम पंचायत व अन्य आसपास की पंचायतों के 300 से अधिक लोगों ने कैंप में भाग लिया।राज्य स्तर बैंकर्स समिति - पंजाब के उपमहाप्रबंधक आर के मीणा ने ग्रामीण लोगों को सरकार के इस अभियान के तहत् आने वाली योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व जनधन खातों में बारे में विस्तार से बताया। इस के साथ लोगो को साइबर अपराध व धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी। दिन प्रतिदिन बढ़ती इस घटनाओं से अपने आप को कैसे बचना है। अपने खाते, आधार कार्ड, पासवर्ड व एटीएम से संबंधित जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ सांझा नहीं करनी है। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमन कुकरेती ने कैंप में आए लोगों को मात्र 20 रुपए प्रति वर्ष की प्रीमियम पर 2 लाख के बीमा के लिए प्रेरित लिया। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जनसाधारण छोटे दुकानदारों व व्यवसाय करने वालों को पेंशन का लाभ लेने ले लिए पूर्ण जानकारी दी। विधायक लखबीर सिंह राय जी ने लोगों से आग्रह लिया कि वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाए। मात्र 20 रुपए में आप अपने परिवार को 2 लाख कर दुर्घटना बीमा सुरक्षा कवच दे सकते हो। 436 रुपए प्रति वर्ष के प्रीमियम देकर 2 लाख का जीवन बीमा ले सकते है। सरकार चाहती है। कि हर ग्रामीण व्यक्ति बीमित हो। परिवार के मुखिया की मृत्यु की दशा में, उसके परिवार को किसी के सामने हाथ ना फैलाना पड़े। कृषि व व्यवसाय के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ताकि कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल सकें। कैंप को संबोधित करते हुए, सुरिंदर सिंह धालीवाल (अतिरिक्त उपायुक्त-विकास) ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि किसी गांव का कोई भी घर व व्यक्ति बैंक के खाते की सुविधा से वंचित न रहे। इसके साथ साथ उसके पास सरकारी बीमा का सुरक्षा कवच जरूर हो। साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरुक होना आवश्यक बताया। बैंकिंग सेवाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरुक किया। अग्रणी बैंक मैनेजर ने बताया कि इस अभियान के तहत् अगले तीन महीनों में जिले की हर ग्राम पंचायत में बैंकों द्वारा कैंप को आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिले के हर बैंक को ग्राम पंचायत के नाम का आवंटन किया जा चुका है।

कार्यक्रम में महादिया गांव के सरपंच रणदीप सिंह ने अपनी पूरी पंचायत समिति के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। अंत में अग्रणी बैंक मैनेजर ने पंचायत समिति व गुरुद्वारा समिति का इस सामाजिक कार्यक्रम कराने में सहयोग के लिए धन्यवाद् किया।

# विधायक रंधावा ने लोहगढ़ में सीवरेज स्टॉर्म और सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया

## 1.72 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर वार्ड नंबर 18 लोहगढ़ में सीवरेज स्टॉर्म और सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया। यह पहल विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा जीरकपुर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने इस परियोजना को मंजूरी देने और इसके समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने इस परियोजना को साकार करने में उनके समर्थन और सहयोग के लिए नगर निगम साहिबानों और ब्लॉक अध्यक्षों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने निवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया और आश्वासन दिया कि सरकार जीरकपुर के गांवों के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। यह परियोजना अगले कुछ महीनों में पूरी होने की उम्मीद है और इन क्षेत्रों के विकास में एक प्रमुख मील का पत्थर होगी। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने कहा कि विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयास और प्रतिबद्धता सराहनीय है और यह परियोजना उनकी समर्पण भावना का प्रमाण है। इस अवसर पर पेप्सू के निदेशक श्री गुरप्रीत सिंह विर्क, आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष और वार्ड निवासी टीम सहित उपस्थित थे।

## विद्युत टैरिफ झटके से जनता बेहाल, प्रो. संपत सिंह ने आयोग में उठाई आवाज, कहा-

# उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा अनावश्यक बोझ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के दिनांक 28 मार्च 2025 के टैरिफ आदेश के खिलाफ एक समीक्षा याचिका दायर की है। इस याचिका को दायर करने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

प्रो. सिंह ने कहा कि टैरिफ आदेश के लागू होने के बाद जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में जब उपभोक्ताओं को बिजली बिल प्राप्त हुए, तो सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक झटका लगा। इस आदेश के खिलाफ उपभोक्ता प्रतिदिन विरोध जता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी टैरिफ में एक विसंगति यह है कि बिजली कंपनियां 7964.28 करोड़ यूनिट बिजली 3.12 रुपये प्रति यूनिट की दर से खरीद रही हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को यही बिजली 7.29 रुपये प्रति यूनिट की दर से बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त कुल खरीदी गई बिजली में से केवल 6916 करोड़ यूनिट उपभोक्ताओं को दी जा रही है, जबकि 22 प्रतिशत बिजली रास्ते में ही नुकसान में चली जाती है - जिसका अतिरिक्त बोझ भी उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है।

प्रो. सिंह ने उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय योजना) का हवाला देते हुए कहा कि 30 सितंबर 2015 को हरियाणा सरकार ने बिजली निगमों का 34,000 करोड़ रुपये का कर्ज अपने ऊपर लिया था, जिससे निगम कर्ज मुक्त हो गए थे। मार्च 2021 में सरकार ने यह भी बताया कि निगमों को पहली बार 800 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। ऐसे में बिजली दरों को घटाया जाना चाहिए था, लेकिन इसके विपरीत उन्हें और बढ़ा दिया गया।

उन्होंने बताया कि पहली बार घरेलू उपभोक्ताओं पर 50 से 75 रुपये प्रति किलोवाट का फिक्स्ड चार्ज लगाया गया है और प्रति यूनिट दरों में भी 25त्र से 50त्र तक वृद्धि की गई है। टेलीस्कोपिक सिस्टम को भी खत्म कर नॉन-टेलीस्कोपिक सिस्टम लागू कर दिया गया है, जिससे उपभोक्ता को स्लैब आधारित राहत नहीं मिल रही।

### कमर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

प्रो. सिंह ने कहा कि कमर्शियल उपभोक्ताओं को एलटी और एचटी सप्लाई में झटका मिला है। फिक्स्ड चार्ज को 165 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 290 रुपये प्रति केवीए कर दिया गया है, और दरें भी 6.65 से बढ़कर 6.95 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई हैं। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए भी 50 किलोवाट से अधिक लोड पर दरें 6.55 से बढ़ाकर 7.25 रुपये प्रति यूनिट की गई हैं। दिल्ली और राजस्थान की तुलना में हरियाणा में फिक्स्ड चार्ज सबसे अधिक हैं, जिससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता प्रभावित हो रही है।

### एफएसए और डिफॉल्टिंग उपभोक्ता भी बड़ी समस्या

उन्होंने कहा कि सभी श्रेणियों पर ईंधन शुल्क समायोजन के तहत 47 पैसे प्रति यूनिट अभी भी वसूला जा रहा है, जबकि इसे जून 2024 तक ही लागू किया जाना था। यह उपभोक्ताओं पर एक अंतहीन बोझ जैसा बन गया है। इसके अलावा 22 लाख उपभोक्ताओं की डिफॉल्टिंग राशि 8000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है, यानी ये उपभोक्ता बिना बिल चुकाए बिजली का उपभोग कर रहे हैं, जिसका भार बाकी उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है।

### सार्वजनिक सुनवाई की मांग

अंत में प्रो. संपत सिंह ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग से उनकी समीक्षा याचिका को स्वीकार करते हुए टैरिफ आदेश की समीक्षा करने और जनहित में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह मामला लाखों उपभोक्ताओं के हितों से जुड़ा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# खनन माफिया को संरक्षण देकर राजस्व को हजारों करोड़ का चूना लगा रही बीजेपी सरकार : भूपेंद्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश सरकार खुद अवैध खनन और माफिया को संरक्षण दे रही है। इसके उदाहरण छछरौली से लेकर पलवल तक देखने को मिल रहे हैं। छछरौली में पहले पुलिस द्वारा अवैध खनन से भरे गए एक डंपर को पकड़ा गया। उसे थाने लगाया गया। लेकिन थोड़ी देर बाद डंपर को कहीं ले जाकर खाली करवाया गया और वापस खाली डंपर को थाने में लाकर खड़ा कर दिया गया। स्पष्ट है कि अखबारों द्वारा छापा गया, यह अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई ना करने और मिलीभगत का आंखों देखा उदाहरण है। यमुना में अवैध खनन का सिलसिला यमुनानगर से लेकर पलवल तक एक ही जैसा नजर आता है। हर जगह खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध खुदाई को अंजाम दे रहा है। यहां तक की पलवल में अवैध तौर पर रेत निकालने के लिए यमुना पर कई अस्थाई पुल तक बना दिए गए। जाहिर है कि इन अवैध पुलों के लिए ना किसी तरह की आधिकारिक और ना ही पर्यावरण संबंधी मंजूरी ली गई। आसपास के गांववालों ने स्थानीय विधायक से लेकर मंत्री तक, सभी के सामने शिकायत की। लेकिन खनन माफिया पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। क्योंकि खुद सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण देने में लगी है। हुड्डा ने कहा कि अवैध खनन से ना सिर्फ प्रदेश के राजस्व को हजारों करोड़ का चूना लग रहा है। बल्कि ये प्रदेश में बाढ़ का भी कारण बन रहा है। 2023 में आई बाढ़ की बड़ी वजह यही अवैध खनन था। क्योंकि खनन माफिया ने रेत निकाल-निकालकर नदी के बहाव की धारा को ही बदल डाला और जब नदी में पीछे से पानी आया तो वह रिहायशी इलाकों में घुस गया। उस समय कांग्रेस ने खनन से लेकर सरकार की लापरवाही तक तमाम मसलों पर सड़क से लेकर विधानसभा तक आवाज उठाई थी। मैंने खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। उस समय सरकार ने भविष्य में बाढ़ रोकने के लिए कई कदम उठाने का आश्वासन दिया था। लेकिन इस तरह की कोई कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं की गई। प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। लेकिन अभी तक कई जगह नदियों के तटबंधों को मजबूत नहीं किया गया। मारकंडा से प्रभावित गांव में बाढ़ को रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए। टांगरी नदी में भी खुदाई करवाकर किनारों पर दीवार बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। कुरुक्षेत्र के हेमा माजरा में भी तटबंध का काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि यह तमाम कार्य नहीं होने की वजह से ही 2023 में बाढ़ आई थी और सरकार के नाकारेपन की वजह से इस बार भी प्रदेश में बाढ़ का खतरा हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जुर्माना न भरने पर ट्रैफिक पुलिस ने की बाइक जब्त

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा–निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस रतिया ने एक मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 167(8) के तहत जब्त किया है। जानकारी देते हुए यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने रतिया में ।क्र-59क्व-7953 मोटरसाइकिल बिना वैध दस्तावेज, तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) और काफी समय से लंबित चालानों के कारण संदिग्ध पाई गई थी। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा मौके पर वाहन को रोका गया और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, सभी वैध दस्तावेज अपने साथ रखें, और यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नशे की बड़ी खेप के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** मुलाना पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल सवार युवक को भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान असलम खान निवासी गांव नग्गल करधान के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्राह्मण माजरा नहौनी मार्ग पर नाकाबंदी कर आरोपी को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल 1664 कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवाओं को सांसद नवीन जिंदल ने दी क्रिकेट किट

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गांव मदनपुर में सांसद नवीन जिंदल की ओर से युवाओं के लिए क्रिकेट किट भेजी गई। सांसद कार्यालय की ओर से जीत राम ने युवाओं को क्रिकेट किट देते हुए कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई हुई है। सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए सरपंच गुरलाल सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल खेलों के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग कर रहे हैं। खिलाड़ियों को खेल संबंधी सुविधाएं व युवाओं के लिए जिम की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सांसद खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानकर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। सांसद जिंदल की पहल युवाओं में खेल के प्रति जागरुकता और उत्साह बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत बन रही है।

### अस्पताल के प्रांगण में किया पौधारोपण



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** नागरिक अस्पताल के प्रांगण में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।इस मौके पर अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर रमा डाक्टर नमिता तथा हिंदुस्तान शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष जागीर मोर प्रेस एसोसिएशन के प्रधान विनोद सैनी सहित सभी सदस्यों ने पौधारोपण किया ।इस मौके पर डॉक्टर रमा डाक्टर नमिता ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण करना अति आवश्यक है। पर्यावरण शुद्ध होगा। तभी हम जीवित रह सकते हैं ।नवजीवन के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है ।जहरीली हवाएं हमारी जिंदगी को छिनती जा रही है। जीवन के लिए शुद्ध हवा का होना अति आवश्यक है। शुद्ध हवा व ऑक्सीजन ही हमारी जिंदगी का आधार है। जो हमें पेड़ पौधों से ही प्राप्त होती है। इस मौके पर प्रजापति समाज के प्रधान विनोद प्रजापति गुरप्रीत सिंह सहित अस्पताल के अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

### विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख ठगे, मामला दर्ज

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा–निर्देशानुसार जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख 33 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले मामले में आरोपी अंकुश पुत्र सुरेंद्र निवासी लोहारी राघो को अभियोग की जांच में शामिल किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गांव लोहारी राघो निवासी मयंक पुत्र राजेश के भाई व भाभी को विदेश इंग्लैंड भेजने के नाम पर 35 लाख 33 हजार 996 रुपए की धोखाधड़ी की थी। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभियोग की जांच में शामिल किया गया है। आरोपी माननीय अदालत से बेल पर था।

### जॉब प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 3 को

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित उपमंडल रोजगार कार्यालय में आगामी 3 जुलाई को प्रातः 10 बजे जॉब प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्री श्याम बायो फर्टिलाइज़र प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा फील्ड ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यह प्लेसमेंट ड्राइव उन पंजीकृत बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जिनका नाम उपमंडल रोजगार कार्यालय में दर्ज है। सहायक रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक दस्तावेजों,पहचान पत्र तथा रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## भाजपा राज में युवा रोजगार के लिए खा रहे है ठोकरें : रामचंद्र गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जुलाई।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में शिक्षित युवा रोजगार पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है। सरकार रोजगार मुहैया करवाने के नाम पर महज झूठे सपने दिखाकर युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा रोजगार ना मिलने के कारण विदेशों की तरफ पलायन करने पर विवश है और युवाओं में सरकार के प्रति भारी रोष है। कस्बे में अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता हासिल करने के लिए युवाआं को पक्का रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन सरकार रोजगार देने की बजाए निरंतर रोजगार छिनने का काम कर रही है। कौशल निगम में लगे कर्मियों को हटाकर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। सरकार का युवा विरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लाखों की संख्या में सरकारी विभागों में पद रिक्त पड़े है, लेकिन सरकार उनको भरने की जहमत नहीं उठा रही है। भाजपा युवा हितैषी होने का ड्रामा रच रही है, जबकि हकीकत में भाजपा सरकार का युवाओं के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चा पर नाकाम साबित हुई है।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 9 को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल : अमित कुंडू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 1 जुलाई।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कैथल डिपो ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर यूनियन के ऑफिस में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू ने व संचालन कृष्ण गुलियाना ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों, मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुका है लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नहीं चाहती। डिपो प्रधान अमित कुमार, सचिव कृष्ण गुल्याना, उपप्रधान सुरेश मराठा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में हरियाणा प्रदेश की जनसंख्या के आधार पर 10000 नई बसें शामिल की जाएं लेकिन सरकार इन्हें लागू करने में आनाकानी कर रही है। नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर इसका करारा जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर अचिंतराज, मुकेश कोहली, जसमेल श्योकंद, दलवीर देवबन, धर्मवीर देवबन, सतवीर बालू, वीरेंद्र बालू, अनूप कुमार, संदीप जाजवान, अनिल मिर्जपुर, सोमबीर, श्री राम अलेवा, सुनील कारपेंटर, प्रशांत कुमार, भारत कुमार, विनोद कुमार, शीशपाल देवबन, राजीव जखोली, अनिल कुमार, शमशेर जांगड़ा, अमित कुमार विज, शमशेर सांगन, हीरालाल, संजीव सजुमा, शैलेंद्र चौथ, बलराज दयोरा, संजय धीमान, वीरेंद्र कुमार, संदीप कुंडू, सुभाष कसान, गजे सिंह गुहणा, विकास कुमार, दिनेश फौजी, कौशल पांचाल, जोगिंदर जखौली, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, अनिल कुमार चहल, जय कुमार गुलियाना, अकबर अली, रामपाल चंदाना समेत काफी कर्मचारी मौजूद रहे।

**ये हैं यूनियन की मांगें:** यूनियन के राज्य उपप्रधान विक्रम गुहणा व पूर्व उपमहासचिव जसबीर सिंह ने कहा कि उनकी मांगों में केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में अलग से वेतन अयोग का गठन करना और जब तक वेतन अयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम रहात के रूप में देना, आठवें वेतन आयोग से पहले 7वें वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, हटाए गए कौशल के सभी कर्मचारियों को वापिस लेते हुए नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देना, पुरानी पैंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना, बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी करने, कर्मचारियों के आश्रितों के मेडिकल प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान आश्रित की आय को जोड़े बिना करना, आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार 10 लाख बेरोजगारों को पक्का रोजगार देना, परियोजना कर्मियों व मजदूरों को 26 हजार रुपए न्यूनतम मानदेय देना, विभागों का निजीकरण ना करके उनका विस्तार करके जनता को सस्ती दर पर शिक्षा, स्वस्थ, सफाई व अन्य सुविधा उपलब्ध कराना शामिल हैं।

## नारायणगढ़ में लघु बाल भवन की हुई स्थापना, जल्द होगा उद्घाटन

# महिलाओं और बच्चों के लिए बहुउपयोगी होगा भवन : एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, उपमण्डल शाखा-लघु बाल भवन नारायणगढ़ में मंगलवार को उन्मुखीकरण एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

बता दें कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा श्रीमति सुमन सैनी द्वारा नारायणगढ़ में लघु बाल भवन स्थापित करवाया गया है। इसका उद्घाटन भी श्रीमति सुमन सैनी द्वारा जल्द ही किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रीमति सुमन सैनी का यह सपना था कि नारायणगढ़ क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को भी बाल भवन जैसी सुविधाओं और प्रशिक्षण का लाभ मिले। उनके इस सपने को साकार करते हुए यहां लघु बाल भवन की स्थापना की गई है, जो क्षेत्र की लड़कियों/महिलाओं और बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

एसडीएम शिवजीत भारती ने लघु बाल भवन के नारायणगढ़ में खुलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केन्द्र महिलाओं और बच्चों के लिए बहुउपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों/महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना बेहद जरूरी है, ताकि वे समाज में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जी सकें।

उन्होंने बाल भवन की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि यहां संचालित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम (कम्पयूटर, सिलाई-कढाई एवं ब्यूटी केयर) जैसे कोर्स बच्चों और महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसडीएम ने बाल भवन के अधिकारियों को कहा कि लघु बाल भवन में नए रोजगारोन्मुखी और व्यावसायिक कोर्स भी शुरू किए जाएं, ताकि और अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं अभियान का शुभारम्भ हरियाणा में पानीपत की धरती से किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएं है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि बेटियां/महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो और इसमें (कम्पयूटर, सिलाई-कढाई एवं ब्यूटी केयर) तथा ड्रोन दीदी जैसे कोर्स सहायक हो सकते है।

### भारतीय स्टेट बैंक ने किया लगाया रक्तदान शिविर, 72 यूनिट रक्त एकत्रित

**कैथल (अप्रस)।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय–3 कुरुक्षेत्र द्वारा पंजाबी वेलफेयर सभा पार्क रोड कैथल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने तथा जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा हेतु आयोजित किया गया। शिविर में एसबीआई स्टाफ सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विनीत कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान हैं। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को इसके लिए आगे आना चाहिए। विनीत कुमार ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस मौके पर गरिमा रानी मुख्य प्रबंधक, ईशाणी प्रबंधक एचआर, पंकज शर्मा उप प्रबंधक एचआर, मुख्य प्रबंधक अजय कुमार वर्मा मुख्य शाखा कैथल, प्रकाश कुमार मुख्य प्रबंधक एएमसीसी कैथल, सुरेंद्र सैनी उपप्रबंधक, दीपक संगडोया, दिनेश कुमार, ननिहाल आदि भी उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार में खाद के लिए दर दर भटक रहे हैं किसान : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जुलाई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार में किसानों को चार गुना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में किसानों को एमएसपी, खाद और बीज के लिए परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। आज हालात यह है कि पुलिस की सुरक्षा में किसानों को खाद बांटनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में आलम यह बना हुआ है कि किसानों को न मक्का की एम.एस.पी. मिल रही है और ना ही सूरजमुखी की। खाद की कमी के चलते किसानों को भारी बदइंतजामी कालाबाजारी और उत्पादन में घाटे का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के लिए खरीफ की बिजाई मुश्किल होती जा रही है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी खरीफ फसल के लिए केंद्र से हरियाणा को मिलने वाली खाद के आधे से भी कम स्टॉक की सप्लाई हुई है। धान की रोपाई का सीजन शुरू है और हालत यह बने हुए है कि खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। हमेशा की तरह सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों का परिणाम है कि हर फसली सीजन में किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भाजपा सरकार समय रहते कोई इंतजाम नहीं करती।

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 18 लाख 30 हजार की ठगी, आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 1 जुलाई।** थाना इसराना पुलिस ने जौंधन कला गांव निवासी युवती को स्टडी वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 18 लाख 30 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान देहरा गांव निवासी विक्रम उर्फ विक्की के रूप में हुई है।

थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यलय में जून 2024 में जौंधन कला गांव निवासी मोनिका पत्नी नरेश ने शिकायत देकर बताया था कि वह बेटी को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहती थी। अगस्त 2023 में दूर का रिश्तेदार देहरा गांव निवासी विक्रम अपनी मां निर्मला व भाभी रिनू के साथ घर आए और तीनों मिलकर कहने लगे उनके पास विदेश भेजने का लाईसेंस है। वह कानूनी तरिके से उसकी बेटी को स्टडी वीजा पर आस्ट्रेलिया भेज देंगे। उसने विश्वास कर इसके लिए हां कर दी। तीन व चार अगस्त 2023 को तीनों ने उससे 21 लाख रूपए अलग अलग खातों में ट्रांसफर करवाकर ले लिए। पैसे लेने के बाद 30 दिन में वीजा दिलाने की बात कही। बाद में वीजा नहीं दिलाया तो उसने संपर्क किया, तीनों बहाने बाजी कर टालने लगे। उसके फोन भी उठाने बंद कर दिए।

बाद में विक्रम ने उसके खाते में 2 लाख 70 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए और 7-7 लाख रूपए के दो चेक दिए। उसने बैंक में जाकर खाते में चेक लगाए वे बाउंस हो गए। बाद में सपर्क करना चाहा तो आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा उनके पास आए या संपर्क करने की कोशिश की तो मां बेटी को जांन से मार देंगे। तीनों आरोपियों ने मिलकर स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर उनसे 18 लाख 30 हजार रूपए की धोखाधड़ी कर ली। प्रारंभिक जांच पश्चात मोनिका की शिकायत पर थाना इसराना में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# प्रधान व पार्षद ने संभाली नालों की सफाई की कमान

## नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि व पार्षद पराग धवन ने नालों को कराया साफ

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 1 जुलाई।** पिहोवा के कैथल रोड पर नालों की सफाई का जिम्मा पार्षद पराग धवन और प्रधान आशीष चक्रपाणि ने खुद संभाल लिया है। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से नालों की सफाई अभियान शुरू किया है ताकि जलभराव और गंदगी से निजात मिल सके। इस पहल से इलाके की स्वच्छता और जल निकासी में सुधार होगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि पिछले लंबे समय से शहर वासी गंदे नालों की सफाई के लिए प्रशासन को गुहार लगाते आ रहे थे। बारिशों का सीजन होने के बावजूद नालों की सफाई का काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा था क्योंकि दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे नालों को रैंप बनाकर बंद कर दिया गया था। जिसकी वजह से सफाई कर्मचारी बैंड नालों की सफाई करने में असमर्थ थे। शहर वासियों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि व पार्षद पराग धवन को स्वयं मैदान में उतरना पड़ा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ खुद मौके पर पहुंचकर बंद नालों को तुड़वाकर उनकी सफाई करवाई और दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अपनी सुविधा के लिए दुकानदार नालों को बंद ना करें क्योंकि उनके ऐसा करने से आम पब्लिक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसाती मौसम में नालों के पॉइंट बंद होने से साफ सफाई नहीं हो पाती और अधिक बरसात के कारण सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जा चुका है। बरसाती सीजन शुरू होने के कारण शहर में पानी का जमाव न होने पर इसके लिए नालों की सफाई की जा रही है। दुकानदारों को भी शक समझाया जा रहा है कि वे अपनी दुकानों के आगे नालों को बंद न करें। ऐसा करने से न केवल सड़के पानी से भर जाती है बल्कि दुकानदारों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जा रहा है। पार्षद पराग धवन ने कहा कि उनके पास काफी समय से शिकायतें आ रही थी कि दुकानदारों द्वारा नल बंद कर लिए गए हैं जिसकी वजह से सफाई कर्मचारी सफाई नहीं कर पाते। आज उन्होंने प्रधान को साथ लेकर नालों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों द्वारा पुणे भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारी नलों में उतरकर कर्मठता के साथ सफाई अभियान में लगे हुए हैं। राजधानी ने कहा कि जल्दी पूरे शहर के नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र, कहा-

# पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन' किया जाए

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स







**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा है कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन' किया जाए।

डॉक्टर्स डे के अवसर पर दिल्ली मेडिकल फोरम के डॉक्टर्स ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली सचिवालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग पर बयान दिया।

दिल्ली के सीएम ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, 'समाज के लोगों ने गुजारिश की थी, जिसके बाद हमने उनकी मांग के मद्देनजर पत्र रेल मंत्री को भेजा है, बाकी ये निर्णय उनका होगा।'

साथ ही, रेखा गुप्ता ने डॉक्टर्स डे की बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मैं डॉक्टर्स डे पर देश और दुनिया भर के सभी डॉक्टरों को तहे दिल से बधाई देती हूं। सभी को मिलकर उत्कृष्ट चिकित्सा बुनियादी ढांचा और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं विकसित करनी चाहिए और दिल्ली को मेडिकल हब बनाना चाहिए।'

बता दें कि सीएम रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग को लेकर ये पत्र बीते महीने जून में लिखा था।

उन्होंने रेल मंत्री को लिखे इस पत्र में कहा था, 'मैं आपसे विनम्र अनुरोध करती हूं कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन के सम्मान में बदलने पर विचार करें। महाराजा अग्रसेन सामाजिक न्याय, आर्थिक दूरदर्शिता और सामुदायिक कल्याण के प्रतीक हैं। उनके अनुयायी और वंशज दिल्ली के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने से उनके अमर योगदानों को सम्मान मिलेगा और यह दिल्ली के लाखों निवासियों की भावनाओं को गहराई से छुएगा। इस प्रस्ताव पर अपने मंत्रालय द्वारा शीघ्र और सकारात्मक विचार के लिए आपका व्यक्तिगत हस्तक्षेप अत्यंत सराहनीय होगा।'

# बिहार के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को अब मिलेगी पेंशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 1 जुलाई।** बिहार के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को अब सरकार प्रतिमाह पेंशन देगी। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत ऐसे कलाकारों को 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इस योजना के लिए एक करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौरा धाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास के लिए 882 करोड़ 87 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा प्रदेश में मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। कला, संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के लिए बिहार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, दुर्लभ और विलुप्तप्राय कला रूपों को संरक्षित करने के लिए 'मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना' प्रारंभ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.11 करोड़ रुपये व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

बताया गया कि इस योजना के तहत दुर्लभ और विलुप्तप्राय कला रूपों को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए युवा प्रतिभाओं को इन क्षेत्रों में विशेषज्ञों और गुरुओं के मार्गदर्शन में 'मुख्यमंत्री बिहार गुरु-शिष्य परंपरा योजना' प्रारंभ कर प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा' योजना पर भी मुहर लगाई गई है। इसके तहत बिहार के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

यह योजना न केवल युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त कराने में सहायक होगी, बल्कि उन्हें भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार प्राप्त करने के लिए भी सक्षम बनाएगी। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने नादौन में सहायक जिला न्यायवादी कार्यालय भवन का लोकार्पण किया

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**नादौन, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर जिला के नादौन में 1.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सहायक जिला न्यायवादी कार्यालय भवन का उद्घाटन तथा 7.61 करोड़ रुपये से नाबार्ड के अन्तर्गत बनने वाली सेरा से सेरा पखरोल मानपुल सड़क के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत दी जाने वाली 3 लाख रुपये की आवास अनुदान की पहली किश्त के तौर पर एक लाख रुपये की राशि लाभार्थियों को प्रदान की। लाभार्थियों में रोहित कुमार गांव बैहली, डाकघर बाड़ा, तहसील नादौन, राहुल गांव कुथियाना डाकघर डांगरी, तहसील नादौन, अक्षय अग्निहोत्री गांव व डाकघर पन्साई, तहसील नादौन तथा दीपक गांव कारगू जगीर, डाकघर बधेरा, तहसील कांगू, जिला हमीरपुर शामिल हैं।

श्री सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत दो लाख रुपये विवाह अनुदान राशि भी पात्र लाभार्थियों को वितरित की। इसमें खुश्बू ठाकुर गांव व डाकघर कलूर, तहसील नादौन, रवि कुमार गांव खुये दी भुन, डाकघर कोहला, तहसील नादौन, आंकाक्षा गांव केहडरू, डाकघर भीड़ा, तहसील हमीरपुर, शिखा, वार्ड नम्बर 3 डाकघर व तहसील सुजानपुर तथा प्रदीप कुमार गांव व डाकघर री तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने अनीता कुमारी पुत्री राकेश कुमार गांव व डाकघर कशमीर, अंजना देवी पुत्री अमर सिंह गांव दाड़, डाकघर कशमीर, हीना पुत्री शेर मोहम्मद गांव व डाकघर वेहा को मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत राशि प्रदान की। उन्होंने रबीना कुमारी पुत्री सुदर्शना देवी गांव व डाकघर मनसाई तथा अनीता देवी पुत्री सुमना देवी गांव व डाकघर पनयाली को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत धनराशि प्रदान की। उन्होंने खुशी शर्मा पुत्री पवन कुमार गांव काई दी बाहल तथा रूद्र प्रताप शर्मा पुत्र पवन कुमार गांव काई दी बाहल, जिला हमीरपुर को मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत राशि प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत लाभार्थियों को 359 इंडक्शन चूल्हे भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने राजकीय डिग्री कॉलेज धनेटा की विद्यार्थी अंजलि देवी को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 21 हजार रुपये तथा राजकीय डिग्री कॉलेज धनेटा के वरूण शर्मा को सांस्कृतिक गतिविधि में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने के लिए 5100 रुपये प्रदान किए।

# एक व्यक्ति 100 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार, केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

ढकोली । पुलिस ने नाकेबंदी दौरान एक व्यक्ति को 100 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पक? गए नशा तस्कर की पहचान कुनाल निवासी गुरु हर सहाए फिरोजपुर के रूप में हुई है। मामले सबंधी जानकारी देते हुए जांच अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया की पंजाब सरकार की नशे के खिलाफ चलाई मुहिंम के तहत विशेष नाकेबंदी कर नशा तस्करों की तलाश कर रहे थे। इस दौरान वह ढकोली क्षेत्र में प?ती पुष्पक एंकलेव की तरफ थे तो पैदल आता हुआ एक व्यक्ति पुलिस को देखकर वापिस मूड गया जिसे पुलिस ने रोक कर चैकिंग की तो उसके पास से पुलिस को 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसके आधार पर आरोपी खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था, ताकि सप्लाई चेन का पता लग सके। जिसके बाद पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।


**राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान –भारत**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान

ग्रामभारती, अनवापुर, महुडी रोड गांधीनगर, गुजरात–382650

दूरभाष: 02764 261134: 35 36: 37. 38; वेब. www.nif.org.in

**विज्ञापन संख्या 01/2025**

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान –भारत (एनआईएफ) विभिन्न स्तरों (प्रबंधक, सहयोगी, फेलो) पर नियुक्ति के लिए अत्यधिक प्रेरित और योग्य पेशेवरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी और संविदात्मक आधार पर है। विस्तृत विज्ञापन https://nif.org.in/join_us पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **25 जुलाई 2025** है।

**एस/डी निदेशक**

CBC-36118/11/0001/2526


# डीपीएल–2 : नए सीजन में शामिल हुईं दो नई फ्रेंचाइजी, नीलामी में होंगे 10 से ज्यादा आईपीएल खिलाड़ी

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने मंगलवार को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन से पहले लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने का ऐलान किया है।
'आउटर दिल्ली' फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, 'नई दिल्ली' फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के साझा समूह ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा है।

इस विस्तार से लीग में पुरुष टीमों की संख्या छह से बढ़कर आठ हो गई है। इससे पहले लीग में छह फ्रेंचाइजी (सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली-6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस) थीं।

डीपीएल सीजन-2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6-7 जुलाई को दिल्ली में होगी। पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, जिसके बाद महिला खिलाड़ियों की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में कई बेहतरीन क्रिकेटर शामिल होंगे। इनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी हैं।

डीपीएल की वापसी पर बोलते हुए, डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट कल्चर का जश्न है। सीजन-1 में हमने जिस तरह का टैलेंट देखा, वह वाकई आशाजनक था। इस विस्तार के साथ, हम और भी अधिक खिलाड़ियों को चमक बिखेरने के लिए मंच दे रहे हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य खिलाड़ियों ने डीपीएल और आईपीएल-2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह अनुभव फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों और फैंस के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन-2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक मौका बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-13-2025 | धुलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का दो पहिया वाहन पार्किंग स्थल | 08.07.25 12:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-13-2025 | अंबाला मंडल के नाभा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए कुल 396.85 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल। | 08.07.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 3 | UMB-Mix-13-2025 | मलौट रेलवे स्टेशन के पी.एफ. नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Mix-13-2025 | रामपुरा पुल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 5 | UMB-Mix-13-2025 | कालका रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-13-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12 | 08.07.25 12:00:00 |
| Pay and Use | 7 | UMB-Mix-13-2025 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर मुख्य स्टेशन भवन में अपर क्लास वेटिंग रूम से सटे प्लेटफार्म नंबर 1 में पे एंड यूज टॉयलेट के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन तथा द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल में प्लेटफार्म नंबर 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन (कुल 02 साइटें) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 8 | UMB-Mix-13-2025 | संगरूर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन | 08.07.25 12:00:00 |
| NFR | 9 | UMB-Advt-09-25 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 10 | UMB-Advt-09-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 11 | UMB-Advt-09-25 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 12 | UMB-Advt-09-25 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 13 | UMB-Advt-09-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 14 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 15 | UMB-Advt-09-25 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 16 | UMB-Advt-09-25 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 17 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 18 | UMB-Advt-09-25 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 19 | UMB-Advt-09-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 20 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1981/25


# वैशाली एंकलेव में 30 वर्षीय युवक ने पंखे से फंदा लगाकर की खुदकुशी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 1 जुलाई।** बलटाना क्षेत्र में पड़ती वैशाली एंकलेव में एक 30 वर्षीय युवक ने पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर की है। मृतक की पहचान प्रमोद कुमार निवासी विशाली एंकलेव, बलटाना के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए गए बयान में मृतक के पिता राम दयाल ने बताया कि उसका बेटा चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता था और दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसकी पत्नी एक दिन पहले ही अपने मायके मिलने के लिए थी और रात को घर अपने कमरे में अकेला था। रात करीब दस बजे उसकी मां खाना देने के लिए गई तो उसे दरवाजा खटखटाया, दरवाजा अंदर से बंद था। जब काफी देर तक उसने दरवाजा नही खोला तो हमने ऊपर जाकर खिड़की में से देखा तो वह पंखे से लटक रहा था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।


**उत्पाद न्यायालय,**
**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**
**(मद्य निषेध कोर्ट–2)**
**अति आवश्यक सूचना**
**प्रेस विज्ञप्ति**

बिहार सरकार

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन तथा शराब बिक्री के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2022 के नियम 12(क) एवं बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2023 के तहत वाहन मालिक से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– 16.07.2025 को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड/ उत्पाद वाद सं0 | वाहन स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन/भूमि/सामग्री की विवरणी | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/2 | देवनाथ मेहता, पिता–सिपाही महतो, ग्राम- H.No.-41, Block-1, VPO-Manesar, गुड़गाँव, हरियाणा, पिन–122051 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–310/2025, दिनांक–18.03.2025 | Hero H.F. Delux Motorcycle, निबंधन संख्या–HR26DS4616, चेसीस नं0-MBLHA7153J9C21580, ईजन नं0–HA11EMJ9C21667 | 16.07. 2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

वरीय उप समाहर्त्ता–सह–
पीठासीन पदाधिकारी,
उत्पाद न्यायालय–02, औरंगाबाद

PR. No. 007428 (Excise) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# एसटीएफ ने छह माह में पकड़े 101 गैंगस्टर व 58 ईनामी बदमाश

### डीजीपी ने रिपोर्ट जारी कर थपथपाई पीठ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक जनवरी से 29 जून 2025 तक संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए 58 इनामी बदमाश, 101 गैंगस्टर/गैंग सदस्य और 178 जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि 2024 की इसी अवधि से तुलना करें तो तब एसटीएफ ने 100 इनामी, 29 गैंगस्टर व 227 गंभीर अपराधी पकड़े थे।

कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस का एसटीएफ राज्य में संगठित अपराधों के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एसटीएफ ने सीमाओं से परे जाकर गैंगस्टरों, नशा तस्करी नेटवर्क और अपराध सिंडिकेट्स के खिलाफ जो कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में हरियाणा की एसटीएफ ने अपराधियों के खिलाफ अपने अभियानों को और अधिक प्रभावशाली बनाते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पूरे वर्ष में एसटीएफ ने 195 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया, जो 2023 में हुई 175 गिरफ्तारियों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है और यह दर्शाता है कि एसटीएफ ने वांछित अपराधियों के विरुद्ध दबाव बढ़ाया है।

जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों में एसटीएफ की सक्रियता और भी अधिक प्रभावशाली रही, वर्ष 2023 में 200 आरोपियों की गिरफ्तारी के मुकाबले 2024 में यह संख्या बढ़कर 397 हो गई, जो लगभग 98 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि एसटीएफ ने हत्या, अपहरण, बलात्कार और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में तीव्र और निर्णायक कार्रवाई की है।

हरियाणा में एक्टिव गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी 2023 के 69 से घटकर 2024 में 58 रही है, जो इस बात का संकेत है कि एसटीएफ की निरंतर कार्रवाई ने गैंग नेटवर्क को कमजोर कर दिया है।

# सांसद ने स्लम पुनर्वास, डड्डूमाजरा की सफाई व हाऊसिंग बोर्ड में नीड बेस्ड चेंज को लेकर जारी की हिदायतें

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** सांसद मनीष तिवारी ने राज्य स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कई मामलों में अधिकारियों को सख्त आदेश दिये। स्लम पुनर्वास, डड्डूमाजरा की साफ सफाई, हाऊसिंग बोर्ड में नीड बेस्ड चेंज को लेकर उन्होंने सख्त रवैया अपनाया। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 2007 से 2025 के बीच तोड़ गए करीब 20 हजार परिवारों के घरों के लिए एक समग्र पुनर्वास नीति बनाई जाए ताकि विस्थापितों के लिये नया रास्ता खुले और उन्हें अपना आवास मिल सके। डुडूमाजरा डंप को लेकर भी सांसद गंभीर दिखाई दिये और उन्होंने कहा कि तय समयसीमा के दौरान यहां सफाई को पूरा करना चाहिए ताकि एनजीटी, संसद व उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन हो सके। उन्होंने चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड को भी हिदायत दी कि वह अपनी अगली बैठक में नीड बेस्ड चेंज व एमनेस्टी योजना लागू करने का प्रस्ताव रखे। बैठक में मेयर हरप्रीत कौर बबला, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, सीईओ अजय चगती, पूर्व मेयर कमलेश कुमारी, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष डीपीएस रंधावा उपस्थित रहे।

## डीएमएएमसी मीटिंग में शहर के विकास को लेकर दिये महत्वपूर्ण सुझाव

**चंडीगढ़ टेरीटोरियल कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री, सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के प्रधान और फॉस्वेक के सदस्य बीएम खन्ना ने डिप्टी कमिश्नर व डिस्ट्रिक्ट लेवल एडवाइजरी एंड मॉनीटरिंग कमेटी के सेक्रेट्री निशांत यादव को शहर के विकास को लेकर की पहल**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** चंडीगढ़ टेरीटोरियल कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री, सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के प्रधान और फॉस्वेक के सदस्य बीएम खन्ना ने डिप्टी कमिश्नर, चंडीगढ़ व डिस्ट्रिक्ट लेवल एडवाइजरी एंड मॉनीटरिंग कमेटी के सेक्रेट्री निशांत यादव को मंगलवार को हुई डीएमएएमसी मीटिंग में शहर के विकास को लेकर कुछ सुझाव दिये हैं। इनमें स्वच्छ भारत मिशन अर्बन को लेकर कहा गया कि फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में सिटी क्लीनलीनेस ड्राइव में पिछड़ गया। 8.76 करोड़ रुपये की कमी व उसका प्रयोग न होना सिटी की स्वच्छता के लिये भारी पड़ा। टॉयलेट कंस्ट्रक्शन के अंडर जो फंड मिला वह यूटीलाइज नहीं हो पाया। बीएम खन्ना ने सुझाव दिया कि नए पब्लिक एरिया जिनमें पार्कों को आइडेंटीफाई किया जाए ताकि 24 गुणा 7 पब्लिक टॉयलेट बन सकें। जीरो किचन वेस्ट को लेकर एक बड़ा जागरुकता अभियान चलाया जाए ताकि डोमेस्टिक वेस्ट सही ठिकाने लग सके। स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर कहा गया कि हालांकि 20 मार्च 2025 को मिशन समाप्त हो चुका है। इसके तहत जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं उन्हें वैकल्पिक स्कीमों में शिफ्ट की जाए। स्कॉडा सिस्टम की मेंटेनेंस व अपग्रेडेशन की जाए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपग्रेडेशन किया जाए। मनीमाजरा के साथ पूरे शहर में 24 गुणा 7 वॉटर सप्लाई की जाए। पब्लिक बाइक शेयरिंग को पॉपुलर किया जाए। स्ट्रीट वेंडरों के लिए माइक्रो क्रेडिट स्कीम लागू की जाए। इस स्कीम के लिये 2023-24 में फंड दिये गये थे लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोई फंड इस्तेमाल नहीं हुए। जुलाई 2016 के बाद कोई कांप्रीहेंसिव सर्वे नहीं हुआ। इसका फ्रेश सर्वे कराना जरूरी है। असल वैंडर्स की आइडेंटीफिकेशन व केवाईसी की जाए। अथॉरटी को वैंडरों के लिये बिना किसी डर के उन्हें प्रोत्साहित करने वाली सेल्फ इंप्लायमेंट पॉलिसी लागू करना चाहिये। अटल मिशन के तहत अर्बन ट्रांसफर्मेशन होना चाहिए। अम्रूत फेज एक सफलता से लांच हुआ जिसमें चंडीगढ़ को प्लांड सिटी का लाभ मिला। अम्रूत 2 के तहत अपग्रेडेशन होना चाहिए। कजौली वॉटर वर्क्स को 24 गुणा 7 वॉटर सप्लाई प्रोग्राम के तहत जोडना चाहिए। 9 अगस्त 2024 से यह 18 माह के लिये प्रोग्राम था लेकिन अभी महज 5 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। खन्ना ने कहा कि टेनेमेंट हाऊस व बूथ नॉन पेमेंट की वजह से कैंसिल किये गये हैं। रेंट क्लेक्टर पहले रेंट लेते थे जिसे अब बंद कर दिया गया है। इसकी वजह से पेमेंट में लैप्स आया। कैंसलेशन करने की बजाये रेंट एरियर का स्ट्रक्चर ईएमआई की मार्फत रीशिड्यूल करना चाहिए ताकि लो इनकम ग्रुप वाले ओरिजनल अलॉटियों की डिसप्लेसमेंट न हो और उनकी जिंदगी में कोई रुकावट न पड़े। शहर में लगातार बढ़ रहे अपराध व नशे की लत को लेकर भी जल्द सख्त कदम उठाये जाने की जरूरत है। जो प्रापर्टियों बिना यूज के पड़ी हैं, उनको वैकल्पिक तौर पर किसी काम में प्रयोग करना चाहिए। जैसे रेहड़ी मार्केटों में केरोसिन डिपो व बूथ अलॉट किये गये हैं वह खाली पड़े हैं। इनसे एडीशनल रेवेन्यू कमाने का प्रशासन को जरिया ढूंढ़ना चाहिए। अतिक्रमण शहर में मुख्य चैलेंज है। एनक्रोचमेंट रोकने के लिए एंटी एनक्रोचमेंट ड्राइव व इंफोर्समेंट स्टाफ बढना जरूरी है ताकि वायलेटरों पर कार्रवाई हो सके। स्कूल, ऑफिस व बिजनेस आवर्स के दौरान ट्रैफिक पर लगाम लगाये जाने की जरूरत है। आफिस व इंस्टीच्यूशन क्लस्टर का जोनल सर्वे होना चाहिए।

इसके लिए स्टैगर्ड वर्क आवर्स लागू होने चाहिएं। जैसे 9 बजे से 4 बजे तक एक तिहाई दफ्तर, 10 बजे से 5 बजे तक एक तिहाई और बाकि 11 से 5 बजे तक होने चाहिएं। इससे पीक पीरियड के दौरान सडकों पर ट्रैफिक कम होगा। बीएम खन्ना ने उम्मीद जताई कि यह सुझाव प्रशासन अपनाकर इस पर काम करेगा।

▲ अधिकतम 33 डिग्री से.
डिग्री से. 28 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.24 बजे
सूर्यास्त 7.30 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 98,550.00 |
| सेंसेक्स | 83,697.29 |
| अमेरिका | 85.60 |
| कैनेडियन | 62.83 |
| आस्ट्रेलिया | 56.27 |

# सुखना में पानी खतरे के पास, छोड़ा तो डूबेंगे पंचकूला, जीरकपुर के इलाके

**सीसीटीवी से हो रही सुखना के जलस्तर की निगरानी, पानी छोड़ने से पहले जिला प्रशासन को किया जाएगा आगाह**

**मंगलवार को 4.5 फीट नीचे था खतरे के निशान से, सुबह तेज बारिश से फिर बढ़ा जलस्तर 5 के बाद मिलेगी राहत**



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** ट्राईसिटी के विभिन्न इलाकों में मंगलवार सुबह कई जगह अच्छी खासी बारिश हुई। करीब दो घंटे तक बदरा बरसते रहे। इससे कई इलाकों में पानी भर गया। ट्राईसिटी के अलग अलग शहरों व कस्बों में कमोबेश एक सी स्थिति है। सडकों पर भी खूब पानी भर गया जिससे वाहन रैंग-रैंग कर चलते रहे। सुबह स्कूल, दफ्तर जाने वालों का तांता लगा था लिहाजा ट्रैफिक की स्थिति और भी खराब रही। मंगलवार को चूंकि स्कूल खुले थे लिहाज सडकों पर स्कूल बसों का भी भारी रश था। चंडीगढ़ के अलावा, जीरकपुर, मोहाली, पंचकूला व डेराबस्सी सहित अन्य कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। दो घंटे से भी ज्यादा समय तक बादल जमकर बरसे। इससे पहले मंगलवार सुबह 4 बजे से भी बारिश हो रही थी। चंडीगढ़ में सोमवार व मंगलवार को हुई बारिश के बाद सुखना लेक का जलस्तर बढक़र 1158.5 फीट से भी ऊपर पहुंच गया है। सोमवार को यह 1158.5 फीट के करीब था जो मंगलवार की बारिश के बाद और ऊपर पहुंच गया। सुखना में खतरे के निशान पर 1163 फीट जलस्तर माना जाता है। यह खतरे के निशान से 4.5 फीट कम है। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में झील का जलस्तर डेढ़ फीट से ज्यादा बढ़ गया है। यूटी इंजीनियरिंग विभाग ने झील की निगरानी के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम चालू कर दिया है और सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अगर झील का जलस्तर खतरे के निशान को पार करता है, तो झील के फ्लड गेट खोलकर पानी सुखना चो में छोड़ा जाएगा, ताकि शहर में बाढ़ की स्थिति न बने। भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण झील का जलस्तर 14 जून को घटकर 1156.5 फीट रह गया था, जो 15 मई को दर्ज 1157 फीट से भी नीचे था। चंडीगढ़ में मंगलवार सुबह पहले तो आसमान में बादल छाए हुए थे लेकिन 9 बजे बारिश शुरू हो गई।

### 4 जुलाई तक होगी जोरदार बारिश

सोमवार देर रात तेज बारिश हुई, ये बारिश करीब पौने दो घंटे तक चली और इस दौरान 72.3 मिमी पानी बरसा। इससे जून महीने की कुल बारिश 263.9 मिमी रिकॉर्ड गई, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। इससे पहले 2013 में 251.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी, जो जून महीने का रिकॉर्ड था। इस बार का जून सामान्य से 68.6 फीसदी ज्यादा बारिश लेकर गया है। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने बता दिया है कि इस बार मानसून पूरी ताकत से आया है। मौसम विभाग के डायरेक्टर सुरिंदर पाल ने बताया कि 1 से 4 जुलाई तक और भी बारिश होने की संभावना हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, ऊपर की हवा में बन रहे सिस्टम और लो प्रेशर की वजह से चंडीगढ़ में अच्छी बारिश होगी। 5 जुलाई के बाद बारिश थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन मानसून कमजोर नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एकेडमी से कैमरा, डीवीआर, म्यूजिक सिस्टम और किचन उपकरण चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 पुलिस ने एकेडमी से कैमरा डीवीआर, म्यूजिक सिस्टम और किचन उपकरण चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव कजहेड़ी के रहने वाले राहुल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 44 एकेडमी की ऑनर ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात 28 जून को एकेडमी से कैमरा डीवीआर, म्यूजिक सिस्टम और किचन उपकरण चोरी कर ले गया था। जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच जारी है।

# जरनैल एंकलेव 3 के निवासी ने बुनियादी सुविधाओं को लेकर किया रोष प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** भबात एरिया में पड़ती जरनैल एंकलेव 3 के निवासी बुनियादी सुविधाओं को लेकर बेहद परेशान है। क्योंकि लोगों की समस्या को लेकर कोई भी उनकी सुनवाई नही कर रहा है। सोसायटी निवासी बलविंदर सिंह, जसपिंदर कटोच, अमन सिंह, रमन, जगनरायण, अनिरुद्ध व अन्य ने बताया की उनकी सोसायटी की सड़कें टूटी पड़ी है, सीवरेज, बरसाती पानी की निकासी पार्क की समस्या काफी समय से चल रही है। जबकि बिल्डर ने घर खरीदते हुए उनसे वादा किया था के छह महीने में सभी सुविधाएं मिल जाएंगी लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी यह समस्याएं जैसी की तैसी बनी हुई है। लोगों ने बताया सड़कें टूटी होने के कारण बरसात के दिने में यहां पानी भर जाता है और हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है। जिस कारण लोगों को घरों में आना जाना मुश्किल हो जाता है। कोई सामान लेना हो पैदल मार्किट जाना भी मुश्किल हो चूका है। बच्चों के स्कूल शुरू हो गए हैं तो बस तक जाना भी मुश्किल है बच्चों की यूनिफार्म भी खराब हो जाती है। घर पर कोई बीमार हो तो उसे बाहर ले जाना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने बताया के यदि इसकी शिकायत वह बिल्डर से करते हैं तो वह फोन नही उठाता, नगर परिषद को करते हैं तो वह कहते हैं के बिल्डर ने फीस नहीं भरी जिस के चलते सोसायटी हैंडओवर नही हुई तो वह कुछ नही कर सकते हैं। जिसके चलते लोग परेशान हैं और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। लोगों ने कहा के हम नगर परिषद को शिकायत कर रहे है तो उनको बिल्डर खिलाफ एक्शन लेना चाहिए और आगे के लिए ब्लैकलिस्ट कर देना चाहिए ताकि आगे से कोई व्यक्ति परेशान ना हो। लोगों ने बुन्यादी साहूलतों को लेकर गुहार लगाते हुए कहा के उनको इंसाफ दिया जाए और बिल्डर खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

हमारे पास कोई लिखित शिकायत अभी तक नहीं आई है, यदि यह नगर परिषद के अंडर है तो काम करवा दिया जाएगा। अगर वह बिल्डर के पास है तो उनको नोटिस कल ही निकाल दिया जाएगा।
**जतिंदर सिंह बैंस, एसडीओ नगर परिषद जीरकपुर।**

# चंडीगढ़ के स्कूलों में मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू

## स्कूल के बच्चों को करियर टिप्स देंगे अफसर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन के 42 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में बच्चों के लिये मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है। प्रोग्राम तो यह पहले भी चलता है लेकिन अब अफसर व डॉक्टर बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। 168 अफसर, डॉक्टर, इंजीनियर और विशेषज्ञ हफ्ते में एक दिन स्कूल जाकर बच्चों से बातचीत करेंगे और उन्हें करियर, हेल्थ, आत्मविश्वास, इंटरनेट सुरक्षा, साफ-सफाई और जीवन से जुड़े अहम विषयों पर जानकारी देंगे। इस मेंटरशिप प्रोग्राम में चीफ सेक्रेटरी राजीव वर्मा, डीजीपी पुष्पेंद्र सिंह, डीसी निशांत यादव, पीजीआई डायरेक्टर विवेक लाल जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। इसका मकसद है कि बच्चों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर उन्हें जिंदगी की चुनौतियों और जिम्मेदारियों को समझाकर आत्मनिर्भर बनाया जाए। सभी अफसर और विशेषज्ञ बिना किसी पैसे के यह सेवा देने पर सहमत हुए हैं। ये सभी लोग हफ्ते में एक दिन स्कूल जाकर बच्चों से बात करेंगे, सवालों के जवाब देंगे और अनुभव साझा करेंगे। इन मुलाकातों को सोशल मीडिया पर भी डाला जाएगा, ताकि दूसरे स्कूलों के बच्चे भी इसका फायदा ले सकें। इस योजना से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ यह समझने में मदद मिलेगी कि जिंदगी में कैसे आगे बढना है, सही करियर कैसे चुनना है और मुश्किल हालात से कैसे निपटना है।

### ये अफसर पहुंचेंगे इन स्कूलों में

धनास (पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल स्कूल) प्रोफेसर विवेक लाल, (पीजीआई डायरेक्टर) और हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ (डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन) सेक्टर-18, राजीव कुमार (चीफ सेक्रेटरी) और तरनाजीत सिंह बामरा (सीआईआई चेयरमैन), सेक्टर-10, निशांत कुमार यादव (डिप्टी कमिश्नर), सेक्टर-8 , पुष्पेंद्र कुमार (आईपीएस), सेक्टर-15, अजय चगती (आईएएस), सेक्टर-16, मनदीप सिंह बराड़ (आईएएस), सेक्टर-19, हरि कल्लिक्कट (आईएएस), सेक्टर-20, स्वप्निल एम. नाइक (आईएएस), सेक्टर-20, सूर्या चंद्रकांत और सुरेन्द्र गुप्ता (सीआईआई अध्यक्ष), सेक्टर-21, प्रेरणा पुरी (आईएएस), सेक्टर-22, सौरभ (पीसीएस), सेक्टर-23, मोहम्मद मसूद एल (आईएएस), सेक्टर-23, अमित कुमार (आईएएस), सेक्टर-26, प्रदीप कुमार (आईएएस), सेक्टर-27, चौधरी अभिजीत विजय (आईएएस), सेक्टर-28, संतोष कुमार (आईएफएस), सेक्टर-32, अखिल कुमार (दानिक्स), सेक्टर-33, सुमेर प्रताप सिंह (आईपीएस) और भारती सूद (पीएचडीसीसीआई क्षेत्रीय निदेशक), सेक्टर-35, कंवरदीप कौर (आईपीएस) और हरनूर कौर (सीआईआई सदस्य), सेक्टर-56, पालिका अरोड़ा और रितिका सिंह (सीआईआई सदस्य), मनीमाजरा हाउसिंग कॉम्प्लैक्स, अनुराधा एस चगती।

# कब मिलेगा मवेशियों की समस्या से छुटकारा, हादसों के कारण लोगों का हो रहा नुकसान

**एक साल पहले नगर परिषद द्वारा ग्रिल्स लगाने का टैंडर होने के बावजूद अभी तक नहीं लगी ग्रिल: गुरसेवक सिंह पुनिया**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 1 जुलाई।** वैसे तो पुरे शहर में सड़को पर लवारिश घूम रहे मवेशीयों की समस्या चल रही है, लेकिन पीरमुछल्ला क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में कई हादसे हो चुके है। लावारिश घूम रहे मवेशियों के कारण कई गाड़ियां इतनी ज्यादा डेमेज हो चुकी है के उन्हें ठीक करवाने में हजारों रूपये बिना बात के खर्च हो रहे है। लेकिन इस समस्या का समाधान आज एक कोई सरकार या प्रसाशन नही कर पाया है। पंचकुला के साथ स्टा हुआ प्रदेश होने के कारण उधर के मवेशी इधर पंजाब में आ जाते है और सड़को पर बैठे रहते है।

हालांकि यह मवेशी दिन में खाने के लिए इधर उधर घूमते रहते हैं लेकिन रात होते ही वह सड़क किनारे या बीच सड़क में बैठ जाते हैं जिस कारण पिछले एक सप्ताह चार कारों को नुकसान हो चूका है। विकास राणा निवासी पीरमुछल्ला की वेगनर कार बुरी तरह डेमेज हो गई। जिसे रिपेयर करवाने में 24 हजार रूपये खर्च हो गए है। विकास राणा ने बताया की उसकी गाड़ी एक बार पहले मवेशी की वजह से नुकसानी गई थी। इस बार तो कार में उसकी पत्नी व छोटा बच्चा भी बैठे हुए थे। गनीमत रही के उन्हें कोई चोट नही आई। इसके लिए अन्य तीन गाड़ियां भी पीरमुछल्ला क्षेत्र की ही है। लोगों द्वारा सरकार और प्रसाशन से मांग की जा रही है के लावारिश पशूओं की समस्या का स्थाई हल किया जाए। इस दौरान बात करते हुए स्थानीय निवासी राजीव मोहन, गुरविंदर सिंह, गुरसेवक सिंह पुनिया, राजीव कुमार, सुरिंदर सिंह, परमिंदर सिंह ने बताया कि करीब सवा साल पहले यहां सड़क किनारे और डवाईडर पर ग्रिल लगाने का टैंडर नगर परिषद द्वारा लगाया गया था। लेकिन सरकार व प्रसाशन की लापरवाही के चलते अभी तक यह कागजो में लटका हुआ है। लोगों ने बताया कि यदि सड़क किनारे व डवाईडर पर लोहे की ग्रिल लग जाएगी तो मवेशी सीधा सड़क पर नही चढ़ पाएंगे और हादसों से बचाव हो जाएगा। लोगों ने मांग की के इस काम को जल्द पूरा किया जाए।

स्थानीय लोगों ने बताया की लावारिश पशुओं की समस्या तो है ही लेकिन यहां कुछ लोग ऐसे हैं जो अपने पालतू गाय व भैसो को दूध निकालने के बाद खुल्ला छोड़ देते हैं। वह भी सारा दिन लवरिश पशूओं के साथ इधर उधर सड़को पर घूमते रहते हैं और शाम को भी दूध निकालने के बाद यहां खाली पड़ी जगह में छोड़ कर रखते है। लोगों ने कहा के ऐसे लोगों खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए और नगर परिषद को ऐसे लोगों के चालान भी करने चाहिए।

वहीं लोगों ने बताया कि पालतू जानवरों का डाटा भी नगर परिषद को रखना चाहिए और गंदगी फैलाने वाले लोगों खिलाफ सख्ती से पेश आना चाहिए। वहीं लोगों ने यह भी कहा के काउ सेस के नाम लिया जाना वाला टैक्स भी पता नही कहा लगाया जाता है। लावारिश मवेशियों के लिए विशेष व्यवस्था तो कम से कम जरूर करनी चाहिए।



यह एक गंभीर समस्या है, जिस तरफ सरकार व प्रसाशन को ध्यान देना चाहिए। नगर परिषद द्वारा सड़क किनारे व डवाईडर पर ग्रिल्स लगाने का टैंडर लगाया हुआ है। जिसका काम पता नहीं क्यों नहीं लगाया जा रहा है। अगर ग्रिल्स लग जाती है तो हादसों बहुत ज्यादा कमी आ जाएगी। सिर्फ ध्यान देने की जरूरत है।
**गुरजीत कौर, पार्षद वार्ड नंबर 11 पीरमुछल्ला**

पुराना रिकार्ड मुझे अभी पता नही है, मैं चैक करवा लेता हूं। अगर टैंडर पास है तो काम जल्द शुरू करवा दिया जाएगा।
**चरणपाल सिंह, एम ई नगर परिषद जीरकपुर।**

# चंडीगढ़ में जून 2025 में जीएसटी संग्रह में 2 फीसदी की गिरावट, मई में हुई थी रिकॉर्ड वृद्धि

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** वित्त मंत्रालय के अनुसार, चंडीगढ़ में जून 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2 फीसदी की कमी दर्ज की गई। इस साल जून में जीएसटी संग्रह 220 करोड़ रुपये रहा, जो जून 2024 के 224 करोड़ रुपये से 4 करोड़ रुपये कम है। यह गिरावट मई 2025 में अब तक के सबसे अधिक जीएसटी संग्रह के बाद आई है, जब संग्रह में 53 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। मई 2025 में 363 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ, जो मई 2024 के 237 करोड़ रुपये से 126 करोड़ रुपये अधिक था।इसके अलावा, अप्रैल 2025 में जीएसटी संग्रह में 7 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जिसमें 334 करोड़ रुपये एकत्र हुए, जो अप्रैल 2024 के 313 करोड़ रुपये से 21 करोड़ रुपये अधिक है। मार्च 2025 में 1 फीसदी की वृद्धि के साथ 241 करोड़ रुपये (मार्च 2024 में 238 करोड़ रुपये) और फरवरी 2025 में 12 फीसदी की वृद्धि के साथ 236 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ। जनवरी 2025 में 8 फीसदी की वृद्धि के साथ 271 करोड़ रुपये एकत्र हुए, जबकि दिसंबर 2024 में 20 फीसदी की गिरावट देखी गई थी।

### जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर उत्सव

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्तालय, चंडीगढ़ ने 1 जुलाई 2025 को सेक्टर-42 के गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज फॉर गर्ल्स में जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर जीएसटी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. रेणु विग मुख्य अतिथि थीं, जबकि सीजीएसटी जोन चंडीगढ़ की मुख्य आयुक्त जागृति सेन नेगी विशिष्ट अतिथि थी। सीजीएसटी आयुक्तालय, चंडीगढ़ के प्रधान आयुक्त मनीष सक्सेना, डीजीजीआई चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक संकेत काले, व्यापार और उद्योग के प्रतिनिधियों, पेशेवर समुदाय और सीजीएसटी जोन, चंडीगढ़ के कर्मचारियों ने इस उत्सव में भाग लिया। इस वर्ष का थीम था - जीएसटी- करों को सरल बनाना; नागरिकों को सशक्त करना। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं दीं और जीएसटी को राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान देने वाला बताया। डॉ. रेणु विग और जागृति सेन नेगी ने जीएसटी के आठ वर्षों की सफलता और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इसके योगदान की सराहना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण

इस अवसर पर सीजीएसटी जोन, चंडीगढ़ के कर्मचारियों ने संगीत, गीत, कविता, नृत्य और भांगड़ा प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। परंपरा आर्ट्स ग्रुप, चंडीगढ़ द्वारा साइबर सुरक्षा और इसके चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। व्यापार और उद्योग के साथ विश्वास की साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, जोन के करदाताओं को राजस्व में योगदान और कराधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, अधिकारियों के उल्लेखनीय प्रयासों को पुरस्कार देकर मान्यता दी गई।

सम्पादकीय

# आतंकवाद को आजादी की लड़ाई बता रहा ना-पाक

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बुरी गत करवा कर चुके पाकिस्तान के हुक्मरान और कायर आर्मी चीफ आजकल अपनी खीझ मिटाने को अगर फिर से नफरत भरे बयान देने में जुट गए हैं तो यह आश्चर्यजनक नहीं है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान चीन और पाक ने जिस प्रकार अपनी जुगलबंदी का प्रदर्शन किया, उसके बाद से यह तय हो गया है कि अब भारत और पाक के बीच दुश्मनी का नया दौर शुरू हो चुका है। भारत अपने सुरक्षा हितों के प्रति संजीदा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर को लेकर हमें और ज्यादा सतर्क होने की जरूरत भी है। घाटी से ऐसे इनपुट मिल रहे हैं, जब आतंकी संगठन फिर से सक्रिय हो रहे हैं, वहीं पाक के कब्जे वाले कश्मीर में भी आतंकियों की गतिविधियां फिर से आकार लेने लगी हैं। इन घटनाओं के बावजूद पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर का एक बयान सामने आ रहा है, जोकि यह बताने को काफी है कि मार खाने के बाद पाक ने कुछ खामोशी जरूर ओढ़ ली है, लेकिन उसके कुत्सित इरादे भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाने के बन रहे हैं। पाक आर्मी चीफ का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में भारत जिसे आतंकवाद बता रहा है, वह स्वतंत्रता के लिए एक कानूनी और वैध लड़ाई है। यानी उनका मानना है कि घाटी में निर्दोष लोगों का जिस प्रकार नरसंहार हो रहा है, वह सब आजादी के लिए है। हालांकि गौरतलब यह है कि जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत अनुच्छेद 370 को अब खत्म कर चुका है और उसका उद्घोष है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न अंग था, है और रहेगा। यह भी सच है कि घाटी के लोगों ने बहुमत की सरकार चुन कर भारतीय संघ और संविधान की अनुपालना का विश्वास व्यक्त किया है।

**गौरतलब है कि भारत की ओर से भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने जिस प्रकार पूरी दुनिया के समक्ष पाक के प्रपंच को उजागर किया है, उसके बाद से दुनिया और बेहतर तरीके से यह समझने लगी है कि प्रकार दक्षिण एशिया में पाक ने अशांति को कायम किया हुआ है। दुनिया चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को भी समझ रही है, हालांकि पाक का आका अमेरिका भी इस बात को जानता है। यही वजह है कि वह बेहद हास्यास्पद तरीके से पाकिस्तान के हुक्मरानों के साथ पेश आता है। यह कितना शर्मनाक है कि पाकिस्तान में एक निर्वाचित सरकार के मुखिया को बुलाने की बजाय अमेरिका यहां की आर्मी के चीफ को बुलाता है और उसे एक मिशन की जिम्मेदारी सौंपता है।**

इसके बावजूद पाक के हुक्मरान और आर्मी चीफ अनर्गल प्रलाप करके अपने देश की जनता की मुश्किलों को खत्म करने के बजाय भारत के साथ दुश्मनी को आगे बढ़ाने में लगे हैं। पाक आजकल बाढ़ से जूझ रहा है और जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, लेकिन उसके हुक्मरान और आर्मी चीफ जनता के दर्द को सुनने-समझने के बजाय आतंकवाद को सही ठहराने में लगे हैं। निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को और ज्यादा सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए थी। देश की जनता यह चाहती थी और अब भी यह चाह रही है। ऐसा करने की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि पाक और उसके हुक्मरान सीधे तरीके से समझने वाले नहीं हैं। पाक का सच यह है कि शुरुआत उसकी ओर से की जाती है, लेकिन भारत जब जवाब देने की स्थिति में आता है तो पाक मैदान छोड़ भागता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी यही हुआ था और अब पाक आर्मी चीफ का कहना है कि अगर भारत ने फिर हमला किया तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। सबसे गौरतलब बात यह है कि भारत ने जब से यह घोषित किया है, उसकी धरती पर आतंकी घटना को युद्ध माना जाएगा और ऑपरेशन सिंदूर को बंद नहीं अपितु पॉज यानी स्थिर किया है, तब से कोई आतंकी वारदात नहीं घटी है। आतंकी छिपकर पाक में बैठे अपने आकाओं के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर उनकी तरफ से ऐसी हरकत करने का इशारा किया गया तो भारत की ओर से सीधे उस पर चढ़ाई की जाएगी।

गौरतलब है कि भारत की ओर से भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने जिस प्रकार पूरी दुनिया के समक्ष पाक के प्रपंच को उजागर किया है, उसके बाद से दुनिया और बेहतर तरीके से यह समझने लगी है कि प्रकार दक्षिण एशिया में पाक ने अशांति को कायम किया हुआ है। दुनिया चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को भी समझ रही है, हालांकि पाक का आका अमेरिका भी इस बात को जानता है। यही वजह है कि वह बेहद हास्यास्पद तरीके से पाकिस्तान के हुक्मरानों के साथ पेश आता है। यह कितना शर्मनाक है कि पाकिस्तान में एक निर्वाचित सरकार के मुखिया को बुलाने की बजाय अमेरिका यहां की आर्मी के चीफ को बुलाता है और उसे एक मिशन की जिम्मेदारी सौंपता है। मालूम हो, पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कुछ समय पहले यह कबूला था कि पाकिस्तान बीते 30 साल से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहा है। हालांकि उनके जमीर की जमीन कितनी भुथरी है, इसका पता इससे लगता है, जब वे इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हैं। यह बेहद विचित्र बयान है, जब पाकिस्तान का रक्षा मंत्री अमेरिका को इस सब के लिए दोषी ठहरा रहा है। हालांकि अब पाक का आर्मी चीफ आतंकवाद के इस गंदे खेल को आजादी की लड़ाई बता रहा है। क्या वास्तव में पाक हुक्मरानों के बयान इसके लायक हैं कि उन्हें गंभीरता से लिया जा सके। पाक को भारत की चिंता की बजाय अपने यहां आजादी के लिए जारी घमासान पर ध्यान देना चाहिए। बलूचिस्तान में किस प्रकार वह जनता का दमन कर रहा है, उसका पूरा सच दुनिया के सामने नहीं आ रहा।

# क्यों नहीं पहुंच पातीं सरकारें घरों की दहलीज तक?

भारतीय राजनीति में महिलाओं के सशक्तीकरण की बातें खूब होती हैं। चुनावी घोषणापत्रों में उनके लिए वादे भी किए जाते हैं, परंतु चुनाव बीतते ही वायदों पर धूल की परत जम जाती है। शायद ही कोई जनप्रतिनिधि उनके दुख-दर्द को सुनने, उनकी अपेक्षाओं को समझने के लिए घर की दहलीज तक जाता हो? यह एक कड़वी सच्चाई है जिसे देश के अधिकांश राज्यों में महिलाओं ने जिया है। लेकिन तारीफ करनी होगी बिहार की जिसने इस परिपाटी को तोड़कर एक नई मिसाल कायम की है। एक ऐसा प्रदेश, जिसने दशकों तक महिलाओं को पुरुषों के निर्देशों पर मताधिकार का प्रयोग करते देखा, आज वही महिला सशक्तीकरण की एक ऐसी नई इबारत लिख रहा है, जो देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन चुकी है।



इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव 'महिला संवाद' कार्यक्रम है, जिसे विगत 18 अप्रैल से प्रदेश में ग्राम स्तर पर शुरू किया गया। यह पहल केवल एक सरकारी कवायद नहीं, बल्कि महिलाओं को केंद्र में रखकर सामाजिक बदलाव को गति देने का एक सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम प्रदेश की बेटियों, माताओं और बहनों की आवाज़ को गंभीरता से सुनने, समझने और भविष्य की नीतिगत व प्रशासनिक पहलों को आकार देने का एक महत्त्वपूर्ण मंच बन गया है।

यह संतोष का विषय है कि अब तक 38 जिलों में 52,468 महिला संवाद कार्यक्रमों का सफल आयोजन हो चुका है, जिसमें कुल 1 करोड़ 13 लाख से अधिक महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह संख्या इस बात का भी जीवंत प्रमाण है कि प्रदेश की महिलाएं अब अपनी आवाज उठाने और सरकार से सीधे जुड़ने को लेकर कितनी उत्सुक और जागरूक हैं। दरभंगा से लेकर पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, गया, पूर्णिया, समस्तीपुर, नालंदा और वैशाली तक, हर जगह महिलाओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी है। उन्होंने नीति-निर्माताओं को यह समझने का अवसर दिया है कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे किन प्राथमिकताओं के साथ कदम बढ़ाए जाएं।

महिला संवाद की यह पृष्ठभूमि आकस्मिक नहीं है। नीतीश कुमार के कार्यकाल को ध्यान से देखें तो पता चलता है कि सबसे पहले, लड़कियों में शिक्षा की अलख जगाने पर ज़ोर दिया गया। जहां वर्ष 2000 के आसपास बिहार में लड़कियां सरकारी स्कूलों में कम जाती थीं, वहीं वर्ष 2006 में मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना की शुरुआत ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। इस योजना ने लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया, जिससे वे दूर-दराज के गांवों से भी साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचने लगीं। इसकी सफलता ने देश के अन्य राज्यों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी नौकरियों में भी ऐतिहासिक कदम उठाए गए। वर्ष 2013 से पुलिस भर्ती में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। 2016 से सभी प्रकार की सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है, और प्राथमिक शिक्षक नियोजन में तो 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त किया गया है।

महिलाओं के सशक्तीकरण और गरीबी उन्मूलन में 'जीविका' स्वयं सहायता समूह का गठन भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर शुरू की गई 'जीविका' ने ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए वरदान साबित हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा इन महिलाओं को दिया गया 'जीविका दीदी' नाम आज एक पहचान बन चुका है।

वर्तमान में, बिहार में 10 लाख 64 हजार स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं, जिनसे 1 करोड़ 35 लाख से अधिक जीविका दीदियाँ जुड़ी हैं। जीविका से जुड़कर ये महिलाएं लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर अपने और अपने समुदाय के जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं।

'महिला संवाद' कार्यक्रम में प्रदेश की महिलाओं ने कई महत्त्वपूर्ण और व्यवहारिक मांगें रखी हैं, जो उनकी दूरदृष्टि और आकांक्षाओं को दर्शाती हैं। उनकी सबसे प्रमुख मांग स्वरोजगार से जुड़ी है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों के लिए सस्ते ब्याज दरों पर ऋण और 'जीविका दीदी की रसोई' व 'जीविका दीदी हाट' जैसी पहल शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में प्रखंड स्तर पर राइस मिलों की स्थापना, वेजिटेबल मार्ट, किसान सम्मान निधि में वृद्धि और कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की मांगें भी मुखरता से उठी हैं।

बुनियादी सुविधाओं के लिए 'जीविका भवन', लाइब्रेरी और पंचायत स्तर पर बैंकिंग सुविधाओं की मांग की गई है। सामाजिक सुधारों में शराबबंदी की तर्ज पर गुटखा, सिगरेट और तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध, और सुरक्षा के लिए महिला पुलिस चौकी, हेल्प डेस्क तथा प्रखंड स्तर पर महिला थाना बनाने की मांगें भी प्रमुखता से रखी गई हैं। यह आशा की जाती है कि सरकार इन मांगों पर शीघ्रता से विचार कर अपेक्षित निर्णय लेगी।

यह संतोषजनक है कि बिहार सरकार की नीतियों और योजनाओं के कारण प्रदेश में महिला सशक्तीकरण का एक स्वर्णिम दौर शुरू हुआ है। 2005 से पूर्व और उसके बाद बिहार में आए इस सकारात्मक बदलाव को आज हर स्तर पर देखा और महसूस किया जा रहा है। आंकड़े स्वयं इसकी पुष्टि करते हैं- 93.11 प्रतिशत महिलाएं आज खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं, 91.73 प्रतिशत घरों में घरेलू हिंसा कम हुई है, और 87.75 प्रतिशत महिलाएं खुद को आर्थिक रूप से ज्यादा मजबूत मानती हैं।

आज बिहार में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी लगन और मेहनत से अपना मुकाम बना रही हैं। यह बदलता बिहार है, जहां की बेटियां अब सिर्फ घर की चौखट के भीतर नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन और नीति-निर्माण में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विकसित बिहार के निर्माण में महिलाओं की यह बढ़ती भागीदारी न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि जब महिलाओं को अवसर और मंच मिलता है, तो वे न केवल अपनी बल्कि पूरे समाज की तकदीर बदलने की क्षमता रखती हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नगर में 2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या

चंडीगढ़। स्थानीय सेक्टर 41 में स्थित एक नर्सरी के निकट मध्य रात्रि सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों की हत्या कर दी गई। हत्यारा नर्सरी का माली रामपाल बताया जाता है, जिसने तेजधार हथियार के साथ इन दो जवानों को मार डाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के यह दोनों जवान सेक्टर 41 के निकट मोहाली बैरियर पर तैनात थे। बताया जाता है कि इन दोनों जवानों ने मध्य रात्रि नर्सरी में घुस कर माली की जवान पत्नी के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया, जिस पर माली रामपाल ने क्षुब्ध होकर उन पर किसी तेजधार हथियार से हमला कर दिया। मृतक जवानों के नाम लांस नायक ओम प्रकाश तथा नायक उमेद सिंह बताए जाते है। एक अन्य समाचार के अनुसार हमलावरों में चार लोग शामिल है। इस हत्याकांड के कारणों पर अभी पूरी तरह से पर्दा नहीं उठ पाया है। एक अन्य आशय के अनुसार माली द्वारा इन दोनों जवानों को चोर समझ लिए जाने पर तेजधार हथियार से हमला किया गया।

### दीवान आयल मिल में भीषण आग, 8 जख्मी

चंडीगढ़। औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 स्थित दीवान आयल मिल्स में आज सुबह अचानक आग लग जाने से हजारों रुपए की खल आग की भेंट चढ़ गई और 8 लोग जख्मी हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जाती है। मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के सामुदायिक केंद्र के सामने स्थित इस तेल मिल के मजदूरों ने सुबह लगभग सवा आठ बजे गोदाम से धुंआ उठते हुए देखा, लेकिन गोदाम में जाकर देखने पर पता चला कि खल की बोरियों को आग लग चुकी थी। नजदीक स्थित औद्योगिक क्षेत्र के फायर स्टेशन को आग लगने की खबर दी गई। औद्योगिक क्षेत्र के फायर टैंडर ने फौरन ही घटनास्थल पर पहुंचकर आपरेशन शुरु कर दिया। लेकिन तेज उठ रहे धुएं के कारण उन्हें काफी असुविधा पेश आ रही थी। बाद में शहर के 8 स्थानीय वाटर टेंकर और एयर फोर्स के दो टैंकर लगभग तीन घंटे संघर्ष के बाद आग पर काबू पा सके। इस दौरान समूचे अपरेशन का संचालन शहर के चीफ फायर अफसर डीएस पंछी और सब इंस्पेक्टर दर्शन सिंह ने किया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1306- अलाउद्दीन ख़िलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया।
1698- थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया।
1757- प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या।
1777- वर्मोंट, अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने गुलामी को समाप्त किया।
1861- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ।
1901- प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार कालिंदी चरण पाणिग्रही का जन्म।
1925- भारतीय योगाचार्य स्वामी राम का जन्म।
1934- भारत के महान क्रांतिकारियों में से एक असित भट्टाचार्य का निधन।
1940- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को दो जुलाई, 1940 को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
1941- नाजी नरसहांर हुआ, लेम्बर्ग में करीब 7000 लोग मारे गए।
1949- वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली।
1950- स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक यूसुफ़ मेहरअली का निधन।
1954- भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक मोहम्मद अज़ीज़ का जन्म।
1962- सैम वाल्टन ने अरकंसास के रोजर्स में अपना पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला।
1972- भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद शिमला संधि पर हस्ताक्षर किया।
1979- सुसान बी एंथनी डॉलर जारी किया गया, एक महिला का सम्मान करने के लिए पहला अमेरिकी सिक्का।
1983- भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एल.वाई.का जन्म।
1985- आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित।
1993- अध्यादेश के जरिए ओएनजीसी को कॉरपोरेशन में बदला गया।
2001- फास्ट एंड फ्यूरिस सीरीज की पहली फिल्म रिलीज हुई।
2002- हेपेटाइटिस सी की जांच को पूरे भारत में अनिवार्य किया गया।
2004- छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन को यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।
2004- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जकार्ता में आपसी बातचीत की।
2006- इंग्लैंड फ़ुटबाल टीम के कप्तान डेविड बेकहम ने अपना पद छोड़ा।

## बोल ब्यूटीफुल

**नवनीत मिश्रा:** वर्ष 2027 का यूपी चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आएगा, राज्य में जातीय भावनाओं को भड़काने और संघर्ष को हवा देने की घटनाएं बढ़ेंगी। जनता को अराजक तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है।



**गोविंद सिंह:** हिन्दी का विरोध करके महाराष्ट्र अपनी आधी प्रजा की नाराजगी मोल ले रहा है। पूरा विदर्भ हिन्दी बोलता है। काका कालेकर से लेकर विनोबा भावे तक न जाने कितने महापुरुष हिन्दी के लिए लड़ते रहे। आज ये नेता निहित स्वार्थों के लिए हिन्दी का विरोध कर रहे है।

**पल्लवी घोष:** कहा जा रहा है कि एंटी एजिंग इंजेक्शन और दवाएं लेने से शेफाली जरीवाला का बीपी लो हो गया। यह बताता है कि लोगों में चिर युवा दिखने, अच्छा दिखने और तेजी से वजन कम करने का दबाव कितना खतरनाक रूप लेता जा रहा है।

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुई, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः ÷सोने की चिड़िया÷ बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है।

वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है।

वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।




द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें। ऐसे समय में भारत के कोलार क्षेत्र में स्थित स्वर्ण की खदानों में एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करना एक अति महत्वपूर्ण निर्णय कहा जा सकता है। कोलार स्थित स्वर्ण की इन खदानों में 750 किलोग्राम स्वर्ण की प्राप्ति की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। प्राचीन काल में कोलार गोल्ड फील्ड को गोल्डन सिटी आफ इंडिया कहा जाता था।

प्राचीन काल में में भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास 25,000 से 26,000 टन स्वर्ण का भंडार है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत की महिलाओं के पास स्वर्ण का जितना भंडार है लगभग उतना ही भंडार पूरे विश्व में अन्य देशों के पास है। अर्थात, पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण का आधा भाग भारतीय महिलाओं के पास आज भी उपलब्ध है। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में स्थापित अपनी सत्ता के खंडकाल के दौरान लगभग 900 टन स्वर्ण, कोलार की खदानों से निकालकर, ब्रिटेन लेकर जाया गया था। भारत की केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, के पास आज 880 टन स्वर्ण के भंडार हैं, जो कि भारत के 69,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार का 12 प्रतिशत हिस्सा है। हाल ही के समय में विदेशी निवेशकों का भारत पर विश्वास बढ़ा है अतः भारत का स्वर्णिम काल पुनः प्रारम्भ हो रहा है। विश्व के विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास आज 36,000 टन स्वर्ण का भंडार हैं, जबकि इनमे से कई देशों के केंद्रीय बैंक अभी भी स्वर्ण की खरीदी करते जा रहे हैं। स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का आज विश्व में 8वां स्थान है। चीन एवं रूस स्वर्ण के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं फिर भी ये दोनों देश स्वर्ण का आयात भी जारी रखे हुए हैं। लगातार, पिछले 3 वर्षों से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक लगभग 1,000 टन स्वर्ण की खरीद प्रतिवर्ष कर रहे हैं। स्वर्ण की खरीदी का यह कार्य रुकने वाला नहीं है आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। अतः भारत सरकार द्वारा भी कोलार गोल्ड फील्ड में स्वर्ण के खनन का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ भारत, रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण कर सकता है। साथ ही, स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत भी बढ़ती जाएगी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि ईश्वरीय कृपा से एवं उक्त कारणों के चलते भारत को विश्व में एक बार पुनः 'सोने की चिड़िया' बनाया जा सकता है।

# टांडा चिकित्सा महाविद्यालय एक साल में बनेगा प्रदेश का उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थान : मुख्यमंत्री

सर्जरी और जांच के लिए जीरो वेटिंग पीरियड पर दिया बल

टांडा के चिकित्सकों के साथ मुख्यमंत्री ने किया साढ़े तीन घंटे का संवाद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष में कांगड़ा जिला के डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा को हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार देर सायं टांडा चिकित्सा महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों के साथ लगभग साढ़े तीन घंटे तक विभिन्न मामलों पर गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने स्टाफ की आवश्यकताओं की समीक्षा की और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के बारे में फीडबैक लिया।

उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए 1,730 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, इससे लोगों को प्रदेश के भीतर ही उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी तथा ईलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों के साथ संवाद के दौरान कहा कि उन्होंने आईजीएमसी शिमला में डॉक्टरों के साथ संवाद किया है। वह चाहते है कि टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र क्रांतिकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा है तथा संवाद के दौरान आए सुझाव भविष्य की नीति नियोजन में सहायक साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने सर्जरी और डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए वेटिंग पीरियड को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में नए विभाग खोले जाएंगे और लोगों की सुविधा के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स, तकनीशियन और अन्य सहायक कर्मियों के पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जीएनएम सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।

श्री सुक्खू ने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों के परिणामस्वरूप हिमाचल एनएएस-2025 सर्वेक्षण में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचा है। इसी तरह अब स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार किए जा रहे हैं और आगामी महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है तथा वर्तमान बजट में पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस दिशा में चमियाना अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की जा चुकी है तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में भी शीघ्र रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की जाएगी।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यकाल के दौरान टांडा मेडिकल कॉलेज में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि पहली बार ओपन हार्ट सर्जरी तथा किडनी ट्रांसप्लांट के ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं, जिससे अब मरीजों को प्रदेश से बाहर नहीं जाना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की अभिनव पहल के कारण टांडा में जल्द ही रोबोटिक सर्जरी शुरू हो जाएगी, जिससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, संजय अवस्थी, आशीष बुटेल, कमलेश ठाकुर, मलेंदर राजन, नीरज नैयर, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, हिमाचल प्रदेश राज्य वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, एपीएमसी कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा, कांग्रेस नेता देवेन्द्र जग्गी, सुरेंद्र मनकोटिया, जीवन ठाकुर और सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



धर्मशाला: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 1 जुलाई को सर्किट हाउस धर्मशाला में जन समस्याएं सुनते हुए

# डॉ. बिंदल को भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर जुनेजा ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 1 जुलाई।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को पुनः हिमाचल प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समिट इंडिया के हिमाचल प्रदेश कंनवीनर कुंदन लाल जुनेजा ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मंगलवार को यहां जारी बयान में कुंदन लाल जुनेजा ने कहा कि डॉ. बिंदल का संगठनात्मक अनुभव, मजबूत नेतृत्व क्षमता और जनता से जुड़ाव पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा को मजबूती मिलेगी। जुनेजा ने यह भी कहा कि डॉ. बिंदल हमेशा जनसेवा और संगठन की मजबूती के लिए कार्यरत रहे हैं और उनका अनुभव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

डॉ. राजीव बिंदल की नियुक्ति से प्रदेश भाजपा में उत्साह की लहर है और भाजपा कार्यकर्ता नए जोश के साथ संगठनात्मक गतिविधियों नई गति प्रदान करेंगे।

# शिवानी ठाकुर बनी शूलिनी कंज्यूमर अवेयरनेस क्लब सोलन की अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 1 जुलाई।** शूलिनी कंज्यूमर अवेयरनेस क्लब सोलन के सदस्यों की एक बैठक सोलन में हुई। इसमें सर्वसम्मति से शिवानी ठाकुर को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष एवं प्रिया दिलटा को महासचिव चुना गया। ये दोनों साई संजीवनी नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं है और बहुत ही सक्रिय रूप से ग्राहकों को जागरूक और शिक्षित करने का कार्य कर रही है। अध्यक्ष बनने पर शिवानी ठाकुर ने कहा कि उनकी टीम सोलन के सभी शैक्षणिक संस्थानों में कंस्यूमर क्लब बनाएगी और सोलन शहर में ग्राहक जागरूकता अभियान चलाएगी द्य सेमिनार, संगोष्ठी, नाटक और रैली के माध्यम से जन जन को ग्राहक हितों के लिए अभियान चलाया जायेगा। कार्य कारिणी में शिवानी शर्मा कोर्डिनेटर, खुशबू चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रीयल चौहान उपाध्यक्ष, इशिता को मीडिया प्रभारी, प्रिया भारद्वाज और गुंजन को सह सचिव तथा सोशल मीडिया कोर्डिनेटर का दायित्व इशिका भारद्वाज को दिया गया। इसके अतिरिक्त कृतिका, महक, और रिया को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में शामिल किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी इशिता ने बताया कि अगले रविवार को सभी पदाधिकारीयों की एक ऑनलाइन बैठक होगी जिसमें अगले तीन महीनों में होने वाली सभी गतिविधियों की रुपरेखा तैयार की जाएगी।

# सुपर मास्टर्स टी-20 क्रिकेट लीग का होगा आयोजन : विनोद कुमार

पहले सीजन में विजेता टीम को मिलेगा 14 लाख का नकद पुरस्कार

पंजाब में होंगे प्रतियोगिता के अधिकतर लीग मुकाबले



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 1 जुलाई।** सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फैडरेशन ने मास्टर गेम्स के सफल आयोजन के बाद इस बार पहली बार सुपर मास्टर्स क्रिकेट लीग का आयोजन करेगा। 16 से 30 सितंबर तक होने वाली इस टी-20 क्रिकेट लीग में उत्तर भारत की 24 क्रिकेट टीमें भाग लेगी।

इस टी-20 क्रिकेट लीग में भाग लेने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीकरण पहली जुलाई से शुरू हो गया है। यह जानकारी सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फैडरेशन के डायरेक्टर/ सीईओ विनोद कुमार ने सोलन में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी।

विनोद कुमार ने कहा कि आईपीएल के बाद यह उत्तरी भारत की सबसे बड़ी टी-20 क्रिकेट लीग होगी। इस लीग में पंजीकरण करने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों का ऑक्शन होगा। इस टी-20 क्रिकेट मुकाबले में 20 साल से लेकर 50 साल तक के क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले सकतें है। इसके लिए पंजीकरण पहली जुलाई से शुरू हो गया है, जो 31 जुलाई तक चलेगा। क्रिकेट खिलाड़ी सुपर मास्टर क्रिकेट लीग की बैवसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ी को 999 रुपए पंजीकरण शुल्क देना होगा। एक अगस्त से 5 अगस्त तक लेट फीस 1499 के साथ खिलाड़ी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकृत खिलाडियों का बाद में ऑक्शन होगा। एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे।

विनोद कुमार ने बताया कि इस टी-20 सुपर मास्टर्स क्रिकेट लीग का शुभारंभ 15 सितंबर 2025 को होगा। और यह प्रतियोगिता 30 सितंबर 2025 तक चलेगी। इसमें प्रतिदिन 4 टी-20 मुकाबले होंगे। उन्होंने विजेता टीम को 14 लाख, उपविजेता टीम को 8 लाख और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 2 लाख प्रति टीम पुरस्कार राशि के रूप में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि क्रिकेट लीग के अधिकतर मुकाबले चंडीगढ़ के मोहाली के निकट बन्नूर क्रिकेट मैदान में होंगे। सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले पीसीए स्टेडियम और धर्मशाला में भी हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य इस क्रिकेट टी-20 प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। विनोद कुमार ने कहा कि टीम के लिए खान-पान और आकर्षक ड्रेस भी दी जाएगी।

इस मौके पर सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फैडरेशन के एमआर शारदीया, बक्शी चंद जसवाल, कुनाल सूद, केवलराम, अनुराग वर्मा, युवराज, लोकेंद्र चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।

# नालागढ़ में एचआरटीसी की बस दुर्घटनाग्रस्त 21 यात्री घायल

अर्थ प्रकाश/विक्रम ठाकुर



बद्दी एसपी विनोद धीमान व नालागढ़ थाना प्रभारी राकेश राय घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए

**नालागढ़, 1 जुलाई।** उपमंडल नालागढ़ के तहत गोलजमाला में सरकाघाट से चंडीगढ़ जा रही एचआरटीसी की तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में 21 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। जानकारी के अनुसार नालागढ़-स्वारघाट मार्ग पर गोलजमाला के पास निगम की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। (एचपी 28सी -0913) सरकाघाट से सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही बस सुबह करीब 11 बजकर 15 मिनट पर गोलजमाला के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस चालक के मुताबिक एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू कर बस का पिछला शीशा तोड़ा और यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत नालागढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार बस में कुल 47 यात्री सवार थे। प्राथमिक उपचार के बाद 15 घायलों को घर भेज दिया गया। चार घायलों का इलाज नालागढ़ अस्पताल में चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल ललिता धीमान और दो वर्षीय बच्ची वैदेही को फैक्चर होने पर चंडीगढ़ रैफर किया गया है।

बीएमओ कविराज नेगी ने बताया कि कुल 21 घायलों में से चार का नालागढ़ अस्पताल में उपचार चल रहा है जबकि दो को पीजीआई रेफर किया गया है बाकी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एसपी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने तेज रफ्तारी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया गया है और गंभीर घायलों को उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए रैफर किया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा करने जितेंद्र सिंह पहुंचे शिमला, डॉ. राजीव बिंदल को घोषित किया प्रदेश अध्यक्ष

कांग्रेस पार्टी में रसोई घर एवं डाइनिंग टेबल पर होता है राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष का फैसला : जितेंद्र सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 1 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का निर्वाचन के कार्यकम का आयोजन संगठन पर्व -2025 के अंतर्गत होटल पीटरहॉफ में हुआ, कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा करने हेतु केंद्र मंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सतपाल सत्ती, सुरेश भारद्वाज, चुनाव अधिकारी डॉ राजीव भारद्वाज सांसद इंदु गोस्वामी एवं हर्ष महाजन उपस्थित रहे। भाजपा ने हिमाचल में हुई तबाही पर चिंता एवं संवेदना व्यक्त की और कार्यक्रम को साधारण रूप में किया

हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रदेश में बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश कहर बरपा रही है। मंडी जिले के गोहर, करसोग व धर्मपुर क्षेत्र बादल फटने से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। 16 अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। 117 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बादल फटने से 18 घर, 12 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हैं। 30 मवेशियों की मौत हो गई। इसको लेकर भाजपा के समस्त नेताओं ने चिंता एवं संवेदना व्यक्त की और कार्यक्रम को साधारण रूप में किया। यह जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने दी।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में रसोई घर एवं डाइनिंग टेबल पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष का फैसला किया जाता है कांग्रेस के नेताओं को क्या पता कि लोकतंत्र क्या होता है, भारतीय जनता पार्टी में लोकतांत्रिक रूप से अध्यक्ष चुना जाता है। कांग्रेस पार्टी में मां एवं बेटे का ही फैसला मान्यता प्राप्त करता है, कांग्रेस में हर व्यक्ति अपने आप को अध्यक्ष समझता है पर अगर इतिहास को देख तो दादा, बेटा, पोता, नहीं तो पोती को अध्यक्ष बना दिया जाता है। भाजपा में अंत तक नहीं पता लगता है कि अध्यक्ष कौन होगा और कोई भी आम कार्यकर्ता अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में यह संभव नहीं।

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने डॉक्टर राजीव बिंदल को सर्टिफिकेट एवं भाजपा का झंडा देकर प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया

इस कार्यक्रम में लगभग भाजपा के 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सभी कार्यकर्ताओं के बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल को सर्टिफिकेट एवं भाजपा का झंडा देकर प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया, समस्त नेतृत्व में मंच पर भाजपा के बड़े झंडा फरह कर इस घोषणा को सराहा। पूरा सभागार भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय और बिंदल जी आगे बढ़ो के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा की मैं हिमाचल आकर आपका अध्यक्ष आपको लौटा रहा हूं। यह बहुत कम होता है की एक अध्यक्ष तीसरी बार अध्यक्ष बने इसका मतलब डॉ राजीव बिंदल में वह खूबी है जो कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाती है।

### तीन पीढियां के संघर्ष के बाद आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दलः जितेंद्र

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा की तीन पीढियां के संघर्ष के बाद आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है मैं जम्मू कश्मीर से आता हूं जहां भाजपा का रिवाज था ही नहीं, पर कई कार्यकर्ता पार्टी का दामन पड़कर कर संघर्ष कर पार्टी को शिखर पर पहुंचने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सत्ता से बाहर रहते हैं तो दूसरी पार्टी का दरवाजा खटखटाते हैं, पर भाजपा के नेता 50-60 वर्षों तक संघर्ष करते है और फिर भी पार्टी में टिके रहते हैं, हम भाग्यशाली है कि आज हम भाजपा के इस दौर का हिस्सा है।

# एसजेवीएन ने यूपीपीसीएल और एनडीएमसी के साथ विद्युत बिक्री और विद्युत क्रय समझौता हस्ताक्षर किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 1 जुलाई।** एसजेवीएन ने अपनी 900 मेगावाट अरुण-III जलविद्युत परियोजना से विद्युत की आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपी सीएल) के साथ विद्युत बिक्री समझौते (पीएसए) पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही, कंपनी ने यूपीपीसीएल के साथ अपनी आगामी 210 मेगावाट लूहरी स्टेज-I और 382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजनाओं से विद्युत की आपूर्ति के लिए विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए।

एसजेवीएन संपर्क कार्यालय, नई दिल्ली में भूपेंद्र गुप्ता , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) तथा सुशील शर्मा, निदेशक (परियोजनाएं) की गरिमामयी उपस्थिति में इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि ये समझौते स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन एवं शहरी उपभोक्ताओं के लिए विद्युत की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करने के लिए एसजेवीएन की प्रतिबद्धता को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

पीएसए पर आर.के. गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत ट्रेडिंग), एसजेवीएन तथा दीपक रायजादा, निदेशक (कारपोरेट योजना), यूपीपीसीएल द्वारा हस्ताक्षर किए गए तथा पीपीए पर अशोक कुमार, महाप्रबंधक (सीएंडएसओ), एसजेवीएन तथा दीपक रायजादा, निदेशक (कारपोरेट आयोजना), यूपीपीसीएल द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

900 मेगावाट की अरुण-III जलविद्युत परियोजना नेपाल के संखुवासभा जिले में एसजेवीएन द्वारा अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीडीसी) के माध्यम से विकसित की जा रही है। कमीशनिंग होने पर यह परियोजना 900 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादित करेगी और देश की बढ़ती विद्युत मांग को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस परियोजना की कमीशनिंग वित्तीय वर्ष 2027-28 तक पूर्ण होने की उम्मीद है।

हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर निर्माणाधीन 210 मेगावाट लूहरी स्टेज-द्ध जलविद्युत परियोजना और 382 मेगावाट सुन्नी डैम जलविद्युत परियोजना किफायती एवं पर्यावरण हितैषी साधनों के माध्यम से देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही, ये परियोजनाएँ राष्ट्रीय ग्रिड में 592 मेगावाट हरित ऊर्जा की वृद्धि करेंगी। ये जलविद्युत परियोजनाएं प्रतिवर्ष 2140 मि.यू. बिजली उत्पादित करेंगी। दोनों परियोजनाओं की दिसंबर, 2028 तक कमीशन होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, एसजेवीएन ने 382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना से बिजली की आपूर्ति हेतु एनडीएमसी मुख्यालय, नई दिल्ली में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के साथ एक विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर भी हस्ताक्षर किए। पीपीए पर अशोक कुमार, महाप्रबंधक (सीएंडएस ओ), एसजेवीएन एवं ब्रजेश कुमार यादव, अधीक्षण अभियंता (विद्युत), एनडीएमसी ने हस्ताक्षर किए।

# झंडुता विधानसभा क्षेत्र में मस्तस्य विभाग से संबद्ध सोसाइटियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन : विवेक कुमार

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 1 जुलाई।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलजार में मत्स्य विभाग से संबद्ध सोसायटियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान जिला भर के 20 सोसायटी के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान इन लोगों की ओर से विवेक कुमार को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। सरकार की ओर से ली जा रही रायल्टी को 15 फीसदी से साढ़े सात फीसदी करने पर भी आभार जताया। अन्य समस्याएं भी बताईं। विवेक कुमार ने भी इन लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार के समक्ष इन लोगों की सभी समस्याओं को रखा जाएगा। ताकि इनका समाधान हो सके। वहीं, मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर मछुआरों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिसका लाभ इस वर्ग को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में इस वर्ग को रायल्टी को लेकर बड़ी राहत प्रदान की है। जिससे इस वर्ग को लाभ मिलेगा। उधर, इस दौरान मत्स्य सोसायटी के सदस्यों ने विवेक कुमार को अवगत करवाया कि यहां पर ठेकेदारी प्रथा को बंद करने को लेकर फेडरेशन का गठन किया जाना चाहिए। इससे इस वर्ग को लाभ मिलेगा। बताया कि वर्ष 2003 से पहले फेडरेशन का गठन था। लेकिन इसके बाद फेडरेशन का गठन बंद कर दिया गया है। यदि फेडरेशन का गठन कर दिया जाता है तो इस वर्ग को लाभ मिलेगा। कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने इन लोगों को आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष इन मांगों को रखा जाएगा। साथ ही कहा कि रायल्टी कम करने का सराहनीय निर्णय लेने को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ एक प्रतिनिधिमंडल मिलेगा और मुख्यमंत्री का आभार जताया जाएगा।

# नदियां नाले उफान पर, बाढ़ का खतरा, प्रशासन ने टांगरी पुल बंद किया

## कीरतपुर गांव में पानी का बहाव तेज होने की स्थिति में वाहनों की आवाजाही बंद रखने के निर्देश

**मोरनी, रायपुररानी और थापली क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों की तैनाती**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा





पंचकूला। खराब मौसम के चलते हिमाचल प्रदेश में हो रही लगातार बरसात के चलते पंचकूला जिला की नदियां और नाले उफान पर हैं। पानी खतरे के निशान पर बह रहा है। कब जल स्तर बढ़ जाए, कुछ खा नगर न जा सकता। इस लिए प्रशासन दिन रात निगरानी रख रहा है। ऐसे में रुक रुक कर हो रही बरसात में बाढ़ का खतरा भी मंडरा रहा है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बाढ़ नियंत्रण उपायों एवं उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा बैठक में श्याम-टू व साइट नंबर 53, टांगरी पूल पर वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय लिया गया। यह पुल गांव बरवाला से पुलिस चौकी, गांव मौली के रास्ते में टांगरी नदी पर बना हुआ है।

इस पर वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कीरतपुर गांव में नदी के रास्ते से वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि पानी का बहाव तेज होने की स्थिति में उक्त दिशा में वाहनों की आवाजाही बंद रखें। साथ ही संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। नालों को कवर करने के संबंध में भी उपायुक्त ने विस्तृत जानकारी ली और काम को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

**बाढ़ की आशंका, आपात स्थिति से निपटने के निर्देश:** जिले में बाढ की स्थिति बनने पर उससे निपटने के लिए उपायुक्त ने जिले में उपलब्ध संसाधानों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन के पास, एनडीआरएफ के पास और सेना के पास उपलब्ध संसाधनों के बारे में जाना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हरदम तैयार रहे। उपायुक्त ने कालका में ड्रैनों की सफाई के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करवाने के लिए कहा।

### खेड़ा सीताराम, कीरतपुर में खतरा, वाहनों पर प्रतिबंध

सिंचाई विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां खतरा ज्यादा है, वहां पर लोगों के न जाने संबंधी साईन बोर्ड संकेतक लगवाए। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दौरान वे गश्त भी बढाए और ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्र में नाके लगाए व लोगों को सचेत करें। उन्होंने खेडा, सीताराम में सैंड बैग जल्द से जल्द लगवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।

### बरसात में सांप काटने के मामले बढ़े, इंजेक्शन जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सांप के काटने पर लगने वाले टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने चाहिए। साथ ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जाना। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशु पालकों को पशुओं की सुरक्षा के संबंध में जागरूक करें और आवश्यक कदम उठाए।

### निगम, नगर परिषद में नालों की सफाई नहीं

निगम व नगर परिषद क्षेत्र में जिन नालों की अभी तक सफाई नहीं हुई है, उनकी तत्परता से सफाई करवाए ताकि आने वाले मानसून सीजन में जलभराव की समस्या का सामना ना करना पडे। दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मोरनी, रायपुररानी और थापली आदि क्षेत्रों में विभाग की जेसीबी मशीनों की तैनाती के साथ ही पाइप की व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही सभी स्थानों पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए है। सडक कटाव होने की स्थिति में जल्द से जल्द मार्ग को दुरूस्त कर पानी की निकासी का उचित प्रबंध करने के संबंध में उपायुक्त ने निर्देश दिए।

### जहां जलभराव, जानें से बचें

बारिश के दिनों में नदी नालों के पास ना जाए और एहतियात बरते ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। जहां पर जलभराव होता है, वहां पर सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग संकेतक बोर्ड लगवाएं। साथ ही पुलिस विभाग भी उक्त स्थानों पर नाके लगवाएं ताकि लोगों को कोई परेशानी ना हो।

**मोनिका गुप्ता, उपायुक्त
जिला पंचकूला।**

# स्वच्छता का संकल्प लें और उसको जीवन में उतारे: विपुल गोयल



**पंचकूला से राज्य स्तरीय 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान की हुई शुरूआत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वच्छता का संकल्प लेकर उसे जीवन में उतारे और प्रदेश को स्वच्छ बनाए और साथ ही बीमारियों को दूर भगाए। यह बात उन्होंने पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत करते हुए कही। यह अभियान प्रदेशभर में अगले एक माह तक चलेगा। मंत्री विपुल गोयल ने अभियान की शुरूआत के दौरान फ्लैक्स पर हस्ताक्षर भी किए। उनके साथ शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय मित्तल, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, नगर निगम आयुक्त अपराजिता, नगर निगम में संयुक्त आयुक्त गौरव चैहान के अलावा कई वार्डों के पार्षद, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विपुल गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित सफाई कर्मियों, स्वयंसेवकों और अन्य गणमान्य लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि सप्ताह में दो घंटे का श्रमदान करेंगे तो प्रदेश का कायाकल्प हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इंदौर शहर के स्वच्छ होने की कहानियां सुनते है, वह सब यहां भी संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान आमजन के सहयोग से ही सफल हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे न केवल स्वयं सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करेंगे बल्कि औरो को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में शपथ लेने के पश्चात स्वच्छता को अभियान के रूप में लिया जो जन आंदोलन बना और उसका परिणाम है कि आज हमें चारों ओर स्वच्छता दिखाई देती है।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी स्वच्छता को एक मिशन के रूप में लिया है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पिछले साढे 10 सालों में न केवल लाखों शौचालय बनवाए है बल्कि कूडे के निष्तारण के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब डोर टू डोर कूडा कलैक्शन का काम किया जा रहा है, जिसका परिणाम स्वच्छता के रूप में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आमजन भी इसमें अपनी भागीदारी दिखाए और घर से ही कूडे को अलग-अलग करके दें। उन्होंने इस अवसर पर सफाई कर्मियों को किट भी वितरित की और झाडू लगाकर राज्य स्तरीय सफाई अभियान की शुरूआत की।

# पुलिस ने 1 दिन में 8 नशा पीड़ितो की पहचान कर शुरू करवाया इलाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता के दिशा-निर्देशों के तहत पंचकूला पुलिस द्वारा नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान को लगातार प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नशा मुक्त समाज की स्थापना करना और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें एक सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की ओर प्रेरित करना है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने नया गांव क्षेत्र में एक दिन के भीतर 8 नशा पीड़तिों की पहचान की और तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करते हुए उसी दिन उनका इलाज आरंभ करवाया। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से किया गया। साथ ही ग्रामीणों को नशा निवारण, उपचार के विकल्प और पुनर्वास सेवाओं की भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने राजीव कॉलोनी, पंचकूला में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जहां स्थानीय निवासियों को नशे के खतरों, उसके सामाजिक व शारीरिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को यह भी प्रेरित किया कि वे नशा तस्करों की सूचना देने में आगे आएं ताकि समाज से इस बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके।

# बीजेपी ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया, अब लोगों की समस्या बढ़ा दी: अभय चौटाला

**बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर इनेलो ने शक्ति भवन पर जोरदार प्रदर्शन किया**

**अभय बोले बिजली के रेट वापिस नहीं हुए तो आगे बैठक करके बड़ा निर्णय लेंगे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



एपी-2333

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए
9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हिंदुस्तान के घोड़े और पाकिस्तान के गधे हमेशा से ही बहुत मशहूर है: विज

## पाकिस्तान में गधों का कारोबार, 60 लाख से ज्यादा गधे, चीन-पाकिस्तान की दोस्ती भी गधों के कारण हुई

**हिंदुस्तान में घोड़ों की कई अच्छी नस्लें, जो काफी मशहूर, इतिहास में भी घोड़ों की गाथाओं का जिक्र**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान के गधे और हिंदुस्तान के घोड़े हमेशा से ही बहुत मशहूर है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती गधों के कारण हुई, जबकि हिंदुस्तान में घोड़ों की कई अच्छी नस्लें हैं जो मशहूर है। इसलिए हिंदुस्तान के घोड़े और पाकिस्तान के गधे हमेशा से ही मशहूर है।

श्री विज आज पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। गौरतलब है कि हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज हमेशा अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं आज भी श्री विज ने इशारों- इशारों में हिंदुस्तान के घोड़ों से लेकर चीन और पाकिस्तान के संबंधों पर चुटकी ले ली।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान के गधे और हिंदुस्तान के घोड़े हमेशा से ही बहुत मशहूर है और पाकिस्तान में तो अब गधों का ही कारोबार हो रहा है। पाकिस्तान में हुई गधों की गणना के मुताबिक लगभग 60 लाख से ज्यादा गधे पाकिस्तान में है। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती भी गधों के कारण है।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के घोड़े हमेशा से मशहूर है, जैसे महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक 'पवन मेघ से उड़ने वाले घोड़े'। हिंदुस्तान में घोड़ों की कई अच्छी नस्लें हैं जो मशहूर है। इसलिए हिंदुस्तान के घोड़े और पाकिस्तान के गधे हमेशा से ही मशहूर है।

स्मरण है कि भारत में घोड़ों का एक समृद्ध इतिहास रहा है, जिसमें कई प्रसिद्ध नस्लें और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण घोड़े शामिल हैं। भारत में कई स्वदेशी घोड़े की नस्लें हैं, जो अपनी विशिष्ट विशेषताओं और क्षमताओं के लिए जानी जाती हैं। हिंदुस्तान में मारवाड़ी घोड़ा, काठियावाड़ी घोड़ा, मणिपुरी पोनी, स्पीति घोड़ा, भूटिया घोड़ा, जंस्करी घोड़ा व अन्य नस्लें मशहूर है। ऐतिहासिक रूप से चेतक (महाराणा प्रताप का घोड़ा), कृष्णा (छत्रपति शिवाजी महाराज का घोड़ा), बादल (हम्मीरदेव चौहान का घोड़ा), आदि मशहूर है।

इसके विपरीत पाकिस्तान के गधे कई कारणों से प्रसिद्ध हैं और इसी वजह से चीन के साथ उनके व्यापारिक संबंध भी है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में गधों की आबादी 59 लाख से बढ़कर 60.47 लाख हो गई है। यह दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है, जो इथियोपिया और सूडान के बाद आती है। चीन में गधों की खाल से 'ई-जियाओ' (Ejiao) नामक एक पारंपरिक दवा और सौंदर्य उत्पाद बनाया जाता है।

संक्षेप में, पाकिस्तान के गधे उनकी बड़ी संख्या और चीन के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों के कारण प्रसिद्ध हैं, जहां उनकी खाल का उपयोग पारंपरिक दवा और सौंदर्य उत्पादों में किया जाता है।

### मानकों से अधिक प्रदूषण करने वाली गाड़ियों पर रोक लगाने के लिए सरकार धीरे-धीर कदम उठा रही है: विज

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने दिल्ली में 15 साल तक पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल के वाहनों को पेट्रोल पंप पर तेल नहीं मिलने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मानकों से अधिक प्रदूषण करने वाली गाड़ियों पर रोक लगाने के लिए सरकार धीरे-धीरे कदम उठा रही है जिसके तहत अभी दिल्ली में ही वाहनों पर रोक लगाई है। आज पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री विज ने बताया कि परिवहन विभाग की ऐप में हर वाहन की आयु, टैक्स भरने की जानकारी इत्यादि का डाटा होता है, जिसके तहत यह पता चलता है कि वाहन कितना पुराना है, टैक्स दिया या नहीं दिया है, और वाहन कब खरीदा गया। इस संबंध में जब पेट्रोल पंप पर कैमरे में उस वाहन की फोटो आएगी तो अपने आप पता चल जाएगा कि अमुक वाहन मापदंड तय करता है या नहीं।

### कई वर्षों के बाद रेलवे का मामुली किराया बढ़ाया गया है: विज

भारतीय रेलवे ने प्रति किलोमीटर दो पैसे किराए में बढ़ोतरी की है जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि कई वर्षों के बाद रेलवे का किराया बढ़ाया गया है जोकि मामूली वृद्धि है। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि इन बीते वर्षों में महंगाई दर में वृद्धि हुई है उसके अनुसार तुलना की जाए तो रेलवे के किराए में मामूली वृद्धि है। कोलकाता लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हो और उसके प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित ना हो। श्री विज ने इशारा करते हुए कहा कि इस प्रकार के मामले पहले भी आते रहे हैं और इस तरह के मामले बिना सरकारी शह के नहीं हो सकते।

# राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में हरियाणा ने जीते रजत पदक



अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 1 जलाई।** दसवीं सीनियर राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप जिसका आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर में 25 जून से 29 जून तक हुआ जिसमें में हरियाणा की टीम का आज रोहतक आगमन पर रोहतक इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के खटोड़ व जोयलाइन हॉस्पिटल के चैयरमेन आजाद बुधवार, वार्ड 8 से प्रदीप सैनी ,एस वी एम स्कूल के चैयरमेन संजय बड़क अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया रोहतक में स्वागत किया गया द्य टीम का नेतृत्व कर रहे हरियाणा के सचिव वीर सिंह आर्य ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा की ओर से वरिष्ठ खिलाड़ी एवं रोहतक बार,एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट डॉ. दीपक भारद्वाज ने रजत पदक, बार एसोसिएशन के मेंबर एवं सैनी शिक्षण संस्थान से जुड़े हुए सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे देवेंद्र सैनी ने हरियाणा को रजत पदक दिलवाकर हरियाणा का नाम रोशन किया, उन्होंने यह भी बताया कि इस चैंपियनशिप में भारत के 18 राज्यों ने हिस्सा लिया जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे जिन्होंने अलग-अलग इवेंट्स जिसमें नॉकआउट, स्पीडऔर स्ट्रोक में महिला और पुरुषों ने अपनी अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया वही हरियाणा ने टीम इवेंट और डबल इवेंट में रजत पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया। हरियाणा की टीम के रोहतक आगमन पर तीनों खिलाड़ी जिसमें डॉ दीपक भारद्वाज एडवोकेट रजत पदक, देवेंद्र सैनी एडवोकेट 2 रजत पदक और वीर सिंह आर्य 2 रजत पदक का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व खेल जगत के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं को मिली हेल्थ केयर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने एक नई पहल करते हुए राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल (कुरुक्षेत्र) की छात्राओं के लिए 45 दिवसीय 'सेल्फ हेल्थ केयर स्किल डेवलपमेंट इंटर्नशिप' शुरू की है। इसमें छात्राओं को पहली बार स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जा रही है। इंटर्नशिप में योग, ऋतुचर्या, आहार-विहार, घरेलू उपचार और रोगों की पहचान व रोकथाम पर फोकस किया जा रहा है। प्रो. वैद्य शुभा कौशल के अनुसार रोजाना 3 घंटे की क्लास में छात्राओं को बिना दवा के जीवनशैली में बदलाव से स्वास्थ्य सुधार की विधियां सिखाई जा रही हैं। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि यह इंटर्नशिप केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर व स्वास्थ्य जागरूक बनाने की दिशा में एक कदम है। युवाओं के माध्यम से समाज को भी स्वस्थ जीवन शैली की प्रेरणा मिलेगी।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट व राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया




**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** भारत विकास परिषद लाडवा के अध्यक्ष अमन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा आज चार्टर्ड अकाउंटेट दिवस एवं चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर साहिल एंड पल्लवी एसोसिएट्स से सी ए साहिल सिंघल एवं पल्लवी सिंहल को एवं डॉ आत्मा राम मेमोरियल आंखों का अस्पताल से डॉ परम शिव गौड़ को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए परिषद के संरक्षक तिलक राज गुप्ता ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट हमारे देश की अर्थव्यवस्था को संभालते है तथा देश की प्रगति में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। साहिल सिंघल भी अपने व्यवसाय को प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूर्ण कर रहे है तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक हमारे सबके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। इसीलिए इन्हें भगवान के समान दर्जा दिया गया है। डॉ परमशिव गौड़ भी अपने व्यवसाय के प्रति पूर्ण निष्ठावान हैं तथा प्रतिदिन मरीजों का इलाज करके उनके जीवन में उजाला ला रहे हैं। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् लाडवा के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने मनाया अन्नपूर्णा दिवस




**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया। प्रोजेक्ट चेयरमेन विनोद गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक किसी भी प्रधान का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक एक साल के लिए होता है जिसके तहत नया रोटरी सत्र, रोटरी अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब लाडवा की तरफ से भी इसके अंतर्गत बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया जिसमें उनके द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन कराया गया व वृद्धाश्रम के बाहर भंडारा लगाया गया। रोट्रैक्ट प्रधान गर्वित धवन ने बुजुर्गों से उनके परिवार को लेकर विचार सांझे किये। इस अवसर पर रोटरी सचिव दुर्गेश गोयल, रोट्रैक्ट सचिव वंश गर्ग, इनरव्हील सचिव रविन्दर कौर, अमित सिंघल, रविकांत गिरधर, गुरप्रीत कौर, परमीत कौर देव, प्रोमिला कवात्रा, दीपिका गोयल, अंजलि गोयल, शुभम सिंघल व सुमित गोयल सहित तीनों क्लबों के अन्य सदस्य, वृद्धाश्रम के पदाधिकारी, कर्मचारी व बुजुर्ग उपस्थित थे।

### भविष्य को अंधकारमय बनाता है बाल-विवाह: डॉ. बीरबल

**बराडा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र बराडा में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन कियाम गया, जिसमें बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी प्रावधानों और बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। एएसमोओ डॉ. बीरबल सिंह के मार्गदर्शन और देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमें आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर में जानकारी देते हुए डॉ बीरबल ने कहा कि लड़कों की वैवाहिक आयु 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इस कानून का उल्लंघन न केवल दंडनीय अपराध है, बल्कि समाज के भविष्य को भी अंधकारमय बनाता है। डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि बाल विवाह से जुड़ी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं, जिनमें एनीमिया (रक्ताल्पता), मानसिक तनाव, कुपोषण, समयपूर्व प्रसव, उच्च रक्तचाप, शिशु मृत्यु दर में वृद्धि, और घरेलू हिंसा जैसी स्थितियाँ प्रमुख हैं।

# जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने की सड़क जाम

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 1 जुलाई।** शेरपुर और सुलखनी गांवों में लंबे समय से जारी जलभराव की समस्या ने मंगलवार को एक बार फिर उग्र रूप ले लिया। नाराज ग्रामीणों ने दोसड़का-सढौरा मुख्य सड़क पर करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगाकर अपना विरोध जताया। उनका आरोप है कि वे दो साल से पानी की निकासी के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

गांव के किसान बलदेव सिंह ने बताया कि कभी शेरपुर में इस तरह का पानी भराव नहीं होता था, लेकिन अब हालत यह है कि यमुनानगर की ओर से आने वाला बरसाती और औद्योगिक कचरा युक्त पानी गांव की ओर मोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि इस कारण करीब 1000 एकड़ खेत जलमग्न हो गए हैं, और फसलें नष्ट होने के कगार पर हैं। कई जगहों पर रसायन मिले पानी की वजह से भूजल भी प्रदूषित हो गया है, जिससे पीने के पानी की गुणवत्ता पर खतरा बढ़ गया है।जैसे ही जाम की सूचना प्रशासन को मिली, एसडीएम शाश्वत और डीएसपी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर सड़क खुलवाई। अफसरों ने फिर से समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन गांव वालों का भरोसा अब इन आश्वासनों पर नहीं रहा। सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने कहा, अधिकारी दौरे पर आते हैं, तस्वीरें खिंचती हैं, लेकिन पानी वैसा ही भरा रहता है। गलियों से लेकर घरों तक हाल बेहाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुख्य सड़क के किनारे नाला बनाने की मांग की है ताकि बारिश और पहाड़ी बहाव का पानी गांव में घुसने से रोका जा सके।

# गुरुओं ने मानवता की भलाई का संदेश दिया: दादूवाल

## गुरुद्वारा शीश गंज साहिब तरावड़ी में कार सेवा के माध्यम से संगत को सौंपा सराय और कार्यालय

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन





**करनाल, 1 जुलाई।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हरियाणा प्रदेश के ऐतिहासिक गुरुद्वारों की देखभाल बहुत ही सावधानी से की जा रही है। गुरु तेग बहादुर साहिब के पवित्र स्थान गुरुद्वारा शीश गंज साहिब, तरावड़ी, करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सिख संगत द्वारा जत्थेदार बाबा बचन सिंह जी के सहयोग से कार सेवा दिल्ली वाले जत्थेदार बाबा जोगा सिंह जी द्वारा तैयार की गई सराय व कार्यालय को आज सिख संगत को सौंप दिया गया तथा नई दर्शनी ड्योढ़ी का शिलान्यास किया गया। इस समय सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरदेव सिंह कुहारड़ा ने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए अनेक प्रकार के कीर्तन किए। धर्म प्रचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध सिख प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कार सेवा में महापुरुषों द्वारा की जा रही सेवाओं का उल्लेख किया तथा सिख संगत से तन, मन, धन से उनका सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमेशा मानवता की भलाई का संदेश दिया हैं। समारोह को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगदीश सिंह झिंडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह रामसर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरबीर सिंह तलाकौर, लंगर खरीद विंग के चेयरमैन सरदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी ने भी संबोधित किया। बाबा गुलाब सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर बाबा दिलबाग सिंह कार सेवा आनंदपुर साहिब, संत महेश मुनि कुरूक्षेत्र, बाबा बलदेव सिंह मुक्तसर साहिब, वरिष्ठ सदस्य सरदार राजिंदर सिंह बराड़ा चेयरमैन एनआरआई विंग, जत्थेदार बलदेव सिंह हाबड़ी चेयरमैन कर्मचारी कल्याण विंग, चेयरमैन गुलाब सिंह मूनक पूर्व उप सचिव, सरपंच भूपिंदर सिंह लाडी सौकरा, प्रबंधक प्रीतम मीठ रुखशान, ज्ञानी सूबा सिंह तरावी प्रभारी धर्म प्रचार उप कार्यालय जींद, मुख्य ग्रंथी भाई गुरप्रीत सिंह, कथावाचक भाई परगट सिंह इस समय गौरगढ़, ज्ञानी अमृतपाल सिंह मंजी साहिब, ज्ञानी गुरविंदर सिंह रत्तक भी उपस्थित थे। गुरु का लंगर पूरे दिल से परोसा गया। अंत में सभी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ का अधिवेशन सम्पन्न, नई कार्यकारिणी घोषित

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग



**कैथल, 1 जुलाई।** हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ का अधिवेशन मंगलवार को कैथल डिपो में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजबीर सामदो ने की, जबकि मंच संचालन भारतीय मजदूर संघ कैथल के जिला अध्यक्ष संजीव बाता ने किया। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री श्री सोहन लाल गुप्ता, प्रदेश महामंत्री श्री हवा सिंह मैहला, जिला मंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, ज्योति सैनी (अध्यक्ष), मनीष कठवाड (पूर्व अध्यक्ष), सुरेश खानपुर (महामंत्री), प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र, उपाध्यक्ष विकास व मुख्य सलाहकार बादल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संगठन गीत के साथ की गई।

इस दौरान श्री हवा सिंह मैहला ने कार्यकर्ताओं को भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति से अवगत कराया और संगठन की मजबूती पर बल दिया। इसके बाद महामंत्री धर्मेंद्र ने संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसे फूलमालाओं से सम्मानित भी किया गया।

बैठक में घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक लखपत राय, अध्यक्ष अमन जांगड़ा, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, अजेब सिंह और ऋषि, सचिव पवन कुमार, सह सचिव दयानंद, रमेश, प्रदीप, विजय कुमार (गोल्डी), कोषाध्यक्ष बिजेंदर, सह कोषाध्यक्ष मनदीप और नरेंद्र, संगठन मंत्री धर्मेंद्र कुमार, सह संगठन मंत्री दीपक शर्मा, कार्यालय सचिव गुरदेव, प्रेस सचिव सुनील, सलाहकार राजबीर सामदो शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आज़ाद, महेंद्र, महावीर, हवा सिंह, राकेश, संदीप, कृष्ण, प्रदीप, सुरेंद्र कुमार, रामपाल और टेकचंद को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देना: डॉ. धर्म पाल

**पानीपत (अप्रस)।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार देश में उच्च शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इग्नू के अपने जन जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के मिशन के अनुसार उच्च गुणवत्ता पर जोर देने के साथ साथ एक लचीली और कम लागत वाली शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षा प्रणाली के माध्यम से जन जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इग्नू ग्रामीण, शहरी, जनजातीय क्षेत्रों, शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों, कैदियों, सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के कार्मिकों, घर पर रहने वाले माता पिता, सशस्त्र सेनाओं और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों, नियोक्ताओं और पहले से कार्यरत लोगों आदि को शिक्षा प्रदान कर रहा है। इग्नू महिलाओं, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुविधा वंचित समूहों, पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के जनजातीय क्षेत्रों तथा कम साक्षरता वाले क्षेत्रों की ओर विशेष रूप से ध्यान दे रहा है।

# योग और स्वच्छता से बीमारियां दूर होती हैं: गर्ग

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 1 जुलाई।** कल्पना चावला मैडीकल कालेज के डायरेक्टर डा. एम के गर्ग ने कहा है कि सवस्थ्य रहने के साथ दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करना जरूरी हैं। कि योग के माध्यम से लोगों को निरोग रहने में सहायता मिलती हें। उन्होंने कहा कि योग से तनाव दूर होता है। इससे हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने खास तौर पर कहा कि सभी को मिल कर योग को समाज में जन जन तके पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाना चाहिए। वह कर्ण ताल स्थित पार्क में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राजेश कौशिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह अपने ग्रुप के द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम में लोगों से जुडे मुद्दों पर चर्चा की जाती हें। इसके साथ ही लोगों की समस्याओं पर बात की जाती है। इस अवसर पर योग शिक्षक तथा स्वस्थ्य भारत अभियान को चलाने वाले नवीन संदूजा ने इस कार्यक्रम में लोगों को योग करवाया। इस अवसर पर कल्पना चावला मैडीकल कालेज के डायरेक्टर डा. एम के गर्ग ने लोगों को मैडीकल कालेज को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कल्पना चावला मैडीकल कालेज करनाल के लोगों की सेवा के लिए हैं। यहां पर उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने यहां पर पौध रोपण भी किया।

# नगर परिषद थानेसर द्वारा 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

**थानेसर, 1 जुलाई।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद थानेसर द्वारा 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य भजन राठेर ने बताया कि नगरपरिषद थानेसर के अधिकारियों की एक टीम ने बच्चों के सम्मुख स्वच्छता के महत्व बारे एक जागरूकता कार्यक्रम किया। टीम के प्रभारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित इस अभियान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा कि अगर बीमारियों से बचना है तो हमें अपने घर,आस-पास, गली मोहल्ला, सार्वजनिक शौचालय, स्कूल व सभी उठने बैठने के स्थानों को साफ सुथरा,गंदगी रहित व सुंदर रखना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि आप बच्चों की बात सभी मानते हैं। अतः आप इस जागरूकता अभियान को अपने अभिभावकों व इर्द गिर्द सभी लोगों को पहुंचाएं। टीम के अन्य अधिकारी वीरेंद्र भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षा व ह्यूमिडिटी के इस मौसम में डेंगू ,मलेरिया, दस्त,उल्टी, हैजा व स्किन इन्फेक्शन आदि कई बीमारीयां फैल जाती हैं। इनके बचाव के लिए वातावरण व स्थान के अतिरिक्त स्वयं को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। खाना खाने से पहले व बाद में अच्छे से हाथ धोएं। उन्होंने बच्चों को अच्छे से हाथ धोने का तरीका भी बताया। इस अवसर पर राजन छाबड़ा, दरोगा नीरज व राजेन्द्र स्नेही पर आधारित टीम के सदस्य गण के अतिरिक्त उप प्राचार्य मंजुला शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंदु, पिंकी रानी, सीमा शर्मा व मधु शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पंचायती जमीन से हटवाए जाएं नाजायज कब्जे: नेहा सिंह

## ओवरफ्लो गंदे पानी के सदुपयोग के लिए सिंचाई विभाग और पंचायत विभाग तैयार करे योजना

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव की पंचायती जमीन पर जो भी नाजायज कब्जा है, उसे हटवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सुनहेडी खालसा सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी मिलकर पहले कब्जाधारी को नोटिस दें, यदि इसके बाद भी वो स्वयं कब्जा ने छोड़ तो पंचायत कब्जे हटवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो रात्रि ठहराव में आने वाली सभी शिकायतों पर एक सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजें, ताकि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार देर रात गांव सुनहेडी खासला में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रही थीं। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण रामपाल ने पंचायती जमीन पर कब्जे हटवाने की शिकायत दी। इस मामले में उपायुक्त ने सख्ती दिखाते हुए पंचायत को पंचायती जमीन पर हुए सभी प्रकार के कब्जों को हटवाने की हिदायतें दी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गांव में साफ-सफाई की हर तीसरा ग्रामीण शिकायत कर रहा है। सफाई को लेकर पंचायत, ग्राम सचिव, बीडीपीओ तक की जिम्मेदारी बनती है, कोई भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा गलत है। एक सप्ताह के अंदर पूरे गांव की सफाई करवानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गांव में सफाई ना होने से मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसी बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ेगी। इससे ग्रामीणों का नुकसान होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में कोई भी परिवार पीने के पानी से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपायुक्त को ग्रामीण अशोक कुमार, पाला राम ने पीने का पानी ना मिलने की शिकायत दी थी। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सतपाल की शिकायत पर चोरी के मामले में स्पेशल जांच करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीण सतपाल ने शिकायत में कहा कि उसके घर में फरवरी 2024 में चोरी हुई थी। जिसका आज तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव में ओवरफ्लो पानी की निकासी को लेकर पंचायत विभाग और सिंचाई विभाग पानी को यूटिलाइज करने की अपनी योजना तैयार करे। इसके लिए बीडीपीओ एक सप्ताह के अंदर सिंचाई विभाग के साथ मिलकर योजना तैयार करे। ताकि गांव से गंदे पानी की निकासी का समाधान हो, ओवरफ्लो को दूर किया जा सके और उस पानी का सदुपयोग किया जा सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सरपंच सोनिया देवी, एसडीएम अमन कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुधवार को करें गणेश चालीसा का पाठ दूर होंगी जीवन में आने वाली बाधाएं

भगवान शिव और मां गौरी के पुत्र गणेश जी सभी देवों में प्रथम पूजनीय माने जाते हैं। किसी भी शुभ और मांगलिक कार्य की शुरूआत से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है, क्योंकि यह अपने भक्तों के सभी विघ्नों को दूर करते हैं। भगवान गणेश की पूजा करने से जातक को सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता है कि जहां पर भगवान श्रीगणेश का वास होता है, वहां पर रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ का भी वास होता है।

धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक भगवान गणेश की पूजा-अर्जना करने से जीवन की सभी बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। वहीं हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश की पूजा को समर्पित होता है। ऐसे में यदि बुधवार को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान गणेश की पूजा की जाती है, तो जीवन की सभी समस्याओं और परेशानियों का अंत हो जाता है। वहीं बुधवार को गणेश पूजन के साथ ही गणेश चालीसा का भी पाठ करना चाहिए। इससे जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं।

**श्री गणेश जी की चालीसा**

**दोहा**

जय गणपति सदगुणसदन, कविवर बदन कृपाल।
विघ्न हरण मंगल करण, जय जय गिरिजालाल॥

**चौपाई**

जय जय जय गणपति गणराजू।
मंगल भरण करण शुभ काजू॥
जय गजबदन सदन सुखदाता।
विश्व विनायक बुद्धि विधाता॥
वक्र तुण्ड शुचि शुण्ड सुहावन।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन॥
राजत मणि मुक्तन उर माला।
स्वर्ण मुकुट शिर नयन विशाला॥
पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं॥
सुन्दर पीताम्बर तन साजित।
चरण पादुका मुनि मन राजित॥
धनि शिवसुवन षडानन भ्राता।
गौरी ललन विश्व-विख्याता॥
ऋद्धि-सिद्धि तव चंवर सुधारे।
मूषक वाहन सोहत द्वारे॥
कहौ जन्म शुभ-कथा तुम्हारी।
अति शुचि पावन मंगलकारी॥
एक समय गिरिराज कुमारी।
पुत्र हेतु तप कीन्हो भारी॥
भयो यज्ञ जब पूर्ण अनूपा।
तब पहुंच्यो तुम धरि द्विज रुपा॥
अतिथि जानि कै गौरि सुखारी।
बहुविधि सेवा करी तुम्हारी॥
अति प्रसन्न है तुम वर दीन्हा।
मातु पुत्र हित जो तप कीन्हा॥
मिलहि पुत्र तुहि, बुद्धि विशाला।
बिना गर्भ धारण, यहि काला॥
गणनायक, गुण ज्ञान निधाना।



पूजित प्रथम, रुप भगवाना॥
अस कहि अन्तर्धान रुप है।
पलना पर बालक स्वरुप है॥
बनि शिशु, रुदन जबहिं तुम ठाना।
लखि मुख सुख नहिं गौरि समाना॥
सकल मगन, सुखमंगल गावहिं।
नभ ते सुरन, सुमन वर्षावहिं॥
शम्भु, उमा, बहु दान लुटावहिं।
सुर मुनिजन, सुत देखन आवहिं॥
लखि अति आनन्द मंगल साजा।
देखन भी आये शनि राजा॥
निज अवगुण गुनि शनि मन माहीं।
बालक, देखन चाहत नाहीं॥
गिरिजा कछु मन भेद बढ़ायो।
उत्सव मोर, न शनि तुहि भायो॥
कहन लगे शनि, मन सकुचाई।
का करिहौ, शिशु मोहि दिखाई॥
नहिं विश्वास, उमा उर भयऊ।
शनि सों बालक देखन कहाऊ॥
पडतहिं, शनि दृग कोण प्रकाशा।
बोलक सिर उड़ि गयो अकाशा॥
गिरिजा गिरीं विकल हुए धरणी।
सो दुख दशा गयो नहीं वरणी॥
हाहाकार मच्यो कैलाशा।
शनि कीन्हो लखि सुत को नाशा॥
तुरत गरुड़ चढ़ि विष्णु सिधायो।
काटि चक्र सो गज शिर लाये॥
बालक के धड़ ऊपर धारयो।
प्राण, मंत्र पढ़ि शंकर डारयो॥
नाम गणेश शम्भु तब कीन्हे।
प्रथम पूज्य बुद्धि निधि, वन दीन्हे॥
बुद्धि परीक्षा जब शिव कीन्हा।
पृथ्वी कर प्रदक्षिणा लीन्हा॥
चले षडानन, भरमि भुलाई।
रचे बैठ तुम बुद्धि उपाई॥
धनि गणेश कहि शिव हिय हरषे।
नभ ते सुरन सुमन बहु बरसे॥
चरण मातु-पितु के धर लीन्हें।
तिनके सात प्रदक्षिण कीन्हें॥
तुम्हरी महिमा बुद्धि बड़ाई।
शेष सहसमुख सके न गाई॥
मैं मतिहीन मलीन दुखारी।
करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी॥
भजत रामसुन्दर प्रभुदासा।
जग प्रयाग, ककरा, दुर्वासा॥
अब प्रभु दया दीन पर कीजै।
अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजै॥
श्री गणेश यह चालीसा।
पाठ करै कर ध्यान॥
नित नव मंगल गृह बसै।
लहे जगत सन्मान॥

**दोहा**

सम्वत अपन सहस्त्र दश, ऋषि पंचमी दिनेश।
पूरण चालीसा भयो, मंगल मूर्ति गणेश॥

## अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

गुरुमुख गाय की तरह होता है और मनमुख सांप की तरह। जैसे गाय को हम घास डालते हैं। कई बार घास मिल जाती है, कई दफा हरी घास नहीं भी मिलती है। सूखी घास उसको दे दी जाती है। तब भी गाय हमें दूध ही देती हे। देसरी तरफ सांप को कटोरे में डालकर हम दू भी दे दें, तब भी हम जानते हैं कि उसके पा तो विष है। वह तो दूध पी के भी डंक ही लगाता है, क्योंकि उसके पास जो है, वही उसने देना है। गुरुमुख महापुरुषों को हमेशा दूसरों की सहायता करने वाला ही माना जाता है। वे दूसरे का बोझ बांटने वाले माने जाते हैं। उनके सहारे अनेकों-अनेकों का भी पार उतारा हो जाता है। जैसे कील बहुत तीखी होती है। उसको हम किसी लकड़ी में गाड़ देते हैं, तो वह सुराख कर देती है। नुकसान कर देती है। अगर उसको पानी में फेंका जाए तो वह पानी में डूब जाएगी और बच नहीं पाएगी। लेकिन उसी पानी में अगर एक लकड़ी का शहतीर तैर रहा हे, उसके उपर अगर उस कील को रख दिया जाता हे ता उस शहतीर के साहरे उस कील का पार उतारा भी हो जाता है। इसी प्रकार महात्माओं के सहारे से मनमुख भी तर जाते हैं। माया के इस अंधकार में आज इन्सान का पहचानना ही मुश्किल हो गया है कि भक्त कौन सा है और शैतान कौन सा है? ज्ञानी कौन सा हे, अज्ञानी कौन सा है? लेकिन जब उसका कर्म या व्यवहार हमारी आंखों के सामने आता है, हमारे लिए उनके कर्म ही मार्गदर्शक हो जाते हैं। पहचान का साधन बन जाते हैं।

सन्तों महापुरुषों ने हमेशा इन्सान को सुमति प्रदान की है, ऐसा विवेक प्रदान किया है कि इन्सान सोच-समझ सके कि कांटों के रास्ते पर चलने से तो चुभन ही महसूस होगी दुख ही महसूस होगा और अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी, आनन्द ही प्राप्त होगा। संसार कांटों को उठाकर बिखेर भी रहा है, जिससे कोई वहां से गुजरे तोउनको वे कांटे कष्ट दं। लेकिन महापुरुष सन्त कांटे बिखेरते नहीं, बल्कि कांटे समेटने का काम करते हैं। उनको यह विधि प्राप्त होती है, उनके पास एक ऐसा रहस्य होता है। जिससे वे सबको सुख देते हैं। इस सच के साथ नाता जोड़ने से इसको हर पल, हर हाल में समर्पित होने से, ऐसाएक साधन ये गुरुमुख महापुरुष बता दिया करते हैं। कि वही सबके लिए सुख का साधन बन जाता है। वरना ये संसार का पसारा, माया का पसारा तो कदम-कदम पर है, लेकिन इस निराकार परमात्मा क साथ नाता जोड़कर उसकी अहमियत महापुरुष खुद भी समझता है तथा औरों को भी समझाकर सुखी कर देता है। जैसे बिच्छु डंक मारना नहीं छोड़ता और सन्त उसे बचाने का परोपकार नहीं छोड़ते। इसी तरह गुरुमुख अपना परमार्थ का मार्ग नहीं छोड़ते, भल ही मनमुख उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहें।



अर्थ प्रकाश Career column OPPORTUNITIES

**नोकरियां यहां देखें**

**राजस्थान हाईकोर्ट में चपरासी व अन्य के**
कुल पद : 5728
चपरासी: 5670
ड्राईवर: 58
योग्यता: 10वीं व 12वीं पास
आयु सीमा: न्यूनत्तम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष
अंतिम तिथि: 26 जुलाई, 2025
करें आवेदन:
**www.hcraj.nic.in**

**BSF में कॉन्सटेबल व अन्य के**
**कुल पद:** 123
अंतिम तिथि: 26 अगस्त-2025
योग्यता: 10वीं पास व पदानुसार आईटीआई डिप्लोमा
करे आवेदन: रिक्रूटमेंट ब्रांच, डयरेक्टोरेट जनरल, **bsf block-10 C. GIO complex** लोधी रोड दिल्ली-110003

**Mahadiscom में एडिशनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के**
**कुल पद: 180**
नोटिफिकेशन जारी: 27 जून 2025
योग्यता: बीई, बीटेक की डिग्री
आयु सीमा: पद के अनुसार अधिकतम 35 से 40 साल
करें आवेदन:
**www.mahadiscom.in**

**UPSC भर्ती, साइंटिफिक आफिसर व अन्य के**
**कुल पद: 241**
अंतिम तिथि: 17 जुलाई 2025
योग्यता: बैचलर डिग्री, बी.ई., पदानुसार अनुभव
आयु सीमा: न्यूनतम 30 वर्ष अधिकतम 50 वर्ष
करें आवेदन :
**upsc.gov.in**

**दिल्ली विकास प्राधिकरण में नायब तहसीलदार व कानुनगो के**
**कुल पद:** 91
अंतिम तिथि: 18 जुलाई 2025
योग्यताएं: ग्रेजुएशन व अन्य पात्रता
करे आवेदन:
**dda.gov.in**

**एनआईटी जमशेदपुर**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन, टेक्नीशियन व अन्य
**कुल पद:** 33
आवेदन अंतिम की तिथि: 11 जून 2025
योग्यता: बीई, बीटेक, एलएलबी व अन्य
करे आवेदन: **nitsr.ac.in**

**जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें**

## श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने तीन नए स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पाद किए लांच

पटियाल। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने अपने नए स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पादों का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर कंपनी ने हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन और सीड उत्पादों की सफलता की चर्चा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स, 275 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर, और ऑनलाइन दर्शकों ने भाग लेकर इस उद्घाटन का अनुभव किया। कंपनी द्वारा पेश किए गए नवीनतम उत्पादों में 'श्रीराम एक्रायटर' शामिल है, जो मक्का और गन्ने में खरपतवार नियंत्रण के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, 'श्रीराम टोग्यो' मोटा के प्रभावी प्रबंधन के लिए एक विशेष समाधान है, जबकि 'श्रीराम वेरलस्ट' फंगल रोगों और कीटों से सुरक्षा प्रदान करता है। हाइब्रिड बीजों के साथ-साथ सब्जियों की श्रेणी में श्रीराम 2372 टमाटर और श्रीराम 2112 भिंडी को भी शामिल किया गया है, जो किसानों के लिए फायदेमंद सिद्ध हो रहे हैं। कार्यकारी निदेशक संजय छाबड़ा ने कहा, हम कृषि नवाचार की सीमाओं को पार करने के लिए तत्पर हैं। दो आधुनिक तरल उर्वरक ङ्क 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैग्निका' पेश किए गए हैं, जो बायोएक्टिव टाइटेनियम का उपयोग करते हैं। ये उत्पाद फसलों की गुणवत्ता और उच्चतम मूल्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## जीवन है बहुमूल्य हर किसी की कद्र करते चलिए: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** जीवन की डोर बेहद ही कमजोर न जाने कब कोई साथी छूट जाये। इसलिए समय रहते जीवन मे हर किसी की कद्र करते चलिये। समय की कदर करो जो हमें सिखाता है कि समय का मूल्य क्या है। यह हमें याद दिलाता है कि समय किसी के लिए नहीं रुकता और एक बार बीत जाने के बाद वापस नहीं आता। इसलिए, हमें अपने समय का बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जीवन में अपनी भूमिका कैसी हो इसके लिए दूर से देखो अर्थात दृष्टा बनकर निष्पक्षता और विवेक के साथ विचार करो की तुम्हारा कार्य क्या होना चाहिए । कल और बेहतर हो इसके लिए क्या करना चाहिए ,आज अगर कुछ बुरा हुआ है तो ये अचानक नही हुआ इसको पिछ्ले कार्यो से जोड़ कर देखो इसकी पृष्ठभूमि भूत से जरुर जुड़ी होगी ,हर घटना क्रम में एक कारण होता है। इसलिए मैंने बार विवेक का जिक्र



किया है । आज हम जो भी करेंगे कल उसका परिणाम निकलेगा अब यह इस पर निर्भर करता है की हमने अपनी समझ का कैसा उपयोग किया । सजग रहकर ,तर्कपूर्ण दृष्टि रखकर हम आने वाले कल को सुंदर बना सकते हैं यह अपने हाथ में होता है । विवेक से काम करें तो उदासी ,तनाव ,क्रोध ,अंहकार और अन्य प्रकार की बुराइयों पर विजय मिलती है ,जीवन खुशहाल होता है । क्या ही अच्छा होता अगर लोग अपने अच्छे या बुरे वर्ताव का कारण बता दे ,दिल से छ्ल को मिटा दे ,अपने बारे में सब सुनने और कहने की हिम्मत रखे यह एक सफलता की सीधी राह बन सकती है । सब साफ़ होने पर एक नै राह मिलती है । मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया ज्ञान एक प्रकार की शक्ति है इसे कब, कैसे प्रयोग करे इसका सटीक ज्ञान ही हमारे जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल देता है । हमारे मस्तिष्क में उठते अच्छे और बुरे विचार भी इसमे सहयोग करते हैं । इसलिए कहा है हमेशा विचारों पर नियंत्रण रखना चाहिए ये हमारी सफलता में सहायक होते हैं। विश्व में तीन प्रकार के मनुष्य है अधिकांश मनुष्य सामान्य है जो संसारिक जीवनयापन करने के लिए जन्म लेते है कुछ दुष्ट है जो समाज में अशांति अश्लीलता भ्रष्टाचार भेदभाव हिंसा करने के लिए जन्म लेते है और कुछ सज्जन है जो समाज में शांति शालीनता शिष्टाचार भाईचारा अहिंसा फैलाने के लिए जन्म लेते है। विश्व के मनुष्य संसारिक सुख प्राप्त करने के लिए मनोरंजन करते है जिसमें यात्रा करना स्वादिष्ट भोजन करना वस्त्र आभूषण एकत्रित करना शरीर की सौन्दर्य को महत्व देना खेल व प्रेम प्रसंग सम्बन्ध में अत्याधिक रूचि लेना जब इनकी पूर्ति होती है।

## पंचांग

बुधवार, 2 जुलाई, 2025, सूर्योदय: 05:27 ए एम, सूर्यास्त: 07:23 पी एम, चन्द्रोदय: 12:01 पी एम, चन्द्रास्त: 12:01 ए एम, जुलाई 03, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: आषाढ़, पूर्णिमान्त महीना: आषाढ़, वार: बुधवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: सप्तमी - 11:58 ए एम तक, नक्षत्र: उत्तराफाल्गुनी - 11:07 ए एम तक, योग: वरीयान् - 05:47 पी एम तक, करण: वणिज - 11:58 ए एम तक, द्वितीय करण: विष्टि - 12:59 ए एम, जुलाई 03 तक, सूर्य राशि: मिथुन, चन्द्र राशि: कन्या, राहुकाल: 12:25 पी एम से 02:10 पी एम, गुलिक काल: 10:41 ए एम से 12:25 पी एम, यमगण्ड: 07:12 ए एम से 08:56 ए एम, अभिजित मुहूर्त: कोई नहीं, दुर्मुहूर्त: 11:57 ए एम से 12:53 पी एम, वर्ज्य: 08:28 पी एम से 10:15 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** आप अपने आत्मविश्वास को फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में जुटेंगे जो सकारात्मक विकास को जन्म देगा।

**वृष:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार का पूर्ण स्नेह और सहयोग आपको प्राप्त होगा। पुराने यादें ताजा करके आप काफी आनंदित महसूस करेंगे।

**मिथुन:** आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। आज गृहस्थ जीवन में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**कर्क:** दोस्त या रिश्तेदारों को आपकी कमी महसूस हो सकती है। किसी मौके पर कुछ अच्छी मुलाकातें और यहां तक कि कुछ धन लाभ भी आपको हो सकता है।

**सिंह:** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारीयों में प्रवेश कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातक बैठकों में भाग लेंगे जो उन्हें प्रगति देगा।

**कन्या:** आज व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे, जिससे आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा।

**तुला:** नए संबंधों के प्रति निकटता आपके लिए लाभकारी होगी। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आय के नए साधन मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** साथ काम करने वाले कुछ लोग आपके लिए मददगार हो सकते हैं। जिनसे आपने शायद ही कोई उम्मीद रखी हो वो आज आपकी मदद कर सकते हैं।

**धनु:** आपके द्वारा अपने विचारों को दूसरों के सामने उजागर करना मुश्किल हो सकता है। यदि आप परिवार में सबसे छोटे हैं, तो आप अपने बड़े भाइयों और बहनों से पूर्ण सहयोग प्राप्त करेंगे।

**मकर:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रूका हुआ काम जल्दी पूरा हो सकता है।

**कुंभ:** आज आपका पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा। जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपको अपने जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में सारी चीजों को सामान्य रखने के लिए आपको अपने स्तर पर कुछ न कुछ प्रयास करने चाहिए।

## क्लूक ने शुरू किया 'द बेस्ट यू' डिजिटल मुहिम

**चंडीगढ़।** क्लूक, जो एशिया में ट्रैवल और एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म के रूप में जाना जाता है, ने भारत में अपना नया ब्रांड कैंपेन 'द बेस्ट यू' लॉन्च किया है। यह पहल भारत की कॉमेडी स्टार भारती सिंह के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खुद को फिर से जानने के लिए यात्रा पर निकलती हैं। कैंपेन का मुख्य उद्देश्य यह दिखाना है कि यात्रा केवल स्थानों की विजिट नहीं है, बल्कि यह आत्म-खोज का एक माध्यम भी है। भारती सिंह, जिन्होंने कई सालों तक समाज की उम्मीदों के सामने अपने आपको साबित किया है, इस अभियान के माध्यम से अपनी कहानी को नए रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा, समय आया है कि मैं खुद के लिए कुछ करूं, यात्रा मुझे खुद से फिर से जुड़ने का मौका देती है। इस यात्रा में भारती ने यूएई के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का आनंद लिया, जैसे कि टीमलैब फेनोमेना अबू धाबी और रेगिस्तान सफारी। यह अभियान दर्शाता है कि खुशी के क्षण ही सबसे सुंदर यात्रा होते हैं। क्लूक की शोध के अनुसार, आज के युवा यात्री, खासकर मिलेनियल्स और जेन जेड, अब केवल स्थलों को देखने के लिए यात्रा नहीं करते, बल्कि वे खुद में बदलाव लाने के लिए भी यात्रा करते हैं। शिवम त्यागी, क्लूक इंडिया के मार्केटिंग लीड ने कहा, 'द बेस्ट यू' सिर्फ एक कैंपेन नहीं है, बल्कि यह हमारी कोशिश है कि यात्रा को व्यक्तिगत और भावनात्मक बनाया जाए।

## तीन नए स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पाद लांच

**बठिंडा।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने अपने नए स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पादों का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर कंपनी ने हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन और सीड उत्पादों की सफलता की चर्चा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स, 275 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर, और ऑनलाइन दर्शकों ने भाग लेकर इस उद्घाटन का अनुभव किया। कंपनी द्वारा पेश किए गए नवीनतम उत्पादों में 'श्रीराम एक्रायटर' शामिल है, जो मक्का और गन्ने में खरपतवार नियंत्रण के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, 'श्रीराम टोग्यो' मोटा के प्रभावी प्रबंधन के लिए एक विशेष समाधान है, जबकि 'श्रीराम वेरलस्ट' फंगल रोगों और कीटों से सुरक्षा प्रदान करता है। हाइब्रिड बीजों के साथ-साथ सब्जियों की श्रेणी में श्रीराम 2372 टमाटर और श्रीराम 2112 भिंडी को भी शामिल किया गया है, जो किसानों के लिए फायदेमंद सिद्ध हो रहे हैं। कार्यकारी निदेशक संजय छाबड़ा ने कहा, हम कृषि नवाचार की सीमाओं को पार करने के लिए तत्पर हैं। दो आधुनिक तरल उर्वरक- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैग्निका' पेश किए गए हैं, जो बायोएक्टिव टाइटेनियम का उपयोग करते हैं।

## काावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए सुशील सारवान ने जारी किए दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। श्रावण माह में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा में भाग लेने वाले कावडियों की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त सुशील सारवान ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान जुगाड़ वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ डाक कावड़ में कावड़ियों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला डीजे या म्यूजिक सिस्टम गाड़ी की बॉडी के अंदर ही होना चाहिए ना कि बाहर। क्योंकि अगर डीजे या म्यूजिक सिस्टम गाड़ी की बॉडी के बाहर होगा तो उससे दुर्घटना होने का खतरा रहता है।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कावड़ियों से संबंधित दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लोकल केबल नेटवर्क पर उनका प्रसारण किया जाए। कावड़ियों द्वारा रेलगाड़ियों के छत्तों पर यात्रा करने पर पाबंधी रहेगी ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि कावडिया अपना पहचान पत्र अवश्य साथ रखें ताकि जरूरत पडने पर उसकी पहचान हो सके। इसके साथ ही कावड़ यात्रा के दौरान नुकीले भाले एवं अन्य हथियार साथ लेकर चलने पर पाबंधी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कावडि?ों को नहर पटरी का प्रयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए। डाक कावड़ में वाहनों में लगाए जाने वाले बड़े डीजे व म्यूजिक सिस्टम के स्वामियों को पूर्व से ही चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा के दौरान सभी मार्गो के डायवर्जन प्वाईटस पर मार्ग सूचना के लिए हॉर्डिग्स लगवाए जाएं। कावड़ यात्रा के दौरान सभी संबंधित विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने कावडि?ों का आह्वान किया कि वे पैदल कावड़ को 07 फीट से ऊंची तथा कावड़ झांकी को 12 फुट से ऊंची न बनाए, क्योंकि इससे बिजली तारों से कावड़ के टकराने का खतरा नहीं रहता। इसके अलावा कावडियों को शराब या मादक पदार्थ का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया जाए। इसके साथ ही कावड़ यात्रा के दौरान बिना साईलेंसर के मोटरसाईकिल का प्रयोग करने पर भी पाबंधी रहेगी।

## जैविक खाद्य से जमीन की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने लॉन्च की योजना

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि फसलों में यूरिया व दवाइयां के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की घटती उर्वरक शक्ति और बिगड़ती सेहत को बनाए रखने के लिए हरियाणा सरकार ने फसलों में जैविक खाद के इस्तेमाल करने की योजना लागू की है। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों को ट्रायल के तौर पर चिन्हित किया गया है। इनमें से सोनीपत जिले में राई ब्लॉक के गांव गढ़ मीरकपुर में स्थित सीबीजी प्लांट एल आर एनर्जी को ट्रायल के लिए चुना गया है। प्लांट के नजदीकी गांवों में 125 एकड़ में जैविक खाद का प्रयोग करके जमीन की सेहत को परखा जाएगा। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने राई खंड के कृषि कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि क्षेत्र के कुछ जागरूक किसानों को चिन्हित करके इस योजना में शामिल करें। उन्होंने बताया कि गोबर गैस प्लांट से गोबर का प्रयोग करने के बाद जो खाद निकलती है। कृषि विभाग जिन किसानों को जैविक खाद फ्री वितरित करेगा। उन्होंने बताया कि जिस खेत में यह जैविक खाद डाला जाएगा उस खेत की मिट्टी की जांच के लिए सैंपल लिए जाएंगे और इस खाद के प्रयोग करने के 6 महीने बाद फिर उस जमीन का सैंपल लिया जाएगा।

## डेल्हीवरी ने चंडीगढ़ में गेटवे हब का विस्तार किया

चंडीगढ़। भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, डेल्हीवरी ने चंडीगढ़ गेटवे हब के विस्तार की घोषणा की है। 2.35 लाख वर्ग फीट में फैले लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी ने चंडीगढ़ में अपने गेटवे हब का विस्तार किया है, जिससे इसकी भंडारण क्षमता में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और शिपमेंट वॉल्यूम को संभालने के लिए ऑटोमेशन को शामिल किया गया है। इस विस्तार के साथ, डेल्हीवरी इस क्षेत्र में अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को मजबूत करने और हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करने के लिए तैयार है। विस्तार से डेल्हीवरी के क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसमें 4,000 प्रति घंटे की क्षमता वाला हब कन्वेयर समाधान शामिल है, जो आने वाले और जाने वाले दोनों शिपमेंट को छांटने में मदद करता है, साथ ही तेज़ और सटीक शिपमेंट प्रोसेसिंग के लिए 12,000 प्रति घंटे की क्षमता वाला क्रॉस-बेल्ट सॉर्टर (सी बी एस) भी है। चंडीगढ़ का यह डेल्हीवरी हब उत्तर भारत नेटवर्क का मुख्य केंद्र है, जो पंजाब, हरियाणा, जम्मू और हिमाचल प्रदेश के बाजारों को कवर करता है। फ्रैंचाइज़ी भागीदारों की मदद से, यह नया हब स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाते हुए प्रभावी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स सेवाएँ भी प्रदान करेगा।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए बढायी गई आवेदन की अंतिम तिथि

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत के प्रिंसिपल अनिल सहरावत ने बताया की संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 3 जुलाई कर दी गई है। आवेदक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में 8 कोर्स में 630 सीटें है। उन्होंने बताया की संस्थान के द्वारा आवेदन क फार्म के साथ सत्यापन का कार्य भी शुरू हो गया है। अब तक डिप्लोमा इंजीनियरिंग में 580 व लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिले के लिए 180 आवेदन हो चुके है। प्रिंसिपल ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग की मेरिट लिस्ट 8 जुलाई व लेटरल एंट्री स्कीम की मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को जारी होगी। आवेदन के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1000 रूपये पंजीकरण शुल्क (गैर वापसी) व अन्य वर्ग एवं महिलाओं के लिए 700 रूपये है।

## हरियाणा में वित्तीय समावेशन के लिए तीन माह का संतृप्तिकरण अभियान शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में तीन माह का संतृप्तिकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान की राज्य स्तरीय लांचिंग 1 जुलाई को करनाल जिले के बसताड़ा में आयोजित की गई।इस अभियान की रूपरेखा पर चर्चा के लिए 25 जून को पंजाब नेशनल बैंक, हरियाणा डिवीजन द्वारा विशेष राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की




ऑनलाइन बैठक भी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सी. जी. रजनीकांथन, आईएएस, सचिव, वित्त विभाग, हरियाणा सरकार ने की।

बैठक में प्रमुख अधिकारी ललित तनेजा, महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक एवं संयोजक, एसएलबीसी हरियाणा जोगिंदर सिंह, उप महाप्रबंधक, एसएलबीसी हरियाणा विजय कुमार, मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी हरियाणा राज्य के सभी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी सभी जिलों के उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त नाबार्ड एवं सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक बैठक में यह तय किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर, बीमा और पेंशन योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट नामांकन, और डोर-टू-डोर संपर्क , प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत निष्क्रिय खातों के केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करना , जैसे गतिविधियां संचालित की जाएंगी।साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी और दस वर्ष से अधिक पुरानी गैर दावा जमा राशि को प्राप्त करने के उपायों के प्रति जन समुदाय को जागृत किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश पर आयोजित किये जा रहा यह अभियान ग्रामीण जनता को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# पैक्स में उभरती तकनीकों पर कार्यशाला: सहकारिता को डिजिटल और समावेशी बनाने की दिशा में बड़ा कदम: डॉ. आशीष कुमार भूटानी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने आज नई दिल्ली में पीएचडी हाउस में आयोजित एआरआई में उभरती प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर PHD Chamber of Commerce and Industry (PHDCCI) के CEO श्री रंजीत मेहता और सहकारिता मंत्रालय तथा भाग लेने वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे। दिन भर चले इस कार्यशाला में 12 राज्यों के पैक्स के 122 सदस्यों ने भाग लिया । चर्चा के ढांचे में डिजिटल इंडिया के युग में पैक्स, सटीक कृषि उपकरणों का लाभ उठाना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट टेक्नॉलाजी, सहकारी फिनटेक और नीतिगत नवाचार तथा तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर और मिज़ोरम में सफलता की कहानियों पर चर्चा शामिल थी।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया जो भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। सहकारी संस्थाएँ 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी हैं, इस तरह की पहली ऋण संस्था 1904 में चेन्नई के पास स्थापित की गई थी। आज 1 लाख से अधिक पैक्स हैं जिनके 13 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।



डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि आज भी पैक्स की अल्पावधि ऋण सुविधाओं के माध्यम से लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है, हालांकि समग्र अल्पावधि ऋण में सहकारी ऋण संस्थानों की हिस्सेदारी में कुल मिलाकर 15त्न की कमी आई है। पर इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि पैक्स जैसी संस्थाएँ ग्रामीण भारत के छोटे और सीमांत किसानों की सेवा करके स्पष्ट रूप से लाभकारी रही हैं।

डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि देश में करीब 2000 बैंकिंग लाइसेंस में से 1900 लाइसेंस सहकारी क्षेत्र में हैं, 100 लाइसेंस अन्य बैंकों के पास हैं। सबसे छोटी ऋण संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं और ये नई तकनीक को अपनाने में अक्षम रहीं हैं, जिसके कारण सीमित बैंकिंग उत्पादों के साथ सहकारी बैंकों के कामकाज पर कुछ स्तर तक प्रतिबंध हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के गठन के बाद, सहकारी क्षेत्र के बैंकिंग मुद्दों को आरबीआई, वित्त मंत्रालय और आयकर विभागों के साथ उठाया गया है, और अब समय आ गया है कि सहकारी बैंकिंग संरचना नई तकनीकों को अपनाए, अपने संचालन में पारदर्शिता लाए और अपने मानव संसाधन मुद्दों को हल करके खुद को प्रतिस्पर्धी बनाए ।

सहकारिता मंत्रालय के सचिव ने कहा कि पहले पैक्स केवल ऋण या कृषि के लिए सामग्री प्रदान करने के लिए थे। माननीय केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मंत्रालय ने पैक्स को मजबूत करने और समाज के लिए उनकी भूमिका बढ़ाकर उन्हें व्यवहार्य बनाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने पैक्स को सक्षम करने के लिए संघीय मॉडल के अनुरूप मॉडल उप-नियम बनाए हैं ताकि वे 26 विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में खुद को विविधता प्रदान करके आगे की आकांक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जीवित रह सकें। सहकारिता मंत्रालय ने 4 साल की छोटी सी अवधि में सहकारिता के विभिन्न आयामों से जुड़ी 60 से अधिक पहल शुरू की हैं।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा उठाया गया दूसरा बड़ा कदम, सहकारिता के राष्ट्रीय डाटाबेस का निर्माण था, जो केंद्र और राज्यों दोनों के लिए सहकारी संस्थाओं में मौजूदा गैप की पहचान करने और सहकारिता के सिद्धांतों पर राष्ट्र के विकास के लिए क्षेत्रों में मौजूद vacuum को भरने के लिए योजना बनाने में सक्षम बनाता है। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मंत्रालय द्वारा सहकारी ऋण संस्थाओं के बुनियादी ढांचे का कम्प्यूटरीकरण किया जाना तीसरा बड़ा कदम था। कम्प्यूटरीकरण योजना में अब तक लगभग 3000 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं और अब लक्ष्य 80,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण करना और भारत सरकार की सभी योजनाओं को पैक्स के साथ एकीकृत करके उन्हें जीवंत आर्थिक और सामाजिक संस्थाओं में बदलना है।

डॉ. भूटानी ने पैक्स डिजिटलीकरण के लाभों की तुलना रेलवे टिकट कम्प्यूटरीकरण से की और कहा कि डिजिटलीकरण से पीएसीएस की कार्यप्रणाली में अधिक पारदर्शिता आएगी तथा यह अपने अस्तित्व के लिए व्यवहार्य और बड़े पैमाने पर समाज के लिए मूल्यवान बन जाएगा।

डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि पैक्स राज्यों की एक ऐसी संस्था है जो एक अधिनियम द्वारा समर्थित है। राज्य सरकारों में ऐसे बहुत कम संस्थान हैं जो कानून द्वारा समर्थित हैं। उन्होंने कहा कि पैक्स में भारत सरकार के लिए वन स्टॉप शॉप÷ बनने की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि हमें बस यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि ये पैक्स अपनी सस्टेनेबिलिटी के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाएँ।

डॉ. भूटानी ने कहा कि हमारे किसानों और ग्रामीणों को मौसम संबंधी सलाह, आपदा संबंधी सलाह, वर्षा पूर्वानुमान, कीट हमले संबंधी सलाह की आवश्यकता है और ऐसी नई तकनीकें उपलब्ध हैं, जिन्हें हमारे ग्रामीण भारत को जागरूक और मजबूत बनाने के लिए सिस्टम से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पैक्स को समावेशी, जीवंत और निर्बाध, कुशलतापूर्वक और पारदर्शिता के साथ काम करने के लिए उभरती हुई तकनीकों की पहचान करना और उन्हें सिस्टम में एकीकृत करना मंत्रालय का काम है।

डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने इस अवसर पर ÷एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पौधा भी लगाया और भाग लेने वाले सहकारी सदस्यों द्वारा लगाए गए स्टालों का दौरा किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पैक्स सदस्यों ने अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया गया। तीन तकनीकी सत्रों के अलावा, जिसमें क्षेत्रीय आयुक्तों, स्टार्ट अप्स, संबंधित मंत्रालयों और शिक्षाविदों के सदस्यों ने भाग लिया, पैक्स के अलावा जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और मिजोरम के सचिवों द्वारा भी अनुभव साझा किए गए। कार्यशाला में भाग लेने वाले क्चह्रस् को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जनता दर्शन में गोरखपुर की पंखुड़ी को मुख्यमंत्री योगी का तोहफ़ा

# पढ़ाई नहीं रुकेगी, फीस की व्यवस्था सरकार करेगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

गोरखपुर/लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है।



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा, बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा इलाज में आर्थिक मदद के लिए अस्पताल से इस्टीमेट मंगाकर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के कई अधिकारियों को मिली पदोन्नति

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**इलाहाबाद।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के महानिबन्धक की ओर से 1 जुलाई को जारी अधिसूचना में निजी सचिव संवर्ग, न्यायपीठ संवर्ग एवं कार्यालय संवर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। इनमें उच्च न्यायालय लखनऊ के टी लक्ष्मण कुमार एवं सी श्रीनिवास राव को उप निबन्धक सह निजी सचिव से संयुक्त निबन्धक सह निजी सचिव पद पर पदोन्नति प्रदान की गई एवं महेश कुमार तथा सन्तोष कुमार को सहायक निबन्धक सह निजी सचिव से उप निबन्धक सह निजी सचिव पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। न्यायपीठ सचिव संवर्ग के अरूण कुमार श्रीवास्तव को संयुक्त निबन्धक सह न्यायपीठ सचिव से निबन्धक न्यायपीठ सचिव पद पर पदोन्नति प्रदान की गई एवं राजकुमार यादव को सहायक निबन्धक सह न्यायपीठ सचिव से उप निबन्धक सह न्यायपीठ सचिव पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।



वहीं कार्यालय संवर्ग के श्याम किशोर को सहायक निबन्धक से उप निबन्धक पद पर पदोन्नति प्रदान गई एवं पुष्कर शुक्ला को अनुभाग अधिकारी से सहायक निबन्धक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सौरभ पन्त को समीक्षा अधिकारी से अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव संजीव यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमेन्द्र कुमार वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक द्विवेदी, संयुक्त सचिव प्रथम वीरसिंह गहलौत एवं सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों ने पदोन्नति पाये अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# राजेंद्र प्रसाद गोयल ने एनएचपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद।** राजेंद्र प्रसाद गोयल, जो वर्तमान में एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) हैं, ने 1 जुलाई 2025 से भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनी और सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। इससे पहले, श्री गोयल ने 1 मार्च 2024 से 7 अगस्त 2024 तक एनएचपीसी के सीएमडी के रूप में कार्य किया था। श्री गोयल ने 18 नवंबर 1988 को एनएचपीसी में एक वित्त पेशेवर के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं और अपनी जिम्मेदारी, नैतिकता और समर्पण के बल पर उन्होंने कंपनी में उल्लेखनीय प्रगति की है। वे इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य हैं और जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय से वाणिज्य में मास्टर डिग्री प्राप्त है। उनके पास वित्त के क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है, साथ ही जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण और संचालन से संबंधित वित्तीय, संविदात्मक और नियामक मुद्दों की गहरी समझ है। श्री गोयल जल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल), बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल) और एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल) के अध्यक्ष हैं। इसके अतिरिक्त, वे एनएचपीसी की सहायक कंपनियों - एनएचडीसी लिमिटेड, चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल), रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएचपीसीएल) और लोकताक डाउनस्ट्रीम हाइड्रोइलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एलडीएचसीएल) के बोर्ड में नामित निदेशक हैं। वे फरीदाबाद स्थित नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में निदेशक (वित्त) के पद पर भी कार्यरत हैं।वोश्री गोयल की नेतृत्व क्षमता, कठिन परिश्रम, अवधारणा की स्पष्टता और पेशेवर दृष्टिकोण उत्कृष्ट है। उन्होंने एक उत्कृष्ट वित्त पेशेवर के रूप में अपनी पहचान बनाई है और एनएचपीसी की निरंतर प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके विशाल और विविध अनुभव से एनएचपीसी को और अधिक लाभ होने की उम्मीद है।



# अमरावती में जनवरी 2026 तक स्थापित होगी क्वांटम वैली पार्क: सीएम नायडू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**विजयवाडा।** आज यहां विभिन्न उद्योगपति टेक्नोलॉजी से जुड़े .समूह को विवांता होटल में आयोजित कार्यक्रम में .आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की घोषणा के तुरंत बाद अमरावती में क्वांटम वैली पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को विजयवाड़ा में अमरावती में क्वांटम वैली पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित किया।

उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आईबीएम, टीसीएस, एलएंडटी जैसी दिग्गज कंपनियों के साथ साझेदारी में क्वांटम वैली परियोजना स्थापित करेगी और इसके संबंध में एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने खुलासा किया कि क्वांटम वैली 1 जनवरी, 2026 तक लॉन्च हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत को क्वांटम कंप्यूटिंग को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्वांटम तकनीक, डीप टेक्नोलॉजी और एआई अब नई क्रांति हैं।

उन्होंने कहा कि एपी में स्पेस सिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी, डिफेंस, एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के लिए कई अवसर हैं।





इस कार्यशाला में आईबीएम ने वाठी में स्थापित किए जाने वाले क्वांटम कंप्यूटर प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने मंत्री लोकेश के साथ क्वांटम प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के प्रदर्शनों का निरीक्षण किया। कार्यशाला में बहुराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बीच, राज्य के कई सीनियर कांग्रेस पार्टी तेलुगु देशम के पुराने और वरिष्ठ मंत्री के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नारायण भारतीय मार्केट पार्टी के नेताओं ने भी व्यंगात्मक ढंग से कहा तीन फसलों वाली हरियाली खेतों में जहां तीन फसाने साल में होती हो उसको कंक्रीट में बदलना बड़ी बात नहीं है किसी बहन जंगल कठोर भूमि को कृषि भूमि बनाना सैकड़ो वर्ष लगता है और चंद्रबाबू की जो योजना है वह सर्वनाश सत्यानाश करने वाली है का कर कहा जहां राजधानी का निर्माण करने के लिए यह सब नौटंकी करना उनको पढ़ रहा है यह दुर्भाग्य है कहा

इसके अलावा राजनीतिक विश्लेषक चंद्रबाबू की घोषणा की प्रशंसा भी साथ में व्यंग्य भी कर रहे हैं । इनका आरोप है कि जब वे पूर्व में सीएम थे, तब उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें की थीं, उन्होंने कहा था कि वे अमरावती में ओलंपिक का आयोजन करेंगे, बुलेट ट्रेन लाएंगे और ब्लॉकचेन तकनीक लाकर प्रशासन में क्रांतिकारी सुधार लाएंगे, और अब चंद्रबाबू यह कहकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं कि वे अमरावती में क्वांटम वैली बनाएंगे बोलकर मजाक उड़ाया

कम्युनिस्ट पार्टी राज्य के सचिवनारायण ने कहा किराज्य मेंदोनों कोंडाराजधानी मुख्यालय बनाने का शिवराम क्रिश्चियन कमेटी ने निर्णय किया था वहां हजारों एकड़ शासकीय भूमि है खरीदने की जरूरत नहीं सस्ते में निर्माण होगा50 मंजिल भवन वाहन बन सकता है क्योंकि भूमि की मजबूती वहां वैसा है कहा इसके अलावा भी बहुत जगह हैउसको छोड़कर सिर्फ अमरावती के पीछे पिछले 20 साल से लगा है या आदमी तो जरूर इसके पीछे कोई स्वार्थ होगा और इस भावना जरूरी है ताकि गरीबों को छोटे-मोटे किसानों को बहुत बड़ा घाटा होने वाला है कहकर इशारा कियाऔर किसानों को हानि होने की स्थिति में हम आंदोलन करेंगे कहा उक्त सारी परिस्थितियों से क्वांटम वेली को बनाने के पीछेहम तारीफ करते हैं लेकिनउसके पीछे रहने वाली असली बात को समझना भी जरूरी है।

# सारंग सिकंदर का एआई अधारित गीत 'मी एंड हर' पिता सरदूल सिंकदर को समर्पित



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। प्रख्यात पंजाबी गायक सरदूल सिंकदर उनके गायक और संगीतकार बेटे सारंग सिकंदर ने अपने जन्मदिन पर एआई आधारित गीत - 'मी एंड हर' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। ज्ञात रहे कि एआई जैसी नवीनतम तकनीक द्वारा पारिवारिक प्रेम और संगीत के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका उनकी मां अमर नूरी मौजूद रहीं।

पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में एआई के नए एक्सपेरिमेंट के साथ इस गीत ÷मी एंड हर÷ को सारंग ने खुद लिखा, प्रोड्यूस और अपनी आवाज़ दी है। उन्होंनें कहा कि यह गीत उनके लिये अपने पिता से जुड़े रहने का एक माध्यम है।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए बताया कि संगीत पुश्तों से उनकी रगों में बसता रहा है। पिता गायक रहे जबकि दादा मस्ताना पटियाला घराने के एक प्रसिद्ध तबला वादक रहे जिन्हे तबले में बांस की छ?ियों के इस्तेमाल का आगाज़ करने के लिए जाने जाते हैं। गीत के वीडियो में जर्मन मूल की फारसी अभिनेत्री दिलबर आर्या ने किरदार निभाया है। वीडियो को दुबई और भारत के कई खूबसूरत स्थानों में शूट किया गया है। यह गीत रोमांटिक कहानी पर आधारित है जो कि एआई के माध्यम से आधुनिक शैली के साथ खूबसूरती से मिलाती है। सारंग के छोटे भाई अलाप सिकंदर ने गाने में गिटार बजाने के साथ साथ मिक्सिंग और मास्टरिंग का काम किया है। वीडियो की परिकल्पना रोबिन कलसी की है जबकि वीडियो का एनीमेशन और वीएफएक्स सिमर वीएफएक्स ने की है।

# अनोखा इलाज...

एक दिन पेट में दर्द-सा हुआ। उस दिन घर में कोई था नहीं और मुझे दवाइयाँ मिली नहीं और बाहर जाकर लाने की मेरी हिम्मत नहीं थी। सोचा कोई घरेलु नुस्खा ही अपनाया जाए। लेकिन क्या..? मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं। तभी मन में खयाल आया कि क्यों ना यूट्यूब से ही कोई नुस्खा निकाला जाए। जैसे ही यूट्यूब पर पेट दर्द के लिए नुस्खा ढूंढा, मेरे सामने नुस्खों की लम्बी लिस्ट हाजिर हो गई। दो चार वीडियो भी देखे.. कोई कहता कि फलाना चीज खाएँ, तो कोई कहता ढिकाना चीज खाएँ। एक जिस चीज को फायदेमंद बताता, दूसरा उसे ही नुकसानदायक कह देता। बताए गए कुछ नुस्खों में कुछ चीजें तो ऐसी भी थीं, जो घर में आसानी से मिलना संभव भी नहीं, लेकिन बताया घरेलू नुस्खे में जा रहा था।

हर वीडियो में तुरंत राहत मिलने का दावा किया जाता। तुरंत राहत पाने की चाह में मैंने उस लम्बी-चौड़ी लिस्ट में से सबसे पहला वीडियो देखना शुरू किया, लेकिन राहत मिलने की जगह उस वीडियो ने मेरे धैर्य की और परीक्षा ले ली, क्योंकि बताया गया नुस्खा कोई सामान्य रूप से बताता, तो दो मिनट में आराम से बता सकता था, लेकिन वीडियो में नुस्खा बताने वाले जानकार ने मेरा स्वागत करने, अपने चैनल की जानकारी देने और लाइक, शेयर, सब्सक्राइब की माँग करने में ही शुरूआती दो-तीन मिनट निकाल दिए। दो वीडियो और देख.. लिए उस पर एक और समस्या यह कि हर वीडियो में एक नया नुस्खा, कौन-सा प्रयोग किया जाए, यह एक नया प्रश्न सामने खड़ा हो गया। हाल यह रहा कि दिमाग का दही हो गया। नुस्खे खोजने से पहले तक तो पेट में दर्द था, अब सिर में भी होने लगा। फिर इस उलझन में पड़ गया कि सिर दर्द के लिए नुस्खा खोजा जाए या पेट दर्द के लिए?

खैर इस तरह करीब आधा घंटा गुजर जाने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मैं तो पेट दर्द के नुस्खे खोजने के लिए यूट्यूब पर आया था और अब तक न जाने किन-किन विषयों पर ज्ञान प्राप्त कर चुका हूँ। राजनीति, धर्म, ज्योतिष और न जाने कितने ही विषयों की ताजा जानकारी मुझे मिल गई है, लेकिन जिस समस्या के समाधान के लिए आया था, बस वह ही नहीं मिल पाया है। लेकिन इतनी जानकरी का फायदा यह हुआ कि इतनी देर तक जब मैं यूट्यूब में व्यस्त था, मुझे पेट दर्द का भान तक नहीं था। जहाँ दर्द के मारे एक-एक पल भारी पड़ रहा था, वहाँ आधा घंटा कहाँ छूमंतर हुआ पता ही नहीं चला। लेकिन यह केवल क्षणिक सुख था। जैसे ही मैं यूट्यूब की दुनिया से निकलकर वास्तविकता में लौटा, दिमाग ने फिर याद दिला दिया कि दर्द अभी-भी बना हुआ है।

फिर सोचा क्या किया जाए, कुछ समझ न आने की स्थिति में सोचा भूखे रहने से तो कोई हल निकलेगा नहीं, तो कुछ खा ही लिया जाए। लेकिन फिर प्रश्न कि क्या खाया जाए..? पेट दर्द की स्थिति में बाहर का खाना उचित नहीं और पाक कला में मैं इतना माहिर नहीं कि बिना किसी मदद के कुछ बना लूँ.. फिर वही समाधान दिखा कि यूट्यूब की शरण में ही जाना पड़ेगा। लेकिन कुछ देर पहले ही यूट्यूब का अनुभव लेने के बाद अब फिर से अपने संयम और समय की आहुति देने की हिम्मत नहीं कर पाया, सो कच्चा-पक्का जो भी बन सके, वही बना कर खा लेना उचित समझा और यूट्यूब की इस कश्मकश में बिना दवाई के ही पेट दर्द का इलाज हो गया। यूट्यूब इस तरह भी मददगार साबित होगा, कभी सोचा न था।

**- अतुल मलिकराम (लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

# वाईएसआरसीपी के पुनर्गठन की तैयारी में जुटे जगन, युवाओं, महिलाओं, किसानों को बताए पार्टी के चार स्तंभ

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। वाईएसआर पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को पुष्टि किया है वह अगले चुनावों से पहले आंध्र प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करने के लिए पदयात्रा के माध्यम से जन समस्याओं से अवगत .होंगे । ताडेपल्ली में वाईएसआर पार्टी युवा विंग के सदस्यों को संबोधित करते हुए जगन ने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक सफलता के लिए लगातार सार्वजनिक ओम जनता से जुड़ाव महत्वपूर्ण है। उन्होंने पार्टी की युवा शाखा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि युवा नेताओं को टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करने में नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवार वाईएसआर पार्टी के अध्यक्षों की नियुक्ति घोषणा और पार्टी से युवाओं, महिलाओं, छात्रों और किसानों से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया- उन्हें पार्टी निर्माण के चार स्तंभ बताते हुए। उन्होंने संगठन के भीतर एससी/एसटी और बीसी विंग को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जगन ने कहा कि 2024 के चुनावों में हारने वाले युवा विधायकों को भविष्य के नेताओं को सलाह देने और युवाओं को उनकी राजनीतिक यात्रा पर मार्गदर्शन करने का काम सौंपा जाएगा।



वाईएसआरसीपी द्वारा अपनी स्थापना के बाद से सामना किए गए संघर्षों पर विचार करते हुए, जगन ने उन लोगों की वफादारी की प्रशंसा की, जो कठिन समय के दौरान उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने टीडीपी सरकार की विफलताओं और कुशासन को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया के रणनीतिक उपयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, इस डिजिटल युग में आपका फोन आपका हथियार है। ÷अगर कोई आपको नुकसान पहुंचाता है, तो इसे तुरंत सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। न केवल वाईएसआरसीपी नेतृत्व - पूरा राज्य इस पर ध्यान देगा। उन्होंने टिप्पणी की कि विपक्ष में होना युवाओं के लिए मजबूत नेता के रूप में उभरने का अवसर है। जगन ने युवा विंग के सदस्यों को मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े होकर और उनके अधिकारों के लिए सरकार से लड़कर जनता का विश्वास जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। वाईएसआरसीपी नेताओं के उत्पीड़न को संबोधित करते हुए जगन ने आश्वासन दिया कि युवा पार्टी सदस्यों को कानूनी चुनौतियों से निपटने के तरीके के बारे में शिक्षित किया जाएगा और उन्होंने फिर से पुष्टि की कि पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। अधिक भागीदारी का आग्रह करते हुए जगन ने युवाओं से पार्टी के भीतर सक्रिय भूमिका निभाने और नेतृत्व के पदों पर पहुंचने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने एससी भाईचारे से संबंधित 505 परिवारों को 8.72 करोड़ रुपये की कर्ज माफी के प्रमाण पत्र वितरित किए

पंजाब सरकार समाज के जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों की मदद कर रही है: कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/मलोट, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश के कमजोर और पिछड़े वर्गों की भलाई के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत आज कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मलोट के के.जी. पैलेस में एससी भाईचारे से संबंधित 505 परिवारों को लगभग 8 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि की कर्ज माफी के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री द्वारा आशीर्वाद योजना के अंतर्गत भी 140 लाभार्थियों को 71.40 लाख, 51,000 रुपये प्रति व्यक्ति, के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार समाज के जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिक से अधिक जन कल्याण को सुनिश्चित कर रही है ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पंजाब के इतिहास में पहली बार राज्य के पिछड़े और कमजोर वर्गों को यह राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यह इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि पहली बार प्रदेश का बजट आम आदमी की भलाई के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी खजाने का प्रत्येक पैसा जन कल्याण पर खर्च कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह माफी पी.एस.सी.एफ.सी. द्वारा वितरित किए गए सभी कर्जों के लिए है, जिससे एससी भाईचारे और दिव्यांग वर्ग के कर्जदारों को अत्यंत आवश्यक राहत मिली है। उन्होंने बताया कि पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम (पी.एस.सी.एफ.सी.) द्वारा 31 मार्च, 2020 तक वितरित किए गए कर्जों पर यह राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन लाभार्थियों को %कोई बकाया नहीं% प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल, 2025 तक की गणना के अनुसार मूलधन, ब्याज और दंड ब्याज सहित पूरी राशि राज्य सरकार द्वारा पी.एस.सी.एफ.सी. को वापस की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कर्ज माफी के बाद पी.एस.सी.एफ.सी. के नियमों के अनुसार कर्ज लेने वालों के विरुद्ध वसूली की कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर जिला भलाई अधिकारी जगमोहन सिंह, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक अर्शदीप सिंह सिद्धू और शिंदरपाल सिंह, रमेश सिंह अरनीवाला, सुखपाल सिंह (प्रधान ट्रक यूनियन), यादविंदर सिंह (सरपंच), निर्मल सिंह (सरपंच), कुलविंदर सिंह बिद्धू, ज्योति (सरपंच), डॉ. साधू सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

# मोहिंद्र भगत ने अधिकारियों को राज्य भर के सैनिक रैस्ट हाऊसों के नवीनीकरण के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

मंत्री ने विभाग की तीन महीनों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की, पूर्व सैनिकों के काम को प्राथमिकता देने के भी दिए हुक्म



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व अधीन पंजाब सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई के लिए तेज़ी से काम कर रही है। इस वचनबद्धता के अनुसार, रक्षा सेवा कल्याण मंत्री श्री मोहिंद्र भगत ने पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में सीनियर अधिकारियों के साथ हुई मीटिंग में विभाग के अधीन चल रही योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति का जायज़ा लिया। मीटिंग के दौरान, रक्षा सेवा कल्याण विभाग के डायरैक्टर ब्रिगेडियर भुपिन्दर सिंह ढिल्लों (सेवामुक्त) द्वारा मंत्री को पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई के लिए विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के अधीन हुई प्रगति पर विस्तार से अवगत करवाया गया। श्री भगत ने अधिकारियों को सभी भलाई योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को यकीनी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ज़िला प्रशासन की तरफ से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से सम्बन्धित सभी कामों को और ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मंत्री ने विभाग को राज्य भर के सैनिक रैस्ट हाऊसों के नवीनीकरण के काम में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मंतव्य के लिए फंडों की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने आधिकारियों को हिदायत की कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न भलाई स्कीमों संबंधी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये जिससे वह इन स्कीमों का पूरा लाभ ले सकें। मीटिंग के दौरान ब्रिगेडियर भुपिन्दर सिंह ढिल्लों (सेवामुक्त) और अन्य सीनियर अधिकारी उपस्थित थे।

# जगराओं में जेल में बंद नशा तस्करों के अवैध निर्माण को गिराया गया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 1 जुलाई।** जेल में बंद नशा तस्करों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला है। माईजीना एरिया में नगर कौंसिल ने पुलिस की मदद से एक अवैध निर्माण को गिराया। नगर कौंसिल अधिकारी सुखदेव सिंह रंधावा के अनुसार, इंदरजीत कौर ने अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा कर महल जैसा घर बना लिया था।

कौंसिल ने पहले मालिकों को नोटिस भेजकर डॉक्यमेंट मांगे थे। डॉक्यमेंट नहीं मिलने पर की मदद से एक अवैध निर्माण को गिराया। नगर कौंसिल अधिकारी सुखदेव सिंह रंधावा के अनुसार, इंदरजीत कौर ने अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा कर महल जैसा घर बना लिया था।

कौंसिल ने पहले मालिकों को नोटिस भेजकर डॉक्यूमेंट मांगे थे। डॉक्यूमेंट नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि घर के मालिक हरप्रीत सिंह हैप्पी लोगा और उनकी पत्नी इंदरजीत कौर इंदू नशा तस्करी के मामलों में जेल में बंद हैं।

कार्रवाई के दौरान इंदरजीत कौर के वकील राजविंदर सिंह राजा ने बताया कि इस घर को लेकर जगराओं कोर्ट नंबर चार में स्टे ऑर्डर के लिए केस दायर किया गया था। अगली सुनवाई 4 जुलाई को निर्धारित थी। उन्होंने कहा कि नगर कौंसिल को 11 जून को नोटिस भेजा गया था। कौंसिल ने जानबूझ कर सुनवाई से पहले घर ध्वस्त कर दिया। कौंसिल कोर्ट में सुनवाई के बाद भी कार्रवाई कर सकती थी।

वकील ने कौंसिल पर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब घर का निर्माण हो रहा था, तब कौंसिल ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे

# एक बिल्डिंग इंस्पेक्टर के सहारे कैसे चलेगा शहर, दूसरे को दिया गया 4 दिन का एडिशनल चार्ज

अवैध निर्माण रोकने के लिए दोनों बिल्डिंग इंस्पेक्टरों की लगाई गई 5 जोन में ड्यूटी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** नगर कौंसिल जीरकपुर के एटीपी सरबजीत सिंह से ली गई जानकारी के अनुसार नगर कौंसिल में बिल्डिंग इंस्पेक्टरों की कुल सीटें आठ हैं, लेकिन यहां पर मात्र एक बिल्डिंग इंस्पेक्टर काम कर रहे हैं और दूसरे को चार दिन का एडिशनल चार्ज दिया गया है। जैसे के बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड यहां पर स्थाई तौर पर काम कर रहे हैं और बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को जीरकपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया हुआ है जो के यहां पर हफ्ते में मात्र चार दिन ही आती हैं। इस बात से कोई भी आसानी से अंदाजा लगा सकता है कि इतने कम बिल्डिंग इंस्पेक्टर होने के चलते शहर में चल रहे अवैध निर्माण कैसे रोके जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर शहर की आबादी की बात करें तो आबादी के हिसाब से यहां पर 15 बिल्डिंग इंस्पेक्टर होने चाहिए जब के हम तो सिर्फ आठ बिल्डिंग इंस्पेक्टरों की ही मांग कर रहे हैं।

नगर कौंसिल द्वारा अवैध निर्माणों को रोकने के लिए जीरकपुर शहर को 5 जोन में बांटा गया है और इनमें दो बिल्डिंग इंस्पेक्टर तथा तीन ड्राफ्ट्समैन की ड्यूटी लगाई गई है। नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी द्वारा 5 नवंबर 2024 को एक पत्र जारी करके बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ को जोन ए, बी और सी दिए गए हैं तथा बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को जोन डी तथा ई दिए गए हैं। यहां पर एक बड़ा सवाल उठता है कि यह दोनों बिल्डिंग इंस्पेक्टर पूरे शहर में चल रहे अवैध निर्माण कैसे रोक सकते हैं। बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल हफ्ते में मात्र चार दिन के लिए ही जीरकपुर में आती है, क्या वह उन चार दिनों में दफ्तर में बैठकर अपना काम करेगी अथवा फील्ड में घूम कर अवैध निर्माणों को रोकेंगे? नगर परिषद द्वारा अवैध निर्माण संबंधी पिछले 6 महीने में 87 नोटिस जारी किए गए हैं, 25 केस अदालत में ले जाए गए हैं, अदालत में छुट्टियां होने के कारण 19 कैसे पेंडिंग पड़े हुए हैं, 18 इमारत को सील किया गया है और 11 अवैध निर्माणों को तोड़ा गया है।दोनों बिल्डिंग इंस्पेक्टर्स पर काम का बोझ इतना है कि उनसे संभालना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि इन्होंने आरटीआई का जवाब भी देना है, नक्शे भी पास करने हैं, दफ्तर के साथ-साथ फील्ड का काम भी करना है और अदालती केसों में भी इनकी जवाबदेही है।

### लोगों से बिल्डिंग बयाएलॉज के हिसाब से ही निर्माण करने की अपील



बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ कि अगर बात करें तो उन्हें जीरकपुर क्षेत्र में बिल्डिंग इंस्पेक्टर तौर पर आए हुए मात्र 8 महीने हुए हैं इस दौरान उन्होंने 8 अवैध निर्माणों को तोड़ा है 12 के करीब बिल्डिंग को सील किया है। इसके अलावा उन्होंने अपने क्षेत्र में खुद फील्ड में उतरकर काम किया है। उन्होंने अपने क्षेत्र में लोगों से अपील की है कि वह बिल्डिंग बयाएलॉज के हिसाब से ही निर्माण करें। उनके क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले व्यक्तियों को बक्शा नहीं जाएगा।

# जिला प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों एवं प्रबंधों की समीक्षा की

जिले में प्रशासनिक परिसर सहित 8 स्थानों पर कंट्रोल रूम स्थापित

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



मानसून सीजन के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारियों और प्रबंधों की समीक्षा करते अतिरिक्त उपायुक्त राकेश कुमार।

**लुधियाना/जगराओं 1 जुलाई।** मानसून सीजन के मद्देनजर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को हर लिहाज से जरूरी एवं पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने प्रशासनिक परिसर एवं सब-डिवीजनों में 8 कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जहां 24×7 सूचना दी एवं प्राप्त की जा सकेगी।

इस संबंध में जिला प्रशासनिक परिसर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार ने जिले में बाढ़ की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की और कहा कि उचित प्रबंध समय रहते पूरे कर लिए जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी तरह की स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, नगर निगम एवं नगर कौंसिल जरूरी तैयारियां करें तथा जरूरी दवाइयां एवं मशीनरी का प्रबंध भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जिले में सतलुज नदी तटबंध के संवेदनशील स्थानों का अग्रिम दौरा करेंगे तथा जहां भी आवश्यक होगा, तत्काल कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने उपमंडल मजिस्ट्रेट, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी बिंदुओं का दौरा करें तथा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को दें। जिले में स्थापित नियंत्रण कक्षों के बारे में अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासनिक परिसर में 24×7 बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 161-2433100 है। उन्होंने बताया कि सब-डिवीजन स्तर पर भी बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिनमें लुधियाना ईस्ट के लिए 0161-2922330, लुधियाना वेस्ट के लिए 061-2412555, जगराओं में 01624-223256, खन्ना में 01628-226091, समराला में 01628-262354, पायल में 01628-276892 तथा रायकोट में कंट्रोल रूम का नंबर 01624-264350 है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में रोस्टर के अनुसार स्टाफ की तैनाती की जा रही है, ताकि लोगों को जरूरी जानकारी सही तरीके से उपलब्ध करवाई जा सके।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों व शहरों की सड़कों पर अगर पुलिया बंद हैं, तो उन्हें तुरंत साफ करके चालू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे स्थानों की भी पहचान की जाए, जिनका इस्तेमाल बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लोगों के ठहरने के लिए किया जा सके।

इस अवसर पर आईएएस (अंडर ट्रेनिंग) डॉ. प्रगति रानी, एसडीएम लुधियाना पश्चिम डॉ. पूनमप्रीत कौर, एसडीएम खन्ना डॉ. बलजिंदर सिंह ढिल्लों और सहायक आयुक्त पायल गोयल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# फिरोजपुर रोड स्थित निजी स्कूल पर कब्ज़े की कोशिश, पुलिस पर लापरवाही के आरोप

2 दिन का धरना देने के बाद एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 1 जुलाई।** फिरोज़पुर रोड, लुधियाना स्थित विर्का नियाध पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 28 जून 2025 की शाम को बड़ी वारदात हुई। विश्व मानव रुहानी केंद्र की ओर से आरोप लगाया गया है कि लगभग 10-15 अज्ञात युवक स्कूल परिसर में जबरन घुस आए और तोड़फोड़ की। हमलावरों ने स्कूल के मुख्य गेट, सीसीटीवी कैमरे और कंप्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुंचाया। जब संस्था के 5-7 सेवादारों ने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गई। घटना के तुरंत बाद सराभा नगर थाने को सूचित किया गया, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसएचओ और पुलिस ने मौके पर पहुंचने की बजाय टालमटोल की और पूरे दिन कार्रवाई नहीं की।

पुलिस की निष्क्रियता से नाराज़ होकर संस्था ने 30 जून को थाने के बाहर धरना दिया, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में मुख्य आरोपी गुरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, कमलजीत कौर, परमजीत कौर (गांव खीवा), जसवंत कौर (गुड़िया), जसपाल सिंह (सेक्टर 47-बी) शामिल हैं।

### संस्था का बयान

महासचिव हरजीत कौर ने बताया कि स्कूल की ज़मीन और प्रॉपर्टी से संबंधित सभी क़ानूनी दस्तावेज़ संस्था के पास हैं और जबरन कब्ज़े की कोशिश पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो संस्था कानूनी रास्ता अपनाएगी।

# ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेश अध्यक्ष ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पंजाब से की मुलाकात, ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं पर की चर्चा



ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पंजाब से मुलाकात करते ट्रांसपोर्ट विंग के अध्यक्ष एवं अन्य।

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेरा बस्सी, 1 जुलाई।** आम आदमी पार्टी के पंजाब ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं डेरा बस्सी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पंजाब ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मुलाकात कर ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न जिलों के ट्रांसपोर्ट विंग के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे। कमिश्नर ने मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी ने ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रक ऑपरेटरों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने घाटे में चल रहे इस कारोबार को मुनाफे में लाने के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# किसानों ने भाजपा नेता गुरदर्शन सैणी को सौंपा मांग पत्र

## श्री सैणी ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 1 जुलाई।** भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी ने इलाके की विभिन्न जत्थेबंदियों के किसानों के साथ मुलाकात की। इस मौके पर इलाके के किसानों ने उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी दी जिस पर श्री सैणी ने उनका समाधान करवाने का भरोसा दिया।

किसानों ने बताया कि श्री सैणी के हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैणी से अच्छे संबंध हैं। ये सभी किसान हरियाणा सीमा से सटे इलाकों से संबंधित हैं। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि वे अपनी फसल हरियाणा की मंडियों में बेचना चाहते हैं क्योंकि हरियाणा सरकार एमएसपी पर फसलों की खरीद करती है जबकि पंजाब की मंडियों में कट लगाई जाती है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग की कि सीमा से लगे पंजाब के 20 किलोमीटर के किसानों को हरियाणा की मंडियों में फसल बेचने की अनुमति दी जाए।

इसके अलावा किसानों ने रोष जताते हुए बताया कि लालड़ू क्षेत्र के हंडेसरा सर्कल में कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट नहीं है, जिस कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने श्री सैणी के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैणी से हरियाणा रोडवेज की बस हंडेसरा तक चलाने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने बताया कि चंडीगढ़ से चलने वाली सीटीयू की 34 नंबर बस सेवा का रूट लालड़ू तक किया जाए। उन्होंने बताया कि यह रूट अभी तक डेराबस्सी तक ही चलता है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री और सीटीयू के डायरेक्टर से इस रूट को लालड़ू तक बढ़ाने की जोरदार मांग की। किसानों ने कहा कि यह बस ही चंडीगढ़ के सेक्टर 32 अस्पताल और पीजीआई तक जाती है, जिससे इलाके के मरीजों को इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाने वाले छात्रों को भी काफी फायदा होगा।



इस मौके पर श्री गुरदर्शन सैणी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि वे जल्द ही हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैणी से मिलकर उनकी मांगों का समाधान करवाएंगे। इस मौके पर करम सिंह कारकौर प्रधान भारतीय किसान यूनियन राजेवाल, गुरभजन सिंह धर्मगढ़, मेजर सिंह परागपुर, राम सिंह, दिलबाग सिंह, दयाल सिंह समेत अन्य जत्थेबंदियों के नेता और किसान मौजूद थे।

# श्रीमती स्वदेश चोपड़ा जी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 6 जुलाई को मेडिकल कैंप

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओ 1 जुलाई।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंद समाचार ग्रुप के मालिक श्री विजय चोपड़ा जी की धर्मपत्नी एवं संपादक अविनाश चोपड़ा जी की माता स्व. श्रीमती स्वदेश चोपड़ा जी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आशा की किरण एनजीओ एवं लाइन क्लब मिड टाउन के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। लाइन क्लब मिड टाउन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कैंप 6 जुलाई रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लाइन भवन कच्चा किला में लगाया जाएगा। इस मेडिकल कैंप की मुख्य अतिथि हलका विधायक बीबी सरबजीत कौर माणूके होंगी। इस कैंप में नेत्र रोग, महिला रोग, चर्म रोग की निशुल्क जांच की जाएगी तथा निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी। इसके अलावा फिजियोथैरेपी भी निशुल्क की जाएगी। इसमें गुप्ता अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आतिश सिंघला, सतलुज अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. साहिल दुआ, दीप अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. साहिल दुआ और विवान अस्पताल की त्वचा रोग विशेषज्ञ ईशा मित्तल मरीजों की जांच करेंगी।

# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, सब्जी मंडी से आरंभ हुई श्री भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 1 जुलाई।** इस्कॉन फेस्टिवल कमेटी की ओर से मंगलवार को खन्ना के अमलोह रोड पर बनी सब्जी मंडी से भगवान श्री जगन्नाथ की 9वीं रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा लगभग 3 बजे,भगवान श्री जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा माता की भव्य रथ यात्रा हरिनाम संकीर्तन, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ शुरू हुई। इस मौके पर शहर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बन गया।

इस अवसर पर शहर के सभी प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पुलिस व इस्कॉन वालंटियर्स ने मिलकर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को बखूबी संभाला। जगह-जगह प्रसाद और जल वितरण की व्यवस्था की गई थीं।

रथ यात्रा का सब्जी मंडी से शुरू होकर शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए समापन पर सुंदर भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आई कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। अंत में भक्तों को माता प्रसाद वितरित किया गया।

# सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं विभाग : रवीश

उपायुक्त तोरुल रवीश ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 1 जुलाई।** उपायुक्त तोरुल रवीश ने एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग को अपनी अपनी सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को जिला में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय मार्गों तथा संपर्क सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इन स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई की एनएचएआई द्वारा बोर्ड्स तथा संकेतक लगाने के ऑर्डर कर दिए गए हैं शीघ्र ही इस कार्य कोवल अमली जामा पहनाया जाएगा। उपायुक्त ने बिन्दु ढांक जैसी जगह पर रिफ्लेक्टर टेप इत्यादि लगाने के निर्देश दिए ताकि कोई दुर्घटना न हो।

उन्होंने कुल्लू भूंतर मनाली के बीच भी दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स इत्यादि लगाने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने पशुपालन विभाग के माध्यम से सड़क पर आवारा पशुओं की समस्या का समाधान ढूंढने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से स्कूल बसों का भी सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करने के आरटीओ तथा एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बैठकों में बीआरओ तथा एसडीएम की भागीदारी सुनिश्चित करवाएं।

उपायुक्त ने पुलिस विभाग तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान उठाने के लिए मिलने वाले फंड को इसमें सदुपयोग करने के निर्देश दिए तथा अपना सड़क सुरक्षा प्लान भेजने को कहा।

उन्होंने कहा कि 'आईराड' ऑनलाइन पोर्टल पर समय-समय पर आवश्यक जानकारी का अद्यतन करते रहें। उन्होंने पुलिस राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना के स्थल पर संयुक्त रूप से रूप से जाकर निरीक्षण करने तथा संयुक्त रिपोर्ट बनाकर भेजने के भी निर्देश दिए ताकि दुर्घटनाओं के कारण की सही जानकारी लेकर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जा सके।

इस बैठक का संचालन सदस्य सचिव कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण बीएस नेगी ने किया बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भण्डारी, डीएसपी राजेश, डॉ सहित, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पर्यटन सीजन के दौरान सभी मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए

उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान सभी मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में वाहनों में ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और प्रेशर हॉर्न पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा एसडीएम और आरटीओ को ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के अन्य दस्तावेजों का भी समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए। उपायुक्त ने सभी उपमंडलों में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैलियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। इस अभियान में रेडक्रॉस सोसायटी, स्कूली बच्चे, एनसीसी, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों का सहयोग लेने को कहा।

---

लाहौल-स्पीति में उपायुक्त किरण भड़ाना की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग/कुल्लू 1 जुलाई।** उपायुक्त लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जिला स्तर पर रिव्यू मीटिंग की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिला वासियों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी समाधान सुनिश्चित बनाना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों में प्रगति जारी की गई राशी की उपयोगिता के बारे जानकारी प्राप्त की इस योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को केलांग से आगे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने के लिए कहा और शौचालयों के संचालन के लिए सुलभ इंटरनैशनल के साथ एमओयू करने के लिए निर्देश दिए। अटल टनल के उत्तरी छोर पर व्यवसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने बारे भी चर्चा की गई।

उन्होंने उद्योग विभाग से जिला में स्फूर्ती योजना के तहत जिला के किसी एक क्षेत्र का कलस्टर बनाकर इच्छुक और मेहनती महिलाओं को सहायता पंहुचाना सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि अन्य क्षेत्र के लोग उनसे प्रेरित होकर कलस्टर बनाकर इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि जिला मे दो मक डम्पिंग साइट का चयन कर लिया गया है और इस दिशा में अन्य कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बैठक में हिम उर्जा विभाग व विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के बारे में आमजनता को जागरूक करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इसके अतिरिक्त बैठक में तीरंदाजी प्रतियोगिताओं, ईको पर्यटन पार्कों और स्थलों को विकसित करना, त्रिलोकीनाथ मंदिर के परिसर का सौंदर्यकरण, जिप लाइन व पैराग्लाइड़िग, एमआरएफ बिल्डिंग, बसों के संचालन, सामाजिक सुरक्षा पैंशन वितरण, कृषि सहित अन्य विभिन्न मुद्दों बारे भी चर्चा की गई और उपायुक्त द्वारा अवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

बैठक में एसडीएम केलांग अकांक्षा शर्मा, एसडीएम अलीशा चौहान, वन मण्डल अधिकारी अनिकेत वानवे, उप पुलिस अधीक्षक रश्मी शर्मा, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर, प्रबंधक उद्योग राजेश शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी डा. विवेक गुलेरिया सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# अगर आज प्रदेश में चुनाव हो जाए तो कांग्रेस पार्टी 8 सीटें भी जीत नहीं पाएगी : अनुराग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 1 जुलाई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर बिंदल की नियुक्ति से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले समय में अगर हिमाचल प्रदेश में चुनाव हो जाएगा तो कांग्रेस पार्टी को 68 में से 8 सीटें भी नहीं प्राप्त होंगी और हिमाचल में जोरदार तरीके से कमल खिलेगा। हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में गांव-गांव में जनता कांग्रेस पार्टी से परेशान है और यह आवाज पूरे हिमाचल प्रदेश से आ रही है, कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह चरम पर है, कैबिनेट में लड़ाई हो जाती है, मंत्री आते नहीं है, पार्टी में केवल अध्यक्ष है और कोई पदाधिकारी एवं मंडल नहीं है और इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी एक लक्ष्य की ओर एकजुटता के साथ आगे बढ़ रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह कैमरा चुकी है हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ शिमला जिले में एक साइट निरीक्षण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी पर शारीरिक हमला करने के आरोपों के बाद एफआईआर दर्ज की गई है। एनएचएआई के प्रबंधक (तकनीकी) अचल जिंदल की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है, जिन्होंने मंत्री पर 30 जून को भट्ठाकुफर क्षेत्र में एक पांच मंजिला इमारत के ढहने के बाद साइट विजिट के दौरान मारपीट और मौखिक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। अगर मंत्री ही ऐसा कर रहे हैं तो सरकार क्या कर रही होगी।

### कांग्रेस पार्टी से पूछो कि 9 महीने से उनके पास केवल एक ही अध्यक्ष है ना पदाधिकारी ना मंडल : जयराम

भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हम उसे विचारधारा वाली पार्टी से आते हैं जिस विचारधारा ने देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर दिखाया है। एक दौर वह भी था कि भाजपा का कार्यकर्ता सोचता था कि हम कभी सत्ता में आएंगे पर आज देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर मिला है जो देश के तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बने हैं।

---

# 3 से जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन करेगी 'आप'

5 जिलों में होगा संवाद, बूथ एवं पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर दिया जाएगा बल : रविंद्र मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 1 जुलाई।** आम आदमी पार्टी नेता व हरोली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट रविंद्र मान ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा और सह-प्रभारी विजय फुलारा सात दिवसीय जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य पार्टी संगठन के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में संवाद स्थापित करना एवं बूथ एवं पंचायत स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा की आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में संगठन और पार्टी जिला वार कार्यक्रम 3 जुलाई से कर रही है जिसमे सबसे पहले मंडी जिला से शुरुआत की जा रही है व 4 जुलाई को कुल्लू जिला 5 व जुलाई को कांगड़ा जिला, 7 जुलाई को चंबा जिला, 8 जुलाई को हमीरपुर जिला प्रस्तावित है। उन्होंने कहा की जल्द हरोली विधानसभा में भी कार्यकर्ताओ के साथ संवाद किया जायेगा व पार्टी की नीतियों को हरोली विधानसभा के हर बूथ तक पहुँचाया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लुधियाना व गुजरात में उप चुनाव में हुई जीत की बधाई भी दी. रविन्द्र मान ने कहा की पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही प्रदेश के होनहार युवाओं से आम आदमी पार्टी ने आह्वान किया है कि प्रदेश की बेहतरी के लिए युवा आम आदमी पार्टी से जुड़े. उन्होंने कहा की जिस प्रकार प्रदेश कर्जे में डूबता जा रहा है उससे प्रदेश को केवल एक वैकल्पिक राजनीति ही उभार सकती है। उन्होंने बताया की जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दौरान जिलों में दौरे के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के 22 नेताओं की केंद्रीय टीम तैयार की गई है जो प्रभारी और सह प्रभारी के साथ दौरे में साथ रहेंगे।

---

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी के दरबार में नवाया शीश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 1 जुलाई।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज श्रद्धा और भक्ति भाव से माँ चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की। वे धर्मशाला में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) भारत क्षेत्र ज़ोन-2 के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऊना से धर्मशाला जा रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने माँ चिंतपूर्णी से प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली, जनता की सेवा के लिए संकल्पबद्ध भाव, तथा प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा की प्रार्थना की।

---

# राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 तक सौंपें आवेदन : सोमलाल धीमान

**ऊना, 1 जुलाई (अप्रस)।** राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए 15 जुलाई तक आवेदन सौंपे जा सकते हैं। इसे लेकर आवेदन प्रारुप और आवश्यक शर्तों को उप निदेशक कार्यालय ऊना की वेबसाइट www.ddeeuna.in से डाउनलोड किए जा सकता है। प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ऊना के उप निदेशक सोम लाल धीमान ने सभी प्रधानाचार्यों, मुख्याध्यापकों, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त केंद्र मुख्याध्यापकों को यह सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं कि इच्छुक आवेदक निर्धारित समयावधि के भीतर अपना आवेदन उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ऊना के कार्यालय में जमा करवाएं। इसके अतिरिक्त उपनिदेशक ने समस्त सरकारी और निजी पाठशालाओं को स्कूल लगने से पहले विद्यालय परिसर, कमरों और पीने के पानी की टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही उन्होंने मिड-डे मील रसोईघर, बर्तन और राशन संबंधित वस्तुओं की विशेष सफाई सुनिश्चित बनाएं।

---

# इनरव्हील क्लब सोलन ने मनाया डॉक्टर्स डे




अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 1 जुलाई।** सोलन के चंबाघाट स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में मंगलवार को इनरव्हील क्लब सोलन ने डॉक्टर्स डे मनाया। इस अवसर पर डॉ. पूनम शर्मा और डॉ. विनय बत्रा ने केक काटा और इस दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही डक्टर को उपहार भी दिए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ने डाक्टरों की सेवा, समर्पण की मुक्तकंठ प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक मानव जीवन की रक्षा के लिए अपने जीवन को दांव पर लगा देते हैं। इस अवसर पर इनव्हील क्लब सोलन की प्रधान चारवी, कुमुद ठाकुर, नमिता गंभीर, सुमन कंवर, रीना बाली, शीला कौशल व अन्य मौजूद रहीं। क्लब सोलन ने सभी डॉक्टरों को सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया।

---

# पार्वती प्रोजेक्ट को बुलंदियों तक पहुंचने वाले निर्मल सिंह सेवानिवृत्त

एनएचपीसी में 33 वर्ष की बतौर ऑफिसर की नौकरी

एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/थरमाणी



**कुल्लू, 1 जुलाई।** ऊर्जा सेक्टर की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी ने सोमवार को एक सीनियर अधिकारी निर्मल सिंह को 33 वर्षो बाद सेवानिवृत्ति प्रदान की है। कार्यपालक निदेशक एवं पार्वती परियोजना के प्रमुख रहे निर्मल सिंह पिछले तीन दशकों से एनएचपीसी में विभिन्न पदों पर कार्यरत है। विशेष कर पार्वती हाइड्रो प्रोजेक्ट में अपनी छाप छोड़ने वाले अनुभवी व्यक्तित्व निर्मल सिंह को ऊर्जा कंपनी ने सोमवार देर शाम को विदाई दी। निर्मल सिंह ने 1991 से एनएचपीसी में अपनी नौकरी शुरू की तथा अब एनएचपीसी से सेवानिवृत्ति मिली है। इस मौके पर एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।। उक्त रिटायर्ड अधिकारी ने पिछले दो दशकों से लटक रहे पार्वती प्रोजेक्ट को बुलंदियों तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है लिहाजा एनएचपीसी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया जिसमें एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विभिन्न लोगों ने भाग लिया। अपनी सेवानिवृत्ति के मौके पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी निर्मल सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने देश के कई पावर प्रोजेक्ट्स में अपनी सेवाएं दी है। निर्मल सिंह ?ने पार्वती प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य में गति लाने के लिए दिन रात एक किया तथा बर्फीली पहाड़ियों में इंजीनियरिंग का नया फॉर्मूला तैयार कर एशिया की सबसे लंबी 32 किलोमीटर टनल को मुकाम पर पहुंचाने में अथक प्रयास किए। चमेरा,धौली गंगा, टनकपुर, दुगर, पार्वती प्रोजेक्ट के अलावा जम्मू कश्मीर के दुलहस्ती पावर प्रोजेक्ट में कठिन परिस्थितियों में नौकरी की है। रिटायरमेंट पार्टी के अवसर पर एनएचपीसी की प्रशासनिक अधिकारी डॉली सिंह ने बताया कि कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने एक मेहनती एवं संघर्षशील अधिकारी है तथा उन्होंने देश के विभिन्न पावर प्रोजेक्ट्स में अथक मेहनत की है। एनएचपीसी के तमाम कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने निर्मल सिंह को बधाई देकर सम्मानित किया। बहरहाल एशिया की महत्वाकांक्षी पार्वती परियोजना को बुलंदियों तक पहुंचने वाले सीनियर अधिकारी निर्मल सिंह को एनएचपीसी ने सेवानिवृत्ति प्रदान की है।

---

# जेएनवी में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

11 अप्रैल, 2026 को प्रातः 11.30 बजे से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी परीक्षाएं

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 1 जुलाई।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार, ज़िला सोलन में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 11 अप्रैल, 2026 को आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी 29 जुलाई, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव ने दी।

परीक्षा 11 अप्रैल, 2026 को प्रातः 11.30 बजे से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इस चयन परीक्षा से सम्बन्धित आवेदन, दिशा-निर्देश और शर्तों की जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट http://navodaya.gov.in एवं https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ज़िला सोलन के किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में कक्षा पांचवी में पढ़ाई कर रहे छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र या अभिभावक को ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई आती है तो वह विद्यालय परिसर के हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के कार्यालय सम्पर्क नम्बर 01796-262370, मोबाईल नम्बर 75893-91904 या 88946-95397 पर सम्पर्क कर सकते है।

---

# उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने छात्राओं को दी करियर व जीवन मूल्यों की प्रेरणा

एनसीसी यूनिट की शुरुआत से नई उम्मीदें

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 1 जुलाई।** उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्रा), सुल्तानपुर का दौरा किया। 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिये है। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

उपायुक्त ने इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं, अध्यापकों और स्कूल प्रशासन के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि छात्रों में आत्मविकास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास भी आवश्यक है।

उपायुक्त ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) यूनिट की मांग की थी, जिसे पूरा करते हुए आज से विद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में विद्यालय की 12 छात्राओं को एनसीसी में शामिल किया जा रहा है, जबकि अगले वर्ष 13 और छात्राओं को इसमें जोड़ा जाएगा। उन्होंने इसे छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना तंवर, एसएमसी अध्यक्ष यतिन शर्मा, उपाध्यक्ष रूप चंद, सदस्य कविता नेगी, एनसीसी के अधिकारी, अध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



### पढ़ने की आदत, रीडिंग क्लब और व्यक्तित्व निर्माण पर बल

उपायुक्त ने छात्राओं से पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने स्कूल में रीडिंग क्लब बनाने का सुझाव दिया और कहा कि इस क्लब में प्रथम चरण में 20 छात्राओं के साथ वे एक महीने बाद पढ़ी गई किताब ईआर ब्रेथवेट द्वारा लिखी गई आत्मकथात्मक उपन्यास 'टू सर, विथ लव' पर चर्चा भी करेंगी। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से डायरी लिखने की सलाह दी, जिससे वे आत्मचिंतन और विचारों को अभिव्यक्त करना सीख सकें। साथ ही, उन्होंने प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने, विशेषकर संपादकीय पृष्ठ पर ध्यान देने की बात कही, ताकि वे सम-सामयिक मुद्दों की जानकारी और विश्लेषणात्मक सोच विकसित कर सकें।

### करियर मार्गदर्शन व सिविल सेवा की तैयारी की जानकारी

छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सिविल सेवा परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा की रणनीति, पाठ्यक्रम, समय प्रबंधन, और अनुशासन की महत्ता को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और कठोर मेहनत से किसी भी मंज़िल को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की छात्राएं भविष्य की नीति निर्माता, प्रशासक और नेतृत्वकर्ता बन सकती हैं, बशर्ते वे समर्पित रहकर पढ़ाई करें और अपनी प्रतिभा को सही दिशा में आगे बढ़ाएं।

### नशा मुक्ति व सामाजिक जिम्मेदारी पर बल

उपायुक्त ने छात्राओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी और उनसे यह संकल्प लेने को कहा कि वे न केवल स्वयं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी नशा मुक्त बनाने में योगदान दें। उन्होंने इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया।

### शिक्षकों से छात्राओं की प्रतिभा पहचानने का आग्रह

उपायुक्त ने विद्यालय के शिक्षकों से अपील की कि वे प्रत्येक छात्रा की प्रतिभा की पहचान कर उसका मार्गदर्शन करें, ताकि वह अपने जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माता होते हैं और उनके प्रयासों से ही विद्यार्थी अपने जीवन में उच्च मुकाम प्राप्त कर सकते हैं।

### एनसीसी और रक्षा सेवाओं में करियर की जानकारी

इस अवसर पर वन-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी , विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने भी छात्राओं को एनसीसी की गतिविधियों, उसके लाभ, और इससे वायु, थल और जल सेना में करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एनसीसी के माध्यम से मिलने वाले प्रशिक्षण, स्कॉलरशिप्स, और सेवाओं में सीधे प्रवेश की प्रक्रियाओं को भी सरल भाषा में समझाया।

# निशुल्क बस सेवा की जानकारी न देने पर स्कूल मुखियाओं को नोटिस

एमआईएस पोर्टल पर दो से तीन महीने की देरी से भेजी जा रही है सूचनाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** प्रदेश के राजकीय स्कूलों के लिए शुरू की गई निशुल्क बस सेवा का डाटा एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर स्कूल मुखियाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सेकेंडरी शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताते हुए मंगलवार को एक पत्र जारी करके जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है कि उन स्कूल मुखियाओं व ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के नाम भिजवाए जाएं, जोकि एमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने में लापरवाही बरते हैं, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, वर्ष 2024 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विद्यार्थियों के लिए निशुल्क बस सेवा की शुरुआत की थी, निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना से वे विद्यार्थी लाभवांतित हुए जिनकी स्कूल की दूर एक किलोमीटर या इससे ज्यादा है।

प्रदेश के चिह्नित ब्लाकों में विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चलाई जा रही है।

इस योजना के अंतर्गत स्कूलों द्वारा की गई बजट मांग प्रति माह सीधे स्कूल के खातों में में जमा कराई जाती है, जिसका लाभ योजना के तहत आने वाले कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को मिलता है। विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना तहत बिल नियत अवधि में एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने होते हैं, जोकि हर महीने की 15 तारीख निश्चित की हुई है।

विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के बिलों का एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने में देरी को लेकर शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से जवाब तलब किया। निदेशालय द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी विद्यालय मुखियाओं व ट्रांसपोर्ट अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्थिति स्पष्ट करें कि निश्चित समयावधि के भीतर एमआईएस पोर्टल पर बिल अपलोड क्यों नहीं किए जा रहे हैं।

मगर विद्यालय प्राचार्य और मुखियाओं को निदेशालय की ओर से बार-बार संपर्क किए जाने के बावजूद भी स्कूल के बिल अपलोड नहीं किए जा रहा हैं। अप्रैल के बिल ईमेल या पत्राचार के माध्यम से 2 से 3 माह देरी से भेजे जा रहे हैं और इससे संबंधित सीएम विंडो पर भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं। निदेशालय द्वारा स्कूल मुखिया व ट्रांसपोर्ट अधिकारी को हिदायत दी गई है कि वाहन मालिक के द्वारा दिए बिल स्कूल एसएमसी से सत्यापित करवाकर ही एमआईएस पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। बिल में वाहन नंबर, रूट नंबर और छात्रों की संख्या स्पष्ट तौर पर अंकित होनी चाहिए।

## लायंस क्लब कैथल सेंट्रल ने मनाया चार्टर्ड अकाउंटेट एवं डाक्टर्ज-डे

**कैथल (अप्रस)।** लायंस क्लब कैथल सेंट्रल द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेट दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेट्स को कार्यक्रम के चेयरमैन लायन राजीव अरोड़ा तथा अन्य लायन साथियों द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात रेडक्रॉस भवन कैथल में वन महोत्सव दिवस मनाया गया। उपायुक्त द्वारा क्लब के सभी सदस्यों संग पौधारोपण किया गया। विशिष्ट अतिथि केउ रूप में रेडक्रास के पूर्व राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने भी पौधारोपण किया। उपायुक्त प्रीति को क्लब के प्रधान लायन प्रवेश बंसल द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद क्लब ने चिकित्सक दिवस भी मनाया। नगर के युवा चिकित्सकों को सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया गया। दोनों कार्यक्रम लायन दीपक ग्रोवर ने अपने सभी लायन मेंबर्स के सहयोग से मनाए। इस मौके पर लायन मोहन लाल गुप्ता, विनोद चोपड़ा, अशोक गुलाटी, सुदीप मालिक, करनैल सिंह, पुनीत शर्मा, नरेश बत्रा, मोहन लाल गुप्ता, राजेंद्र कुमार, अनिल आहूजा, अनिल, अजय दुआ, डॉ विनय गंभीर, कृष्ण मिगलानी मौजूद रहे।

# जरूरतमंद नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : डीसी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 1 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद ने सोमवार की सायं जिला के गांव फतेहपुर बिलोच में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। डीसी विक्रम सिंह व पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। इस दौरान गांव की सरपंच सुमन त्यागी मौजूद रहीं।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत आज पूरा प्रशासन स्वयं आपके द्वार आपकी समस्याएं सुनकर उनका निपटान करने के लिए यहाँ मौजूद है।

ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा।

डीसी ने ग्रामीणों द्वारा प्रशासन के समक्ष रखी गयी आधार, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी में सुधार से संबंधी, जोहड़ के पुनर्जीवन तथ अतिक्रमण हटाने संबंधी शिकायतों के बारे में मौजूद अधिकारीयों को निर्देश देते हुए गाँवों में विशेष कैंप लगाकर आधार कार्ड, पीपीपी, आधार, आईडी में सुधार जैसी समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा।

इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा डीसी के समक्ष रखी गयी गाँव के जोहड़ के पुनर्जीवन की मांग को लेकर उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों की इस मुख्य मांग को स्वीकार करते हुए प्रशासन गाँव के जोहड़ का पुनर्जीवन कार्य सीएसआर के तहत जेसीबी कंपनी से करवाने का निर्णय लिया गया है और जोहड़ के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें। गांव के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 33 सालों की सेवा के बाद रिटायर हुए संजय जैन

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजय जैन को 33 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति व कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी संस्थान में वर्षों तक कार्य करने के बाद जब सेवानिवृत होने का अवसर आता है तो हम सबके लिए यह मार्मिक पल होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक किसी भी देश का राष्ट्र निर्माता होता है। हमें सेवानिवृत होने के पश्चात भी अपने दायित्वों का पालन करते रहना चाहिए। हमें हिंदी भाषा के विकास के लिए अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वाह करना चाहिए, ताकि हमारा भारत हिंदी के वैश्विक विकास में अग्रणी भूमिका निभा सके। अपने विदाई संदेश में डॉ. संजय जैन ने कहा कि शिक्षण और साहित्य उनके जीवन के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे साहित्य सृजन में सक्रिय रहेंगे और नवोदित रचनाकारों के मार्गदर्शन हेतु हमेशा तत्पर रहेंगे। समारोह के अंत में अपने विदाई वक्तव्य में डॉ. संजय जैन ने कहा कि वे शिक्षण और लेखन को जीवन भर जारी रखेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि साहित्यिक सृजन के लिए वे सदा समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री संजय शर्मा, डॉ. सुलोचना, डॉ. मीनाक्षी डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. जितेंद्र चैहान, डॉ. सुनील, डॉ. आशीष, डॉ. रितु व डॉ. संजय गुप्ता ने डॉ. संजय जैन को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### पिंटू नायक बने बंजारा समाज के प्रदेशाध्यक्ष

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** गांव नेवल के पूर्व सरपंच पिंटू नायक को बंजारा सभा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। नेवल के ऑरेंज पैलेस में बंजारा समाज के प्रमुख लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बहुमत के आधार पर पिंटू नायक को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। समाज की बैठक में सोनीपत पानीपत करनाल यमुनानगर कुरुक्षेत्र अंबाला पंचकूला सहित हरियाणा भर के प्रमुख लोगों ने शिरकत की। पिंटू नायक के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें समाज की पगड़ी पहनाई गई और फूल मालाएं पहनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने सबसे पहले गांव के दादा खेड़ा पर माथा टेका और समाज के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पिंटू नायक ने कहा समाज के लोगों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष की जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी और मेहनत के साथ पूरी करेंगे। समाज के लोगों के साथ-साथ 36 बिरादरी के भाईचारे को बनाने का काम किया जाएगा। समाज के गरीब लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए और समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा ताकि समाज के बच्चे भी नौकरियों में अपना हिस्सा प्राप्त कर सकें। उनके समाज की जो भी बुराइयां हैं उन्हें भी समाज के साथ मिलकर दूर करेंगे। उन्होंने कहा की आने वाले दिनों में प्रदेश की कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा जिसमें समाज को आगे बढ़ाने वाले लोगों को मौका दिया जाएगा। बता दें कि पिंटू नायक के प्रदेश अध्यक्ष बनने से समाज के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने उम्मीद जताई कि पिंटू नायक समाज को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

### हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने मानेसर में किया राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का निरीक्षण

# प्रतिनिधियों को मिले हरियाणा की संस्कृति और प्रबंधन का बेहतर अनुभव : हरविंद्र कल्याण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरुग्राम, 1 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को मानेसर स्थित आईसीएटी परिसर का दौरा कर 3 और 4 जुलाई को आयोजित होने जा रहे देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों का जायज़ा लिया।

श्री कल्याण ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर पार्किंग, भोजन प्रबंधन, ट्रैफिक संचालन, आगमन व निकास मार्गों, बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम संचालन, लिफ्ट की क्षमता व परीक्षण जैसे सभी पहलुओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने हर प्रबंध की स्थिति पर अधिकारियों से अलग-अलग जानकारी ली और समयबद्ध व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन की मेजबानी करने का अवसर हमें मिला है। ऐसे में स्टेट इवेंट के रूप में हरियाणा इस सम्मेलन को प्रभावी रूप से सफल बनाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश भर के विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधियों को हरियाणवी संस्कृति से भी रूबरू कराया जाएगा और हरियाणवी संस्कृति के साथ अतिथिगण का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतिनिधियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जा चुकी हैं। अतिथियों को उनके ठहराव स्थलों से आयोजन स्थल तक आने-जाने की सुविधा के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई हैं। प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों का हरियाणवी परंपरा के अनुरूप स्वागत किया जाएगा और आयोजन स्थल पर उन्हें आवश्यक जानकारी देने हेतु हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से हरियाणा को देशभर से आए प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी प्रशासनिक दक्षता, सांस्कृतिक पहचान और उत्कृष्ट नगर प्रबंधन का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान श्री कल्याण ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रतिनिधि या आगंतुक किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव न करे, इसके लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की दोबारा पुष्टि करें।

डीसी अजय कुमार ने बताया कि आयोजन से जुड़ी सभी प्रमुख तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और शेष तकनीकी व्यवस्थाएं भी समय पर पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शहरी विकास की योजनाओं व नवाचारों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो हरियाणा की उपलब्धियों को दर्शाएगी। समापन समारोह 4 जुलाई को आयोजित होगा।

इस अवसर पर सीपी विकास अरोड़ा, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया, नगर निगम मानेसर के आयुक्त आयुष सिन्हा, डीसीपी डॉ. अर्पित जैन, एडीसी व नोडल अधिकारी वत्सल वशिष्ठ, सीटीएम रविंद्र कुमार, गुरुग्राम एसडीएम परमजीत चहल, बादशाहपुर एसडीएम संजीव सिंगला, मानेसर एसडीएम दर्शन यादव, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रविंद्र यादव और जितेंद्र कुमार, एएलसी कुशल कटारिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन की राशि में की बढ़ोतरी

अब पिछड़ा वर्ग परिवार को बतौर शगुन मिलेंगे 51000 रूपए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा सरकार ने गरीब और ज़रूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41,000 रुपये थी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

**ये होंगे लाभार्थी:** एक सरकारी प्रवक्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत – गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह हेतु, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी हेतु और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो - को भी अब 51,000 रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी।

**इन लाभार्थियों को पहले से मिल रहा समर्थन:** इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51,000 रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51,000 रुपये की सहायता राशि मिलती है।

**आवेदन प्रक्रिया सरल और ऑनलाइन:** प्रवक्ता ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक shadi.edisha.gov.in पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जीएसटी भारत के आर्थिक एकीकरण और विकास में हुआ गेम-चेंजर साबित

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** फरीदाबाद में आज 1 जुलाई को आबकारी एवं कराधान विभाग सेक्टर 12 के सभागार कक्ष में आठवाँ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दिवस मनाया। यह दिन भारत के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 'एक राष्ट्र, एक बाजार, एक कर' के दृष्टिकोण को साकार करने में जीएसटी की परिवर्तनकारी यात्रा का प्रतीक है। इस अवसर पर भारत सरकार से असिस्टेंट कमिश्नर(सी.जी.एस.टी) अरविंदर सिंह ने कहा, जीएसटी भारत के आर्थिक एकीकरण और विकास में एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। पिछले आठ वर्षों में, हमने इसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है, जिससे कर प्रणाली को सरल बनाने और व्यापार के लिए एक अनुकूल माहौल बनाने में मदद मिली है। हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक वृद्धि और कुशल कर प्रबंधन का प्रमाण है। हम सभी हितधारकों को इस यात्रा में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं और एक अधिक कुशल और पारदर्शी कर प्रणाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी दिवस हमें इस दूरदर्शी सुधार को सफल बनाने में सभी हितधारकों ङ्क केंद्र और राज्य सरकारों, करदाताओं, व्यापार और उद्योग के अथक प्रयासों को पहचानने और उनकी सराहना करने का अवसर प्रदान करता है। जॉइंट कमिश्नर(अपील) दीपिका चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए सभी शीर्षों (एसजीएसटी+सीजीएसटी+आईजीएसटी+सेस) के अंतर्गत कुल प्रति व्यक्ति संग्रह ? 47,082.89 के आधार पर हरियाणा राज्य को प्रमुख राज्यों में प्रथम स्थान तथा समग्र रूप से चौथा स्थान (दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, सिक्किम और गोवा के बाद) दिया गया है। जीएसटी की सफलता में हरियाणा राज्य का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा है। हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और देश के शीर्ष राज्यों में से एक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, हरियाणा का कुल सकल जीएसटी संग्रह 1,19,362 करोड़ रुपये रहा, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 16त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह सभी राज्यों में सबसे अधिक वृद्धि दर है, जो राष्ट्रीय औसत 10त्न से कहीं अधिक है। राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन- मार्च 2025 में हरियाणा का कुल सकल जीएसटी संग्रह 10,648 करोड़ रुपये था, जो मार्च 2024 की तुलना में 12त्न की वृद्धि दर्शाता है। जबकि राष्ट्रीय औसत वृद्धि दर 8.79त्न थी, हरियाणा प्रमुख राज्यों में वृद्धि प्रतिशत में छठे स्थान पर रहा। सुविधाएं और समर्थन- राज्य सरकार ने व्यापारियों और करदाताओं की सुविधा के लिए कई पहल की हैं, जैसे रेवाड़ी में कर-भवन का निर्माण और सभी 27 जीएसटी कार्यालयों में जीएसटी सुविधा केंद्र शुरू करना। गुरुग्राम में स्टार्टअप जीएसटी सुविधा प्रकोष्ठ और पंचकूला में एमएसएमई जीएसटी प्रकोष्ठ भी शुरू किए गए हैं, जो व्यवसायों को जीएसटी अनुपालन में सहायता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर(अपील) दीपिका चौधरी ने विभिन उद्योगों से आये प्रतिनिधियों को जीएसटी में सराहनीय काम करने पर सम्मानित भी किया।

# एमसी चंडीगढ़ ने सेक्टर 22 में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आज सेक्टर 22 में एक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान बाहरी मोबाइल मार्केट, शास्त्री मार्केट (22डी) और किरण सिनेमा के पास के क्षेत्र पर केंद्रित रहा।

नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस के निर्देशों का पालन करते हुए, प्रवर्तन दल ने अभियान चलाया और अभियान के दौरान उल्लंघन करने वालों के 52 चालान जारी किए। पैदल यात्रियों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक गलियारों पर कब्जा करने वाले अवैध विक्रेताओं को हटाया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को पुनः प्राप्त करना और बाजार क्षेत्रों में व्यवस्था बनाए रखना था।

नगर निगम ने सार्वजनिक क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त रखने और निवासियों और आगंतुकों के लिए बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अवैध अतिक्रमण को हतोत्साहित करने के लिए आने वाले हफ्तों में पूरे शहर में इसी तरह के अभियान जारी रहेंगे।

एमसी सभी विक्रेताओं और दुकानदारों से सहयोग करने और नागरिक मानदंडों का पालन करने की अपील करता है।

### केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आयोजित

# 59 एजेंडों पर हुई चर्चा, जनकल्याणकारी योजनाओं पर गहन समीक्षा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद, 1 जुलाई।** जिला फरीदाबाद में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन लघु सचिवालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुल 59 एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें योजनाओं के बजट व्यय, लाभार्थियों तक पहुंच, जमीनी प्रभाव और पारदर्शिता को प्रमुखता से लिया गया।

मानसून को देखते हुए जलभराव से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडइयर जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव और सीवर की समस्या के स्थायी समाधान हेतु एफएमडीए को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रमुख ड्रेनेज पॉइंट्स, नालों की समयबद्ध सफाई, पंपिंग व्यवस्था और जल निकासी तंत्र की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को कोई असुविधा न हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हाल ही में बनी सड़कों की गुणवत्ता की जांच हेतु वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और सैम्पलिंग करवाई जाए।

बैठक में विकास से संबंधित अनेक विषयों पर भी चर्चा हुई। मेवला महाराजपुर, नवादा और भांकरी जैसे गांवों का सौंदर्यकरण किया जाएगा, वहीं भांकरी सहित अन्य गांवों में निर्मित अमृत सरोवरों को संरक्षण और प्रबंधन हेतु पोंड अथॉरिटी को सौंपा जाएगा। एनआईटी क्षेत्र में आगामी जून 2026 तक पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बूस्टर स्टेशनों में वृद्धि की योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। तिगांव क्षेत्र में मंझावली पुल का कार्य हरियाणा की ओर से लगभग 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि उत्तर प्रदेश की ओर प्रक्रिया आरंभ हो गई है, जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है तथा उत्तर प्रदेश सराकर ने इस परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए आश्वाशन दिया है। जिससे इस परियोजना के जल्द पूरे होने की संभावना है।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बड़खल झील का जीर्णोद्धार कार्य जारी है जोकि सितंबर माह तक पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके पश्चात इसे आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी ठोस पहल की गई है, जिसके तहत जिले की 100 ग्राम पंचायतों में प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी की स्थापना की जाएगी। ग्रेटर फरीदाबाद में टाउन पार्क, केन्द्रीय विद्यालय और ऑल वेदर स्विमिंग पूल जैसी प्रस्तावित अधोसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी कई निर्णय लिए गए। अटल बिहारी वाजपेयी हॉस्पिटल में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना को तथा बीके सिविल हॉस्पिटल परिसर में 200 बेड की अतिरिक्त क्षमता वाले अस्पताल की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। शहर में बिजली आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिजली की तारों को भूमिगत किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसके लिए निविदाएं लग चुकी हैं, जिन्हें हाई पॉवर परचेज कमिटी में स्वीकृति हेतु रखा जाएगा।




# करोड़ों रुपए की लागत से बने बस स्टैंड की हालत खस्ता, टूट रही बिल्डिंग नहीं हो रही रिपेयर

बस स्टैंड के पास नही दमकल विभाग की एनओसी

यदि हुआ कोई बड़ा हादसा ,जिम्मेदार होगा कौन?

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** शहर की बेहतरी के लिए पारस डाउन टाउन के समाने 2014 में पांच करोड़ की लागत से एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया गया था, जो सफेद हाथी बन चूका है। मौजूदा समय की बात करें तो बस स्टैंड की बिल्डिंग की हालात खस्ता हो चुकी है। बिल्डिंग की छत पर झाड इस तरह उगे हुए हैं जैसे किसी जंगल में पैदा हुई हो।

बस स्टैंड को लगे दरवाजे खिड़कियां भी टूट चुकी है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है के बस स्टैंड के पास दमकल विभाग की एनओसी भी नही है। जबकि बस स्टैंड की पहली मंजिल पर एक रैन बसेरा भी बना हुआ है। आग बुझाने के लिए जो यंत्र वहां लगा गए हैं वह भी एकस्पायर हो चुके हैं और वह प्रॉपर काम भी नही कर रहे है। रैन बसेरा का इलावा यहां बस स्टैंड में एक कंटीन और ट्रेफिक पुलिस का दफ्तर भी बना हुआ है। यदि आगजनी जैसी कोई दुर्घटना होती है तो बड़ा नुकसान हो सकता है। हर एक बिल्डिंग को दमकल विभाग से हर वर्ष एनओसी लेना अनिवार्य है। यह सब प्रबंधकों की लापरवाही का नतीजा है।

बता दें के लोगों की सुविधा के लिए बस स्टैंड बनाया गया था। लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नही है। यहां जो शौचालय हैं उसके लोगों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे है। लोगों के लिए बड़ी समस्या यह है के बसें अब बस स्टैंड में आती ही नही है। लोगों को बस पकड़ने के लिए सिंहपुरा चौक, पटियाला चौक, बस स्टैंड के बाहर कालका चौक की लाईटों से बस पकड़नी पड़ती है। इतने पैसे लगाने के बाद भी यह बिल्डिंग इस्तेमाल के लायक नही है और बस स्टैंड कबाड़ बनता जा रहा है। जिस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए।

### बस स्टैंड कम, पार्किंग स्टैंड ज्यादा लगती है बिल्डिंग

मौजूदा समय की बात करें तो यहां अब बसें खड़ी नही होती है, जिस कारण लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर बसें पकड़नी पड़ती है। बस स्टैंड के हालात यह है के यह पार्किंग स्टैंड बन चूका है। बस स्टैंड के एक तरफ प्राइवेट बसें व ट्रक आदि खड़े हैं और दूसरी ओर दो पहिया वाहन स्टैंड बना हुआ है जो खूब चल रहे हैं। इसके इलावा बहुत सारे लोग तो बस स्टैंड में ही अपने वाहन खड़े कर चले जाते है। लोगों की सुविधा जगह यह बस स्टैंड असुविधा पैदा कर रहा है। क्योंकि लोगों का कहना है के अगर यहां बस स्टैंड कामयाब नही है तो यहां कुछ ओर बना दो ताकि इतनी महंगी व अच्छी जगह किसी काम आ सके। लोगों का कहना है के बस स्टैंड को अच्छा बनाया जाए ताकि लोग उसका फायदा उठा सकें।

मैं तो इसे बस स्टैंड मानता ही नही। क्योंकि यहां बस तो कोई आती नही है। यह पुरानी सरकारों ने सफेद हाथी हमारे गले में डाल दिया है। विधयाक कुलजीत सिंह रंधावा से बात करके कोई नई जगह देख कर नया बस स्टैंड बनाने के बारे प्रपोजल जल्द तैयार किया जाएगा, ताकि लोगों को बस स्टैंड का फायदा हो सके।

**–गुरप्रीत सिंह,**
**डायरेक्टर पीआरटीसी पटियाला।**

# चंडीगढ़ को सतत (सस्टेनेबल) बनाने के लिए कार्यशाला कल

## प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़ को लेकर होगा विचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति चंडीगढ़ की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने तथा प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीसी) एक विशेष कार्यशाला आयोजित करने जा रही है। यह कार्यशाला 'इको-चंडीगढ़ः प्लास्टिक-मुक्त भविष्य की ओर' शीर्षक से 3 जुलाई 2025 को पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर 42, चंडीगढ़ के ऑडिटोरियम में सुबह 9:00 बजे से शुरू होगी।

चंडीगढ़, जिसे भारत का पहला योजनाबद्ध शहर माना जाता है, हमेशा सफाई और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा देता आया है। लेकिन बदलती जीवनशैली और शहरी विस्तार के कारण सिंगल यूज प्लास्टिक (एस यू पी) का बढ़ता इस्तेमाल एक बड़ी चिंता बन गया है। वर्ष 2008 से प्लास्टिक कैरी बैग और 2016 से नॉन-वोवन प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध के बावजूद बहुत से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामान अब भी बाजारों में बिक रहे हैं, जिससे जनता की सेहत, पर्यावरण और कचरा प्रबंधन पर बुरा असर पड़ रहा है।

यह कार्यशाला इन चुनौतियों का समग्र रूप से समाधान ढूंढ़ने के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), उद्योगों, स्कूलों, कॉलेजों, मार्केट और मंडी एसोसिएशनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) और नागरिक समूहों को एक ही मंच पर लाया जाएगा ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक के टिकाऊ विकल्पों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और सभी क्षेत्रों में प्लास्टिक पर निर्भरता घटाई जा सके।

इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता लाइव डेमोंस्ट्रेशन और प्रदर्शनी स्टॉल होंगे, जिनमें बायोडीग्रेडेबल (जैव अपघटनीय) बर्तन, कंपोस्टेबल पैकेजिंग, रियूजेबल बैग और अन्य पर्यावरण अनुकूल दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। यह प्रदर्शनी प्रतिभागियों को न केवल जानकारी देगी, बल्कि उन्हें सक्षम भी बनाएगी–ताकि केवल सख्ती पर नहीं, बल्कि सहूलियत और सहयोग पर ध्यान दिया जा सके।

इस सामूहिक पहल से पहले सीपीसीसी ने व्यापारियों, विक्रेताओं, निर्माताओं और नगर निकायों से कई बार विचार-विमर्श किया, ताकि जमीनी हकीकत को समझकर चंडीगढ़ के शहरी परिवेश के अनुरूप समाधान तैयार किए जा सकें। कार्यशाला में विशेषज्ञों के व्याख्यान और इंटरैक्टिव सत्र भी होंगे, जिनमें कानून, प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और व्यवहार में बदलाव के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लागू करना नहीं है, बल्कि पूरे शहर में सतत विकास की संस्कृति विकसित करना है। जब समाज जागरूक, सूचित और बेहतर विकल्पों से सुसज्जित होता है, तब बदलाव न केवल संभव होता है, बल्कि स्थायी भी बनता है।

# गुलैल गैंग का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार, सेक्टर-2 की वारदात में भी शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 1 जुलाई।** पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच-26 को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इलाके में दहशत फैला चुके कुख्यात कच्छा बनियान व गुलैल गैंग के दूसरे आरोपी को भी क्राइम ब्रांच 26 इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह वही गैंग है जिसने 23/24 जून की रात बिटना रोड स्थित एक घर में घुसकर लूटपाट और गुलैल से हमला किया था। रात के अंधेरे में घर में घुसे इन बदमाशों ने पहले चोरी की कोशिश की, लेकिन जब घरवालों ने उनका विरोध किया तो उन्होंने गुलैल के ज़रिए पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे घर के सदस्य घायल हो गए थे। इस दौरान एक आरोपी सुजान सिंह को मौके पर ही दबोच लिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना पिंजौर की टीम मौके पर पहुंची, साथ ही सीन ऑफ क्राइम यूनिट को भी तुरंत घटनास्थल पर बुलाया गया। बाद में जांच क्राइम ब्रांच-26 की टीम को सौंप दी गई थी।

क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर दलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना पिंजौर में बीएनएस की गंभीर धाराओं 305, 307, 324(2), 331(4), 333 के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटनास्थल से गिरफ्तार किए गए पहले आरोपी सुजान पुत्र नाथूराम निवासी गुलगांव, जिला विदिशा (मध्यप्रदेश) को 24 जून को गिरफ़्तार कर अदालत में पेश किया गया और उसे 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था।

**रेवाड़ी से काबू आया चोरः** सुजान सिंह से पूछताछ के दौरान मिले सुरागों के आधार पर क्राइम ब्रांच-26 की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर इस गिरोह के दूसरे सदस्य विशाल उर्फ बऊआ निवासी जिला गुना, मध्यप्रदेश को हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं, पहले आरोपी को रिमांड समाप्त होने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**सेक्टर 2 में हुई वारदात के पीछे यही गिरोहः** डीसीपी क्राइम ने आगे बताया कि इस गैंग का हाथ पंचकूला सेक्टर-2 में हुई एक अन्य चोरी की वारदात में भी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गैंग ने और किन स्थानों पर वारदातों को अंजाम दिया है। रिमांड के दौरान दूसरे आरोपी की निशानदेही पर अन्य साथियों की तलाश और गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी तेज़ी से जारी है।

**गिरोह की कमर तोड़ीः डीसीपी–** डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया यह गैंग इलाके में दहशत का पर्याय बन चुका था, लेकिन हमारी पुलिस टीम ने न केवल तत्परता दिखाई बल्कि प्रोफेशनल अंदाज़ में कार्रवाई करते हुए इस संगठित अपराध गिरोह की कमर तोड़ दी। हम अपराधियों के लिए पंचकूला को असुरक्षित बना देंगे और जनता को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिलाते हैं। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि ऐसे अपराधी सलाखों के पीछे हों। यह सफलता पंचकूला पुलिस की मुस्तैदी, सूझबूझ और प्रभावी रणनीति का नतीजा है, जिसने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अपराध चाहे जितना संगीन हो, अपराधी पुलिस की पकड़ से नहीं बच सकते।

# एचएसवीपी में 68 करोड़ घोटाले का मामला विजिलेंस ने 2 साल बाद दबोचे 3 आरोपी

पंजाब नेशनल बैंक, मनीमाजरा के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर व अन्य बैंक कर्मियो की भूमिका की जांच जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में हुए 68 करोड़ रुपए घोटाले के मामले में हरियाणा विजिलेंस ब्यूरो ने 2 साल बाद 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की ओर से आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहे है। ब्यूरो की तफ्तीश में मनीमाजरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर व अन्य बैंक कर्मियो की भूमिका की जाँच भी की जा रही है।

विजिलेंस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपियों की पहचान आरोपी विजय कुमार, मनोज कुमार सिंगला व सुनील कुमार गर्ग निवासी सनसिटी परिक्रमा, सैक्टर-20 के रूप में हुई। विजिलेंस ने जांच के दौरान आरोपी मनोज कुमार सिंगला के बैंक खाता में लगभग 7 करोड़, आरोपी सुनील कुमार गर्ग के खाता में करीब 5 करोड़ 88 लाख रुपए, आरोपी विजय कुमार के बैंक खाता में करीब 5 करोड़ रुपए पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा के बैंक से कुल 17 करोड़ 88 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। साथ ही इसके अतिरिक्त तीनों आरोपियो की दो कम्पनियों सर्टेन फ्यूचर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड एंड फेब्यूलस फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड के एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा जीरकपुर में करीब 4 करोड़ रुपए ट्रांसफर होना पाया गया है।

**यह है मामलाः** यह मामला वर्ष 2015 में दर्ज किया गया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के उच्च अधिकारियों की अनुमति के बिना साजिश के तहत विभाग का बैंक खाता पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में खोला गया। वर्ष 2015 से वर्ष 2019 तक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला में वारिष्ठ लेखा अधिकारी रहते सुनील बंसल द्वारा एल.ए.ओ. कार्यालय गुरूग्राम के बैंक खाता से 22 करोड़ रुपए व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के खाता से 46 करोड़ रुपए कुल करीब 68 करोड़ रुपए सरकारी राशि को पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा बैंक खाता में अवैध तौर पर ट्रांसफर किया गया। यह राशि आगे प्राइवेट व्यक्तियों के खातो में ट्रांसफर करके उपरोक्त सरकारी राशी का गबन किया। ब्यूरो के मुताबिक सुनील बंसल द्वारा अपनी सेवानिवृत से एक दिन पहले यानी 27 फरवरी 2019 को उपरोक्त खाता को बंद करवा दिया गया। जब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जांच में यह घोटाला सामने आया एमटैब इस संबंध में 7 मार्च 2023 को धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी. भारतीय दण्ड संहिता थाना, सेक्टर–7, पंचकूला में दर्ज किया गया। इसके बाद इस मामले को जांच नवम्बर, 2023 में ए.सी.बी. पंचकूला को ट्रांसफर की गई।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)